जाना उचित हीं है। टूटने की कड़कड़ाहट के श्रवण से अनुमित 'निर्भीक होकर धनुष का तोडना' उद्दीपन विभाव है। कठोर वचन बोलना अनुभाव है। अभिव्यज्यमान अहङ्कार, उग्रता आदि व्यभिचारिभाव हैं। यह पद्यात्मक वचन धनुर्भङ्ग की ध्वनि सुनने से टूटी हुई समाधि वाले परशुराम द्वारा कहा गया है। यहाँ उपलब्ध अत्यन्त उद्धत 'वृत्ति' रौद्र रस (क्रोध) की अत्यन्त उत्कटता का परिपोषक है। वस्तुतः जब क्रोध नहीं होता तो व्यक्ति में अहङ्कार का उदय नहीं होता। इस पद्य में, इसके विपरीत, 'मदीय' शब्द से अत्यधिक गर्व (अहङ्कार) की प्रतीति होती। तात्पर्य यह है कि गुरु शब्द के नित्यसापेक्ष होने से और प्रसङ्गवश भी 'मेरे गुरु' ऐसा अर्थ 'मदीय' इस विशेषण के विना भी स्पष्ट है। अतः स्वार्थमात्र के प्रतिपादन के लिए इस पद्य में 'मदीय' विशेषण का कोई उपयोग नहीं है। यही अनुपयोगिता यहाँ 'मदीय' शब्द के मुख्यार्थ की बाधा है। अतः इस शब्द को लाक्षणिक मानना तो आवश्यक है हीं जिससे 'मदीय' शब्द की अनुपयोगिता का निराकरण हो सके। इस लिए 'इक्कीस बार समस्त क्षत्रियों का संहार करना' अथवा

इदं तु नोदाहार्यम्—

धनुर्विदलनध्वनिश्रवणतत्क्षणाविर्भव-
न्महागुरुवधस्मृतिः श्वसनवेगधूताधरः ।
विलोचनविनिःसरद्बहलविस्फुलिङ्गव्रजो
रघुप्रवरमाक्षिपञ्जयति जामदग्न्यो मुनिः ॥

अत्राप्यपराधास्पदेन रघुनन्दनेनालम्बितो धनुर्विदलनध्वनिश्रवणेनो-

---

गर्वोत्कर्षस्य, तेन च विवेकशून्यत्वस्य, तेन च क्रोधाधिक्यस्य ध्वननमिति सन्दर्भार्थः । क्रोधस्याधिक्यं चात्र रसपर्यन्त उत्कर्ष एव ।

अधुना प्रत्युदाहरणमुखेन क्रोधस्य व्यङ्ग्यस्य गुणीभूतत्वमुपपादयति—**धनुर्विदलनेत्यादिपद्येन**। धनुर्विदलनेन जायमानस्य ध्वनेः श्रवणात् तत्क्षणे श्रवणक्षणे तदव्यवहितोत्तरक्षण एव वाविर्भवन्ती महागुरोः पितुर्जमदग्नेर्वधस्य सहस्रबाहुसूनुकृतस्य स्मृतिर्यस्य, पितृवधोद्भूतक्रोधोत्थस्य श्वसनस्य निःश्वासस्य वेगेन धूतः कम्पितोऽधरोष्ठो यस्य, क्रोधारुणाभ्यां विलोचनाभ्यां विनिस्सरन् बहलो विपुलः स्फुलिङ्गव्रजोऽग्निकणसमूहो यस्य, अथ च रघुप्रवरं धनुर्भञ्जकं रामचन्द्रम् आक्षिपन् जामदग्न्यः परशुरामो मुनिर्जयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तत इति पद्यार्थः । अत्र तृतीयचरणं 'क्रोधाद् रक्तनेत्राभ्यां विनिस्सरतां बहलानां विस्फुलिङ्गानां व्रजं यस्य सः' इति रसचन्द्रिकोक्तौ समासश्चिन्त्यः, व्रजशब्दस्य समूहार्थकस्य नपुंसकत्वमपि तथैव । अत्र वचनस्यान्यवक्तृकतया रघुप्रवरेति विशेष्योपादानेऽपि न पूर्वपद्यवद् दोषः ।

अत्रालम्बनविभावादिव्यङ्ग्योऽपि क्रोधो जयतिपदप्रतिपादितायां परशुरामविषयिण्यां कविरतौ गुणीभूत इति न ध्वनिकाष्ठामधिरोहतीत्युपपादयति—अत्रेत्यादिना ।

अन्य एक प्रकृतोपयोगी धर्मविशेष से विशिष्ट मेरे गुरुके कार्मुक·········इस प्रकार का लक्ष्यार्थ 'मदीय' शब्द का स्वीकार करना पड़ता है । अतः यह अजहत्स्वार्था लक्षणा है । इससे वक्ता परशुराम की विवेकशून्यता का और इस विवेकशून्यता से अत्यधिक क्रोध का अभिव्यञ्जन होता । इस प्रकार यह भी स्पष्ट है कि यहाँ अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्य ध्वनि है ॥

निम्नलिखित पद्य तो रौद्ररसध्वनि का उदाहरण नहीं हो सकता है:—

"एक क्षत्रिय द्वारा किये गये शिवधनुर्भङ्ग के कोलाहल को सुनने से तत्काल जिन्हें सहस्रबाहुपुत्र द्वारा किये गये अपने पिता जमदग्नि के वध का स्मरण हो आया है, जिनका अधर अपने क्रोधजनित निःश्वास से फड़क रहा है, जिनकी आँखों से क्रोधाग्नि की चिनगारियाँ निकल रही हैं और जो रामचन्द्र पर अपना आक्रोश प्रकट कर रहे हैं उन मुनि परशुराम की जय हो ।"

द्दीपितो निश्वासनेत्रवलनादिभिरनुभावितो महागुरुवधस्मृतिगर्वोग्रत्वादिभिश्च संचारितः क्रोधो यद्यपि व्यज्यते, तथाप्यसौ तत्प्रभाववर्णनबीजभूतायां कविरतौ गुणीभूत इति न रौद्ररसध्वनिव्यपदेशहेतुः। काव्यप्रकाशगतरौद्ररसोदाहरणे तु 'कृतमनुमतं दृष्टं वा यैरिदं गुरुपातकम्' इति पद्ये रौद्ररसव्यञ्जनक्षमा नास्ति वृत्तिः, अतस्तत्कवेरशक्तिरेव।

महागुर्वित्यादि। महागुरुवधस्मृतेर्वाच्यतया व्यभिचारित्वकथनं चिन्त्यम्। तत्प्रभावेत्यादि। तस्य परशुरामस्य प्रभावस्तद्वर्णनं बीजभूतं यस्यां रताविव्यर्थः। यद्वा तत्प्रभाववर्णनस्य बीजभूतायां रतावित्यर्थः।

कृतमनुमतमित्यादि। भट्टनारायणकृते वेणीसंहारे तृतीयेऽङ्के पितृवधेनातिक्रुद्धस्याश्वत्थाम्न इयमुक्तिः। रौद्ररसव्यञ्जनक्षमा वृत्तिः 'परुषा' 'गौडी' इत्यादिनामभिः प्रसिद्धा। कवेः=भट्टनारायणस्य। अशक्तिरेवेति। आनन्दवर्धनाभिनवगुप्तपादादिभिस्तु 'यो यः शस्त्रं बिभर्ति' इत्यादिवेणीसंहारपद्य एव सत्यप्येतादृशवृत्त्यभावे प्रसादेन रौद्ररसाभिव्यञ्जनं स्वीकृतमेव। स्वयमपि वक्ष्यत्येवमेवेति प्रौढिरेवेयं पण्डितराजस्य। रौद्रस्य युद्धवीराद् भेदकं तु रक्तास्यनेत्रत्वमुक्तं दर्पणकारेण।

इस पद्य में भी अपराधी रामचन्द्र परशुराम के क्रोध के आलम्बन हैं। धनुर्भङ्ग के कोलाहल का सुनना उद्दीपनविभाव है। क्रोधजनित निःश्वास और आँखों से क्रोधाग्नि की चिनगारियों का निकलना आदि अनुभाव हैं। अपने पिता के वध का स्मरण[1], अहङ्कार एवम् उग्रता आदि व्यभिचारिभाव हैं। अतः क्रोध का अभिव्यञ्जन तो होता हीं है। किन्तु यह क्रोध परशुराम के प्रभाव के वर्णन के मूलभूत कवि-(वक्तृ-) निष्ठ रति (निरतिशयप्रेम=भक्ति) का अङ्ग है, क्योंकि 'जयति' इस सर्वोत्कर्षबोधक क्रिया पद से यह रति स्पष्ट रूप से प्रतिपादित है। अतः इसे रौद्ररसध्वनि का उदाहरण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अन्याङ्गभूत रस ध्वनिपदव्यपदेश्य नहीं होता। काव्यप्रकाश में जो :—

'कृतमनुमतं दृष्टं वा यैरिदं गुरुपातकम्' इत्यादि वेणीसंहार का पद्य रौद्ररसध्वनि का उदाहरण दिया गया है उसमें रौद्ररस के अभिव्यञ्जन के लिए अपेक्षित महोद्धता वृत्ति (=परुषा=कठोराक्षरघटिता वर्णसंघटना) नहीं है। कवि चाहता तो है इस पद्य द्वारा उत्कट कोटि के क्रोध को व्यक्त करना, किन्तु अनुकूल वृत्ति से

---

१. इस 'स्मरण' के वाच्य होने से इसे व्यभिचारिभाव कहना उचित नहीं है, क्योंकि व्यभिचारिभाव व्यङ्ग्य होता, वाच्य नहीं, हाँ यदि महागुरु शब्द का अर्थ माता हो जिनका वध परशुराम ने पिता की आज्ञा से किया था तो कथञ्चित् इसे व्यभिचारिभाव कहा जा सकता है।

वीरश्चतुर्धा—दानदयायुद्धधर्मैस्तदुपाधेरुत्साहस्य चतुर्विधत्वात् । तत्राद्यो यथा—

> कियदिदमधिकं मे यद्द्विजायार्थयित्रे
> कवचमरमणीयं कुण्डले चार्पयामि ।
> अकरुणमवकृत्य द्राक्कृपाणेन निर्यद्-
> बहलरुधिरधारं मौलिमावेदयामि ॥

एषा द्विजवेषायेन्द्राय कवचकुण्डलदानोद्यतस्य कर्णस्य तद्दानविस्मितान् सभ्यान्प्रत्युक्तिः । अत्र याचमान आलम्बनम् । तदुदीरिता स्तुतिरुद्दी-

---

तत्र रक्तास्यनेत्रतेत्यनेनोत्साहात् क्रोधाविर्भावो बोधितः, युद्धवीरे पुनरुत्साहमात्रमिति भेदोऽनयोस्तात्पर्यविषयीभूतः ।

तदुपाधेरिति । स्थायिभावो रस इति पक्षे ते दानादय उपाधयो यस्येति विग्रहः । स्थायिभावावच्छिन्ना चिदेव रस इति पक्षे तु स्थायिभावानां रसोपाधित्वमिति तस्य प्रकृतस्य वीररसस्योपाधिरिति विग्रहः ।

आद्यः=दानवीरः । कियदित्यादि । अर्थयित्रे याचकाय द्विजाय विप्ररूपधारिणे (इन्द्राय) यदहमरमणीयं क्षुद्रत्वादुपेक्षणीयमात्मनः कवचं कुण्डलद्वयं चार्पयामि तत् कियदधिकम् ? अपि तु स्वल्पमेव । अधिकं तु तदा भवेद् यदि द्राग् झटिति कृपाणेन स्वकीयं शिरोऽकरुणमवकृत्य छित्वा निर्यती निस्सरन्ती बहला रुधिरस्य धारा यस्मात् तच्छिरः तस्मै द्विजाय आवेदयामि । अर्पयामीत्यत्र क्रिवृत्ते लिप्सायामिति लट्, आवेदयामीत्यत्र च वर्त्तमानसामीप्ये स इति बोध्यम् । निर्यद्बहलेत्यादौ सप्तम्यन्तान्यपदार्थको बहुव्रीहिसमासो रसचन्द्रिकायामुक्तश्चिन्त्यः ।

युक्त पद्य की रचना नहीं कर सका । अतः यह कवि की अशक्ति तो हैं हीं, साथ-साथ इसे रौद्र का उदाहरण देने वाले काव्यप्रकाशकार की भी अशक्ति है ॥

वीररस के चार भेद हैं, क्यों कि दान, दया, युद्ध और धर्म—ये चार इसकी उपाधियाँ है—ऐसा प्राचीन आचार्यों का मत है ।

इनमें दानवीर का उदाहरण है :—

"एक तो कोई याचना कर रहा हो, वह भी एक ब्राह्मण हो, तो उसे अपना तुच्छ कवच और ये दोनों कुण्डल दान कर देना मेरे लिए कौन-सी बड़ी बात है ! यथार्थ दान तो तब होगा यदि मैं निर्दयभाव से अपने खड्ग से झट से काट कर खून की धारा से लथपथ अपना शिर उसे समर्पित कर दूँ ।।"

ब्राह्मण का वेष धारण कर इन्द्र जब कर्ण के पास आये तो कर्ण ने उन्हें अपने कवच और कुण्डल दे दिये। उस समय कर्ण की दानवीरता को देखकर वहाँ उपस्थित लोग बहुत हीं विस्मित होकर कर्ण की प्रशंसा करने लगे । उन्हीं के प्रति कर्ण की

पिका ।" कवचादिवितरणं तत्र लघुत्वबुद्ध्यादिकं चानुभावः । मे इत्यर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्यध्वन्युत्थापितो गर्वः स्वकीयलोकोत्तरपितृजन्यत्वादिस्मृतिश्च संचारिणौ । वृत्तिरप्यत्र तत्तदर्थानुरूपोद्गमविरामशालितया सहृदयैकचमत्कारिणी । तथा हि—उत्साहपोषकं कवचकुण्डलार्पणयोर्लघुत्व-

---

अर्थान्तरसंक्रमितेत्यादि । अयम्भावः—अर्पयामीत्यादिक्रियापद उत्तमपुरुषसामर्थ्यात् प्रकान्तत्वाच्चास्मदर्थस्य प्रतीत्या तदभिधानाय 'मे' इतिपदस्य नात्रोपयोग इति वाच्यार्थमात्रविवक्षायामनुपयोगितालक्षणवाच्यार्थबाधादत्रास्मत्पदं लाक्षणिकं सत् सकलकोषदातृत्वविशिष्टमस्मत्पदार्थं बोधयति । अविरोधित्वाच्चात्रास्मच्छब्दवाच्यार्थस्य लक्ष्यार्थे समावेशोऽपि नायुक्त इत्युपादानलक्षणैवात्र । तत एव लक्षिताद्धर्मविशिष्टधर्मिणोऽनुपयोगितालक्षणवाच्यार्थबाधस्य निराकरणादर्थान्तरे गर्वादौ क्षीणसामर्थ्योपादानलक्षणा न तद्धर्मान्तरं प्रतिपादयितुमलमिति व्यञ्जनैवासंख्येयार्थद्योतिका तत्प्रतिपादिकाऽगत्या स्वीकर्त्तव्येति भवति गर्वादीनामर्थान्तरसंक्रमितध्वनिसमुत्थापितत्वमिति । स्वकीयेति । एतच्चास्मदर्थापेक्षया, सहृदयापेक्षया तु तदीयेति मन्तव्यम् । स्मृतिः सहृदयानामिति शेषः । एषा च स्मृतिः शक्यसम्बद्धत्वादुक्तार्थस्यैकसम्बन्धिज्ञानविधया जायते । ये तु लोकोत्तरपितृजन्यत्वं शक्यतावच्छेदकं मन्यन्ते तेषां शक्यार्थस्य प्रकृतानुपयोगित्वलक्षणो बाधो लक्षणाप्रयोजकः कथमुपपद्यत इति चिन्त्यम् । अतस्तद्व्यक्तित्वमेवात्र शक्यतावच्छेदकमस्मदर्थ इति

यह उक्ति है । यहाँ याचना करने वाले ब्राह्मण आलम्बन हैं । उन्हीं ब्राह्मण द्वारा की गयी कर्ण की स्तुति (जो इस पद्य में निर्दिष्ट नहीं है) उद्दीपन विभाव है । कवच और कुण्डलों का दान और उन कवचादि में तुच्छता बुद्धि आदि अनुभाव हैं । पद्यस्थ 'मे' पद में अर्थान्तरसङ्क्रमितवाच्य ध्वनि से प्रतीयमान गर्व (अहङ्कार) और लोकोत्तर पिता भगवान् सूर्य से उत्पन्न होने की स्मृति व्यभिचारिभाव हैं । तात्पर्य यह है कि प्रकृत पद्य में 'अर्पयामि' और 'आवेदयामि' इन उत्तमपुरुषों की क्रियाओं और प्रसङ्ग से ही 'मे' पद के विना भी अस्मच्छब्दार्थ का बोध हो जाने से वाच्यार्थमात्र का प्रतिपादन करने के लिए 'मे' पद का कोई उपयोग नहीं है । यही अनुपयोगिता यहाँ अस्मच्छब्द के मुख्यार्थ का बाध—लक्षणाबीज है । यतः 'समस्त राज्य को समर्पित कर देने वाले मेरे लिए' यह अर्थ 'मे' पद का प्रकृतानुपयोगी नहीं है अतः यहाँ अस्मच्छब्द में जहत्स्वार्था लक्षणा न मानकर अजहत्स्वार्था लक्षणा ही उचित है । एवञ्च 'समस्त ··· ···· मेरे लिए' इस अर्थान्तर में संक्रमित हो गया है वाच्यार्थ जिसका उस अस्मच्छब्द में वर्त्तमान व्यञ्जना (ध्वनि)—अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनि से प्रतीयमान कर्णनिष्ठ गर्व और भगवान् सूर्य का पुत्र होना—व्यभिचारिभाव कहे गये हैं । प्रतिपाद्य अर्थों के अनुरूप प्रारब्ध-

निरूपणं विधातुं पूर्वार्धे तदनुकूलशिथिलबन्धात्मिका। उत्तरार्धे तु मौलितः प्राग्वक्तृगतगर्वोत्साहपरिपोषणायोद्धता। ततः परं ब्राह्मणे सविनयत्वं प्रकाशयितुं तन्मूलीभूतं गर्वराहित्यं ध्वनयितुं पुनः शिथिलैव। अत एवावेदयामीत्युक्तम्, न तु ददामि वितरामीति वा।

इदं तु नोदाहरणीयम्—

यस्योद्दामदिवानिशार्थिविलसद्दानप्रवाहप्रथा-
माकर्ण्यावनिमण्डलागतवियद्बन्दीन्द्रवृन्दाननात्।
ईर्ष्यानिर्भरफुल्लरोमनिकरव्याबलगदूधःस्रवत्-
पीयूषप्रकरैः सुरेन्द्रसुरभिः प्रावृट्पयोदायते॥

विभावनीयं विज्ञैः। न तु ददामीत्यादि। ददामीत्यादौ शब्दशक्तिस्वाभाव्यादहङ्कारः कर्तुः प्रतीयते, आवेदयामीत्यत्र तु न तथेति भावः।

प्रत्युदाहरणमाह—इदं त्वित्यादिना।

यस्योद्दामेत्यादि। दानशौण्डस्य कस्यचिन्नृपस्य स्तुतिरियम्। यस्य नृपस्य अर्थिषु याचकेषु दिवानिशं विलसत उद्दाम्नोऽप्रतिहतस्य दानप्रवाहस्य प्रथां प्रसिद्धिम् अवनिमण्डलाद् भूमण्डलादागतानां वियद्बन्दीन्द्राणामुत्तमस्वर्गीयस्तुतिपाठकानां चारणानामाननादाकर्ण्य सुरेन्द्रसुरभिरिन्द्रस्वामिका कामधेनुः ईर्ष्यया

और परिसमाप्त भिन्न-भिन्न वृत्तियाँ भी सहृदयों को अत्यन्त आकृष्ट करने वाली हैं। जैसे—पद्य के पूर्वार्द्ध में कवच और कुण्डलों की तुच्छता का प्रतिपादन, जिससे कर्ण का दानोत्साह परिपुष्ट होता है, करने के लिए (तुच्छता-प्रतिपादन के) अनुकूल शिथिला वृत्ति (कोमलपदयोजना) है; उत्तरार्द्ध में 'मौलिम्' पद के पहले (अकरुणम्·················धारम्) वक्ता कर्ण के गर्व और दानोत्साह का उत्कृष्ट अभिव्यञ्जन कराने हेतु उद्धता वृत्ति है। तत्पश्चात् 'मौलिमावेदयामि' इस अन्त्य भाग में याचक ब्राह्मण के प्रति अपनी विनम्रता के प्रकाशन के मूलभूत गर्वशून्यता की व्यञ्जना के लिए तदनुकूल शिथिला वृत्ति हो है। यही कारण है कि 'ददामि' अथवा 'वितरामि' इत्यादि गर्वप्रकाशक क्रियापद का नहीं अपि तु 'आवेदयामि' इस गर्वशून्यता-सूचक अथवा नम्रता-सूचक क्रियापद का ही प्रयोग किया गया है॥

निम्ननिर्दिष्ट पद्य को तो दानवीरध्वनि का उदाहरण नहीं देना चाहिए—

"ये महाराज इतने उदार हैं कि इनके द्वारा दिन-रात याचकों को दिये जाने वाले अधिकाधिक दानप्रवाह को भूमण्डल से लौटकर आये स्वर्गीय श्रेष्ठ बन्दियों के मुख से सुनकर स्वर्गस्थ कामधेनु को भी इनसे इर्ष्या हो गई है जिससे इसका सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा है। इसी रोमांच के कारण इसके दुग्धपूर्ण स्तनों

अत्रेन्द्रसभामध्यगतसकलनिरीक्षकालम्बनः अवनिमण्डलागतवियद्बन्दीन्द्रवदनविनिर्गतराजदानवर्णनोद्दीपितः, ऊधःप्रस्नुतपीयूषप्रकरैरनुभावितः, असूयादिभिः संचारिभिः परिपोषितोऽपि कामगवीगत उत्साहो राजस्तुतिगुणीभूत इति न रसव्यपदेशहेतुः ।

अत एवेदमपि नोदाहरणम्—

साब्धिद्वीपकुलाचलां वसुमतीमाक्रम्य सप्तान्तरां
सर्वां द्यामपि सस्मितेन हरिणा मन्दं समालोकितः ।

परगुणासहिष्णुतया निर्भरमतिमात्रं फुल्लोऽञ्चितो रोम्णां यो निकरस्तस्माद् व्यावल्गदुत्फुल्लसंकुचिताग्रभागं यदूधः स्तनस्तस्मात् स्रवद्भिः पीयूषाणां प्रकरैः प्रवाहैः सुरेन्द्रसुरभिः कामधेनुः प्रावृषः पयोद इवाचरति निरन्तरं प्रवहतीत्यर्थः ।

अत्र विभावादिभिः परिपोषितोऽप्युत्साहो राजस्तुतिगुणीभूतत्वान्न रसपदभागित्युपपादयति—अत्रेत्यादिना । एवंविधे स्थल एव रसवदलङ्कारत्वं प्राचामिष्टम् । असूयेति । गुणेषु दोषत्वबुद्धिरसूयाऽक्षमारूपा चेर्ष्येति सा भिन्नैवासूयाजन्येति बोध्यम् । एतच्च मर्मप्रकाशानुसारेण । वस्तुत एतादृशेर्ष्याऽसूययोर्जन्यजनकभावे विपर्यासो मर्मप्रकाशकृतः । पण्डितराजेन वक्ष्यमाणाया असूयायास्तु मर्मप्रकाशोक्तेर्ष्यया भेदो न स्पष्टः । एवञ्चात्रादृष्टकारणभेदकृतो भेदो द्रष्टव्य ईर्ष्यासूययोः । यद्वान्योत्कर्षदर्शनादिजन्यः स्वापकर्षबुद्धिविशेषः तादृशबुद्धिजन्य आक्रोशो वेर्ष्येति मन्तव्यम् । अमर्ष एव वा सा ।

साब्धिद्वीपेत्यादि । पदत्रयपरिमितां भूमिं वामनाय प्रतिश्रुतवतो दैत्यराजस्य

में जो गुदगुदी लग गई है उसके कारण यह (कामधेनु) वर्षाकालिक बादल के समान दूध की धारा बहा रही है ।।"

यहाँ इन्द्र की सभा में स्थित सभी सज्जन (देववृन्द) जिनके लिए कामधेनु दूध की धारा बहा रही है, कामधेनुगत दुग्धदानोत्साह के आलम्बन हैं । भूमण्डल से लौटकर आये स्वर्गीय प्रतिष्ठित बन्दी-गण के मुख से राजा के अधिकाधिक दानप्रवाह का श्रवण उद्दीपन विभाव है । स्तनों से बहने वाली दूध की धारा अनुभाव है और असूया आदि सञ्चारिभाव हैं । इस प्रकार विभावादि से कामधेनुगत उत्साह का अभिव्यञ्जन तो यहाँ होता हीं है किन्तु इसे रसध्वनि नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इस पद्य में राजा की स्तुति के ही प्रधान रूप में वक्ता का तात्पर्य-विषय होने से उक्त उत्साह प्रधान नहीं है अपि तु वह राज-स्तुति का अङ्ग है ।।

इसी अङ्गत्व के कारण निम्ननिर्दिश्यमान पद्य में भी बलि का प्रतीयमान दानोत्साह दानवीरध्वनि का उदाहरण नहीं हो सकता—

प्रादुर्भूतपरप्रमोदविदलद्रोमाञ्चितस्तत्क्षणं
व्यानम्रीकृतकन्धरोऽसुरवरो मौलिं पुरो न्यस्तवान् ॥

इह च भगवद्वामनालम्बनः, तत्कर्तृकमन्दनिरीक्षणोद्दीपितः रोमाञ्चादिभिरनुभावितः, हर्षादिभिः पोषित उत्साहो व्यज्यमानोऽपि गुणः।

बलेर्दानोत्साहव्याजमुखेन स्तुतिरियम्। सस्मितेनेषद्धसता हरिणा वामनेन एकेन पादेन अब्धिभिः सागरैः द्वीपैरष्टभिश्च कुलपर्वतैः सहितां सप्तान्तरामन्तर्वर्त्तिसप्तप्राकारघटितां वसुमतीम् पृथिवीम्, द्वितीयेन च पादेन सर्वां द्याम् ऊर्ध्वलोकमाक्रम्य मन्दं समालोकितोऽसुरवरो बलिः भगवत्कृपाकटाक्षपातेन प्रादुर्भूतोऽभिव्यक्तो यः परमः प्रमोदस्तेन निमित्तेन विदलन् परिस्फुटन् यो रोमाञ्चः स सञ्जातो यस्य तथाभूतोऽथ च तत्क्षणम् समालोकनकाल एव व्यानम्रीकृतः कन्धरो येन स मौलिं स्वशिरो वामनस्य पुरस्तृतीयपादविन्यासाय न्यस्तवान् इति पद्यार्थः। यद्वाऽत्र पद्ये सप्तान्तरामिति द्यामित्यस्यैव विशेषणम्, भुव आदीनां षण्णामूर्ध्वलोकानामाद्यन्तौ समादाय सप्तावकाशसम्भवात्। व्यानम्रीकृतयेत्यत्राभूततद्भावार्थकेन च्विप्रत्ययेनेतः पूर्वं कन्धरस्य व्यानम्रत्वाभावः प्रतिपाद्यते। एतेन स्तुतिप्रकर्षः सूच्यते ॥

अत्र दानोत्साहस्य विभावादिभिर्व्यङ्ग्यत्वेपि परकृतबलिस्तुतिं प्रति गुणीभूतत्वात्तस्य न रसध्वनित्वमित्युपपादयति—इहेत्यादिना। हर्षादिभिरिति। अत्र प्रमोदस्य वाच्यत्वेन व्यभिचारित्वाभावाद्व्यभिचारित्वेन निर्दिष्टो हर्षः प्रमोदाद्भिन्न एवेति स्थितौ 'इष्टप्राप्त्यादिजन्मा सुखविशेषो हर्षः' इति भावध्वनिप्रकरणे वक्ष्यमाणत्वेन विषयजन्यं सुखं हर्ष इति, यच्च विषयाभिव्यक्तं तत् प्रमोद इति भेदोऽनयोर्ज्ञेयः। तथा च हर्षस्य चित्तवृत्तिविशेषरूपता, प्रमोदस्य च तद्भिन्नस्यात्मरूपता सूचिता भवति। अत एव प्रमोदस्य पर इति विशेषणमप्युपात्तम्। तथा च न हर्षस्य व्यभि-

---

"जब भगवान् वामन ने एक विक्रम (पग) से सात समुद्रों, सात द्वीपों और सात (अथवा आठ) कुलपर्वतों से युक्त सम्पूर्ण पृथिवी का और दूसरे विक्रम से सात परकोटे वाले स्वर्गलोक का आक्रमण कर तीसरे विक्रम के लिए स्थान पाने की दृष्टि से मुस्कुराकर बलि की ओर तिरछी नजर से देखा तब बलि को जो परमानन्द की अनुभूति हुई उससे उसका सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा और उसने तत्काल अपनी गर्दन झुकाकर भगवान् के सामने उनके तीसरे विक्रम के लिए अपना शिर समर्पित कर दिया ॥"

इस कथन में बलि के दानोत्साह का आलम्बन विभाव भगवान् वामन हैं, उनका बलि पर तीसरे विक्रम के स्थान के लिए कटाक्षपात उद्दीपन विभाव है, रोमाञ्च आदि अनुभाव हैं और रोमाञ्चादि से व्यज्यमान हर्ष (आनन्दाकारा चित्त-

प्रागन्यगतस्येव प्रकृते राजगतस्यापि तस्य राजस्तुत्युत्कर्षकत्वात्। एतेन 'त्यागः सप्तसमुद्रमुद्रितमहीनिर्व्याजदानावधिः' इति श्रीवत्सलाञ्छनोक्तमुदाहरणं परास्तम्, तस्य गुणीभूतव्यङ्ग्यत्वेन रसध्वनिप्रसङ्गेऽनुदाहरणीयत्वात्।

चारिणोऽभिव्यङ्ग्यत्वहानिः। अत एव च तृतीयचरणस्यादौ 'आविर्भूतपर०' इति पाठः श्रेयान् इति मन्यामहे। प्रागन्येत्यादि। यदा पूर्वोक्ते यस्योद्दामेत्यादिपद्ये राजभिन्नकामगवीगतस्योत्साहस्यापि कविकृताया राजस्तुतेरुत्कर्षाधायकत्वात् स्तुत्यङ्गत्वं तदात्र सुतरामसुरराजबलिगतस्य दानोत्साहस्य कविकृतबलिस्तुत्युत्कर्षाधायकत्वेन स्तुत्यङ्गत्वमिति न तस्य ध्वनित्वमित्यर्थः। एतेन=अन्याङ्गभूतस्य रसस्य ध्वनिव्यपदेश्यत्वाभावेन। त्यागः सप्तेत्यादि। इदं च वीरचरिते शिवधनुर्भङ्गेन कुपितस्य परशुरामस्य शमनाय रामकृता तत्स्तुतिः। वत्सलाञ्छनः काव्यप्रकाशादिटीकाकृत्। विश्वनाथेनापीदमेव दानवीरोदाहरणमुक्तम्। पूर्णं च पद्यमेवं पठ्यते तत्र—

उत्पत्तिर्जमदग्नितः स भगवान् देवः पिनाकी गुरुः
शौर्यं यत्तु न तद् गिरां पथि ननु व्यक्तं हि तत्कर्मभिः।
त्यागः सप्तसमुद्रमुद्रितमहीनिर्व्याजदानावधिः
ब्रह्मक्षत्रतपोनिधेर्भगवतः किं किं न लोकोत्तरम्॥

इति। अत्र चतुर्थपादेन स्पष्टमेव वक्तू रामभद्रस्य परशुरामस्तुतौ तात्पर्यविधारणात् प्रतीयमानोऽपि परशुरामगतो दानोत्साहस्तदीयस्तुतौ गुणीभूतत्वान्न ध्वनिव्यपदेशार्ह इति सन्दर्भार्थः।

वृत्ति) आदि व्यभिचारिभाव हैं। इस प्रकार यहाँ बलिनिष्ठ दानोत्साह व्यज्यमान अवश्य है, किन्तु यह प्रधान रूप में विवक्षित नहीं है। परन्तु जब पूर्वनिदिष्ट 'यस्योद्दाम....' इत्यादि पद्य में कामधेनु का व्यज्यमान उत्साह प्राधान्येन विवक्षित राज-स्तुति का अङ्ग है तब यहाँ तो बलि का दानोत्साह प्रधान रूप में वक्तृ-तात्पर्यविषयीभूत बलि की स्तुति का अङ्ग है हीं। अतः इसे दानवीररस का उदाहरण देना उचित नहीं।

इस प्रकार गुणीभूत उत्साह का रसध्वनिपदव्यपदेश्य न होना जब प्रमाणित हो चुका तब काव्यप्रकाश आदि ग्रन्थों के टीकाकार 'वत्सलाञ्छन' द्वारा जो महावीरचरित के द्वितीय अङ्क से दानवीररसध्वनि का उदाहरण दिया गया है वह असङ्गत सिद्ध हो जाता। उदाहृत पद्य का अर्थ निम्ननिर्दिष्ट है—

(हे भगवन्? आप ब्राह्मणोचित एवं क्षत्रियोचित दोनों प्रकार के तप के निधान

ननु 'अकरुणमवकृत्य—' इत्यत्रापि प्रतीयमानस्य दानवीरस्य कर्णस्तुत्यङ्गत्वात्कथं ध्वनित्वमिति चेत्? सत्यम्। अत्र कवेः कर्णवचनानुवादमात्रतात्पर्यकत्वेन कर्णस्तुतौ तात्पर्यविरहात्, कर्णस्य च महाशयत्वेनात्मस्तुतौ तात्पर्यानुपपत्तेः स्तुतिरवाक्यार्थ एव। परं तु वीररसप्रत्ययानन्तरं तादृशोत्साहेन लिङ्गेन स्वाधिकरणे साऽनुमीयते। राजवर्णनपद्ये तु राजस्तुतौ तात्पर्याद्वाक्यार्थतैव तस्याः।

उदाहरणप्रत्युदाहरणयोर्व्यतिरेकाभावं शङ्कते—नन्विति। अकरुणमवकृत्येत्यादिवचनस्य मूलवक्ता कर्ण एवेति तस्य स्तुतितात्पर्यकत्वे स्वकर्तृकस्तुत्यापत्तेर्महापुरुषत्वहानिः कर्णस्य प्रसज्यते। प्रत्युदाहरणेषु पुनः कवेरेव मूलवक्तृत्वान्न तथेति तेषां स्तुतितात्पर्यकत्वे न किमप्यनिष्टं प्रसज्यत इति भवत्युभयोर्व्यतिरेक इत्याशयः। स्वाधिकरणे=उत्साहाधिकरणे कर्णे। अनुमीयत इति। तथा च स्तुतेरवाक्यार्थत्वान्न तस्या दानोत्साहं प्रत्यङ्गित्वमिति भावः।

हैं—आपका कौन-सा गुण लोकोत्तर नहीं? आपका जन्म महर्षि जमदग्नि से हुआ है, भगवान् पिनाकपाणि शिव आपके गुरु हैं, आपके पराक्रम की शब्दों में अभिव्यक्ति नहीं की जा सकती—वह तो आपके वीर-कर्मों से ही अनुमेय है,) आप का त्याग भी ऐसा है जिसकी पराकाष्ठा है सात समुद्रों से परिवेष्टित सम्पूर्ण पृथिवी का निश्छल दान॥

शिवधनुर्भङ्ग के बाद स्वयम्वरभूमि में उपस्थित अत्यन्त कुपित परशुराम के प्रति रामचन्द्र की यह उक्ति है। यहाँ (तृतीय पाद में) यद्यपि वाच्य-आक्षेप्य विभावादि से परशुराम का दानोत्साह अभिव्यज्यमान है तथापि वह वक्तृतात्पर्यविषयीभूत परशुराम की स्तुति का अङ्ग है। अतः इसे रसध्वनि का उदाहरण देना अनुचित है।

अब प्रश्न यह है—'अकरुणमवकृत्य.........' इत्यादि पद्य में भी जब कर्ण की स्तुति प्रतीयमान है तो फिर कर्ण के दानोत्साह को उसका अङ्ग होना चाहिए; ऐसी स्थिति में वह रसध्वनि का उदाहरण कैसे माना जा सकता? इसका यह उत्तर है—यहाँ स्तुति की दो सम्भावनाएँ हैं—एक कवि द्वारा वह स्तुति की गई हो और दूसरी यह कि कर्ण स्वयम् अपनी स्तुति कर रहा हो। इनमें पहला विकल्प मान्य नहीं हो सकता, क्योंकि कवि का तात्पर्य-विषय कर्ण के वचन का अनुवादमात्र है, कर्ण की स्तुति नहीं। दूसरा विकल्प भी असंगत हैं, क्योंकि कर्ण जैसे महापुरुष का आत्मश्लाघा में कभी तात्पर्य हो नहीं सकता। अतात्पर्यविषयीभूत पदार्थ कदापि वाक्यार्थ का अङ्ग नही होता। अतः अवाक्यार्थ कर्ण-स्तुति को व्यङ्ग्य मानना असम्भव है। हाँ, वीररस की प्रतीति के पश्चात् वही रसकाष्ठापन्न प्रकृष्ट

द्वितीयो यथा—

न कपोत भवन्तमण्वपि स्पृशतु श्येनसमुद्भवं भयम् ।
इदमद्य मया तृणीकृतं भवदायुःकुशलं कलेवरम् ॥

अथवैवं विन्यासः—

न कपोतकपोतकं तव स्पृशतु श्येन मनागपि स्पृहा ।
इदमद्य मया समर्पितं भवते चारुतरं कलेवरम् ॥

दानवीरमुदाहरति—द्वितीयेत्यादिना ।

न कपोतेत्यादि । शिविपरीक्षार्थं कपोतवेषधारिणं धर्मं श्येनवेषधारीन्द्र आचक्राम । तस्माच्च श्येनाद्बिभ्यत् कपोतः शिविशरणमात्मरक्षार्थमाजगाम । तं च कपोतं प्रति शिवेरियमुक्तिः । हे कपोत ? भवन्तं श्येनसमुद्भवमण्वपि भयं न स्पृशतु, यतोऽद्येदं भवदायुःकुशलं क्षेमकरं कलेवरं मया तृणीकृतम् तृणवदुत्सृष्टं श्येनाय क्षुन्निवृत्त्यै । तथा चैतेन मदीयेन शरीरेण पूर्णोदरः श्येनो भवन्तं नेच्छेदिति पद्यार्थः ।

अत्र पद्ये श्येनस्य सम्बोध्यत्वाभावात् कपोतमात्रमुद्दिश्य प्रवृत्तः श्येनोऽनवहित-शिविवचनः सहसैव कपोतं निपतेदिति तस्य भयशङ्कायां सत्यां पूर्वार्द्धमसङ्गतं स्यादिति हेतोः श्येनाभिमुखीकारकं विन्यासान्तरमाह—अथवेत्यादिना ।

न कपोतकपोतकमिति । कपोतकपोतकयोरुभयत्र 'अल्पे' कन् प्रत्ययः । एतेन

उत्साह कर्ण की आत्म-स्तुति अथवा कविकृत कर्ण-स्तुति का अनुमापक हो सकता है । इसके विपरीत 'यस्योद्दाम·········' इत्यादि पद्यद्वय में राजा और बलि की स्तुतियों के वक्तृतात्पर्यविषय होने से उनमें स्तुतियों की वाक्यार्थता स्पष्ट है । अतः यहाँ तो वाक्यार्थभूत दानोत्साह एवं स्तुतियों में गुणप्रधानभाव का स्वीकार उचित हीं है ॥

अब दयावीर का उदाहरण प्रस्तुत है—

"अरे कपोत ? इस बाज का भय तुझे जरा भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि तेरे जीवन की रक्षा के लिए मेरा यह शरीर तेरे बदले उस बाज को समर्पित है ॥"

इस पद्य में कपोत सम्बोध्य है । किन्तु उसे उक्त आश्वासन देने पर भी उस आश्वासन को न जानने वाला बाज कदाचित् सहसा हीं उसके ऊपर आक्रमण कर सकता है । अतः बाज का ही सम्बोधन कर ऐसी रचना करनी चाहिए—

"अरे बाज ! इस क्षुद्र कपोत के बच्चे की तुझे जरा भी स्पृहा नहीं करनी चाहिए । देख—उसके बदले मेरा यह शरीर, जो उससे स्वाद और मात्रा दोनों में उत्कृष्ट है, तुझे समर्पित है ॥"

एषा शिवेः कपोतं श्येनं प्रति चोक्तिः। अत्र कपोत आलम्बनम्। तद्गतं व्याकुलीभवनमुद्दीपनम्। तस्य कृते स्वकलेवरार्पणमनुभावः। न चात्र शरीरदानप्रत्ययाद्दानवीरध्वनित्वापत्तिरिति वाच्यम्, श्येनकपोतयोर्भक्ष्यभक्षकभावापन्नत्वेन शिविशरीरस्यार्थिनोऽभावात्तदप्रतिपत्तेः। श्येन-

---

क्षुद्रस्य कपोतस्य यः क्षुद्रः पोतोऽर्भकः तस्मै स्पृहा कस्यापि न घटते यदि तत्स्थाने ततोऽधिकं चारु शरीरं प्रत्यर्प्यते केनचिदिति मनाक्स्पृहाऽभावे श्येनगतत्वेनाभिमते हेतुरुक्तः। पद्यार्थः स्पष्टः।

कपोतं श्येनं प्रतीति। यथाक्रमं पूर्वमुत्तरं च पद्यमित्यर्थः। कपोत आलम्बनमिति। पूर्वपद्ये कपोतः साक्षादेवालम्बनम्, द्वितीयेऽपि कपोतकपोतकस्य कपोतत्वात्स आलम्बनमित्युक्तम्।

शरीरदानमित्यतः पूर्वं शिविकर्तृकं श्येनोद्देश्यकमिति योजनीयम्। आपन्नत्वेनेति। कपोतशरीरस्य दानप्रतीतौ सत्यामपीति शेषः। अर्थिन इति। शिविशरीरविषयकार्थित्वसहितस्य श्येनस्याभावादित्यर्थः। अत्र विशेषणाभावप्रयुक्तो विशिष्टाभावः। तदप्रतिपत्तेः = शिविशरीरकर्मकदानाप्रतीतेः। यमुद्दिश्य

ये दोनों पद्य राजा शिवि की क्रमशः कपोत और बाज के प्रति उक्तियाँ हैं। दोनों में ही शिविनिष्ठ दया का आलम्बन कपोत है। उस कपोत की व्याकुलता उद्दीपन विभाव है और उसके बदले शिवि द्वारा अपने शरीर का समर्पण अनुभाव है। धृति आदि संचारिभाव भी व्यङ्ग्य हैं ही। अतः यहाँ दयावीर रस है। यद्यपि यहाँ शिवि द्वारा किए जाने वाले अपने शरीर के दान से शिवि के दानोत्साह की प्रतीति होती-सी दिखाई पड़ती तथापि इसे दानवीर का उदाहरण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यहाँ शरीर का समर्पण दान है ही नहीं। दान तो तब सम्भव है जब कोई सम्प्रदान (=लेने वाला) हो। यहाँ श्येन कपोत-शरीर का अभिलाषी है, शिवि के शरीर का नहीं। सम्प्रदान वह होता जो देय वस्तु लेना चाहता हो या कुछ देने के लिए दाता को प्रेरित करता हो। शिवि को श्येन शरीर-दान के लिए न तो प्रेरित करता और न वह अब तक शिवि का शरीर लेने के लिए अपनी इच्छा ही व्यक्त कर पाया है। अतः शिवि के शरीर के समर्पण की दृष्टि से श्येन (बाज) सम्प्रदान ही नहीं, फिर उसको दान कैसे किया जा सकता। यदि शिवि को उनके शरीर के समर्पण की प्रेरणा न देने पर और उस शरीर को खाने के लिए प्राप्त करने की इच्छा से रहित होने पर भी श्येन को अर्घ्यादिदान में सूर्य आदि की तरह सम्प्रदान मान भी लिया जाय तो भी यह समर्पण दान नहीं कहला सकता, क्योंकि किसी वस्तु के बदले में कुछ देना विनिमय है, दान नहीं। दान तो वस्तुतः वह है जो बिना कुछ लिए ही

शरीरनिवेदनस्य कपोतशरीरत्राणोपाधिकतया विनिमयपदवाच्यत्वात् ।

तृतीयो यथा—

रणे दीनान्देवान् दशवदन विद्राव्य वहति
प्रभावप्रागल्भ्यं त्वयि तु मम कोऽयं परिकरः ।
ललाटोद्यज्ज्वालाकवलितजगज्जालविभवो
भवो मे कोदण्डच्युतविशिखवेगं कलयतु ।।

किञ्चिद्दीयते स सम्प्रदानम्, तदभावे दानं न सम्पद्यते । अत एव च सम्प्रदानस्यापि कारकत्वं निर्वहति । तथा च श्येनस्य प्रेरकरूपार्थित्वाभावात्सम्प्रदानत्वाभावे तदुद्देश्यकदानानुपपत्तेरित्याशयः । अतश्च द्वितीये पद्ये 'भवते' इति न सम्प्रदाने चतुर्थी, अपि तु 'क्रियार्थोपपदस्य० इत्येव, भवन्तमनुकूलयितुमिति चार्थः । ननु 'स्वशरीरं मह्यं दीयताम्' इत्येवं शिवेरयाचमानस्य श्येनस्य प्रेरकरूपार्थित्वाभावेऽपि सम्प्रदानत्वं न विघटते, प्रवृत्तिनिवृत्त्यनुकूलव्यापारशून्यस्यापि सूर्यादेरर्घ्यादिकं प्रति सम्प्रदानत्वस्य 'अनिराकरणात् कर्त्तुस्त्यागाङ्गं कर्मणेप्सितम्' इत्यादिवैयाकरण-सम्प्रदायसिद्धत्वादित्यत आह—श्येनशरीरनिवेदनस्येत्यादि । कपोतशरीरत्राणे-त्यनेन त्रातव्यकपोतशरीरकर्मकश्येनकर्तृकस्त्यागोऽभिप्रेतः स्वोपकाररूपः । उपकार-श्चात्र लौकिकोऽभिप्रेतः । तथा च श्येनस्योपकारित्वप्रतीत्या तदुद्देश्यकं समर्पणं न तात्त्विकं दानमिति सूच्यते ।

युद्धवीरमुदाहरति—तृतीय इत्यादिना । रण इत्यादि । हे दशवदन ? दीनान् कातरान् देवान् रणे विद्राव्य पराजित्य प्रभावप्रागल्भ्यं शौर्यधृष्टतां वहति त्वयि वराके दीनदेवविद्रावणे रावणे मम शौर्यप्रकर्षवतो रामस्यायं परिकरो युद्धोद्यमः कः ? न कोऽपि, क्षुद्रस्त्वं न मम प्रतिभट इति मम कोदण्डाद्धनुषश्च्युतस्य विशिखस्य वेगं ललाटादुद्यन्त्या ज्वालया कवलितो भस्मसात्कृतो जगज्जालस्य ब्रह्माण्डमण्डलस्य विभवो येन स भवो महेश्वरः कलयतु जानातु—इति पद्यार्थः ।

किया जाता । इस प्रकार कपोत के शरीर के बदले शिवि द्वारा अपने शरीर का समर्पण जब दान ही नहीं तो शिवि में दानोत्साह की प्रतीति कहाँ हो सकती ? अतः इस पद्य में दानवीरध्वनि नहीं मानी जा सकती ।।

अब युद्धवीर का उदाहरण दिया जा रहा है—

"अरे रावण ? युद्ध में दीन-हीन देवताओं को जीतकर तू अपने पराक्रम की महिमा बखान रहा है, फिर तेरे जैसे कायर के साथ लड़ने की मेरी तैयारी कैसी ! मेरे धनुष से छूटे बाणों के वेग का आकलन तो एक मात्र जगज्जनक भगवान् भव (हर=शङ्कर) कर सकते जिन्होंने अपने ललाट से निकलने वाली प्रचण्ड ज्वाला से इस भवजाल के वैभव को भस्मसात् कर दिया है ।।"

एषा दशवदनं प्रति भगवतो रामस्योक्तिः। इह भव आलम्बनम्। रणदर्शनमुद्दीपनम्। दशवदनावज्ञाऽनुभावः। गर्वः संचारी। वृत्तिरत्र देवानां प्रस्तावे तद्गतकातर्यप्रकाशनद्वारा वीररसानालम्बनत्वावगतयेऽनुद्धतैव। दशवदनप्रस्तावे तु देवदर्पदमनवीरत्वप्रतिपादनायोद्धतापि तस्यावज्ञया रामगतोत्साहानालम्बनत्वेन तदालम्बनस्य रसस्याप्रत्ययान्न प्रकर्षवती। भगवतो भवस्य तु परमोत्तमालम्बनविभावत्वात्तत्प्रस्तावे तदालम्बनस्यौजस्विनो वीररसस्य निष्पत्तेः प्रकृष्टोद्धता।

अत्र देवानां दीनत्वविशेषणं तद्विद्रावणे रावणे क्षुद्रत्वं प्रतिपादयद्रामकर्त्तृकां तदवज्ञां द्योतयति। अस्मदर्थस्य च प्रसङ्गादेव प्रतीतेरन्यथा तत्प्रयोगादपि तत्प्रतीत्यभावादुभयत्रास्मच्छब्दोऽर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिना शौर्यप्रकर्षविशिष्टं रामं प्रतिपादयति, तेन च गर्वो व्यज्यते। पद्येऽत्र भव शब्दप्रयोगौचित्यं चिन्त्यम्।

अत्र देवरावणोभयालम्बनकस्य युद्धवीरस्य यथा प्रतीत्यभावस्तदुपपादयति—वृत्तिरत्रेत्यादिना। प्रस्तावे=वर्णने। प्रकर्षवतीति। प्रकर्षश्चात्र वृत्ते

युद्धभूमि में रावण के प्रति भगवान् राम की यह उक्ति है। इसमें भगवान् शङ्कर आलम्बन हैं। युद्धदर्शन उद्दीपन विभाव है। दशमुख रावण का तिरस्कार अनुभाव है। व्यज्यमान रामनिष्ठ गर्व व्यभिचारिभाव है। यहाँ वृत्तियाँ (वर्णरचना) भी अर्थानुरूप शिथिल अथवा उद्धत (प्रौढ़) हैं। जैसे—देवताओं के प्रसङ्ग में (रणे दीनान् देवान्) देवों की कायरता के प्रतिपादन में अनुकूल शिथिला (कोमला) वृत्ति है जिससे यह स्पष्ट हो जाता कि कायर देवता वीररस के आलम्बन नहीं हैं। दशमुख के वर्णन (विद्राव्य············प्रागल्भ्यम्) में उद्धता वृत्ति अवश्य है जिससे देवता के दर्प को चूर-चूर करने वाले रावण की वीरता प्रकट होती; किन्तु 'त्वयि तु······' इत्यादि कथन से रावण की उपेक्षा प्रकट हो जाने से रावण भी रामनिष्ठ युद्धोत्साह का आलम्बन नहीं हो सकता। अतः रावणालम्बनक वीररस की भी प्रतीति नहीं होती। अत एव इस अंश में वृत्ति उद्धता तो है परन्तु प्रकृष्टोद्धता नहीं है। यह विवक्षितार्थ के अनुरूप हीं है। रामनिष्ठ उत्साह के भगवान् भव हीं परम उपयुक्त आलम्बन हैं। अतः उस प्रसङ्ग में 'ललाटोद्यज्ज्वाला·········' आदि में शङ्करालम्बनक वीररस की प्रतीति होने से प्रकृष्टोद्धता वृत्ति है[1]। 'भव' के स्थान में 'हर' शब्द का प्रयोग उचित है।

---

१. यद्यपि वृत्तियों में रसव्यञ्जकता साक्षात् नहीं होती तथापि तत्तद्रसोपयोगी गुणों के अभिव्यञ्जक होने से वृत्तियों को भी रसाभिव्यञ्जन में सहकारी माना जाता है।

चतुर्थो यथा—

सपदि विलयमेतु राज्यलक्ष्मीरुपरि पतन्त्वथवा कृपाणधाराः।
अपहरतुतरां शिरः कृतान्तो मम तु मतिर्न मनागपैति धर्मात्॥

एषाऽधर्मेणापि रिपुर्जेतव्य इति वदन्तं प्रति युधिष्ठिरस्योक्तिः। अत्र धर्मविषय आलम्बम्। 'न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः' इत्यादिवाक्यालोचनमुद्दीपनम्। शिरश्छेदाद्यङ्गीकारोऽनुभावः। धृतिः संचारिणी।

इत्थं वीररसस्य चातुर्विध्यं प्रपञ्चितं प्राचामनुरोधात्। वस्तुतस्तु बहवो वीररसस्य शृङ्गारस्येव प्रकारा निरूपयितुं शक्यन्ते। तथा हि—प्राचीन एव 'सपदि विलयमेतु' इत्यादिपद्ये 'मम तु मतिर्न मनागपैति

रसप्रत्ययोपकारकत्वमेवेत्येतेन प्रकटम्।

धर्मवीरमुदाहरति—चतुर्थ इत्यादिना। सपदीत्यादि पद्यार्थः स्फुटः।

धर्मविषयः शत्रुः, यमुद्दिश्य धर्माचरणं प्रतिज्ञातम्। 'धर्मस्य विषयः सम्बन्ध्यनुष्ठानम्, धर्म एव वाऽनुष्ठानोद्देश्यतया विषयः' इति त्वपव्याख्यानम्। प्राचीने=पूर्वोदाहृते। तदन्तर्गततया=धर्मान्तर्गततया। अत्रार्थे मन्वादिवचनं प्रमाणम्। तासां वाचामधिदेवता सरस्वतीत्यर्थः।

अब 'धर्मवीर' का उदाहरण प्रस्तुत है—

"चाहे मेरी राज्यलक्ष्मी तत्काल हीं विनष्ट हो जाये या मेरे ऊपर तलवारों की मार पड़े या मेरा शिर (प्राण) यमराज हर ले पर मैं धर्मपथ से जरा भी नहीं हट सकता॥"

'अधर्मपथ पर चल कर भी शत्रु को जीतना चाहिए'—ऐसा कहने वाले व्यक्ति के प्रति युधिष्ठिर की यह उक्ति है। यहाँ वह शत्रु आलम्बन है जिसके साथ युधिष्ठिर ने धर्मपथावलम्बन की प्रतिज्ञा की है। 'काम की पूर्ति, भय या लोभ से, यहाँ तक कि अपने प्राण बचाने के लिए भी धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिए' इत्यादि महाभारतादिप्रोक्त अनुशासनों का स्मरण उद्दीपन विभाव है। धर्मानुष्ठान के लिए अपने शिरश्छेदन आदि का स्वीकार अनुभाव है। धृति सञ्चारिभाव है। अतः इन विभावादि से यहाँ धर्मवीर की व्यञ्जना होती है॥

इस प्रकार वीर रस के उक्त चार भेदों का निरूपण प्राचीनमतानुसार किया गया है। किन्तु वास्तविकता यह है कि जैसे शृङ्गार के अनेकानेक भेद हो सकते उसी तरह वीर रस के भी बहुत भेद सम्भव हैं; केवल पूर्वोक्त चार हीं भेद नहीं। उदाहरणार्थ, 'सपदि विलयमेतु.........' इत्यादि पद्य का चतुर्थ पाद यदि 'मम तु

सत्यात्' इति चरमपादव्यत्यासेन पद्यान्तरतां प्रापिते सत्यवीरस्यापि संभवात्। न च सत्यस्यापि धर्मान्तर्गततया धर्मवीररस एव तद्वीरस्याप्यन्तर्भाव इति वाच्यम्, दानदययोरपि तदन्तर्गततया तद्वीरयोरपि धर्मवीरात्पृथग्गणनानौचित्यात्।

एवं पाण्डित्यवीरोऽपि प्रतीयते।

यथा—

अपि वक्ति गिरां पतिः स्वयं यदि तासामधिदेवतापि वा।
अयमस्मि पुरो हयाननस्मरणोल्लङ्घितवाङ्मयाम्बुधिः॥

अत्र बृहस्पत्याद्यालम्बनः सभादिदर्शनोद्दीपितो निखिलविद्वत्तिरस्कारानुभावितो गर्वेण संचारिणा पोषित उत्साहो वक्तुः प्रतीयते। ननु चात्र युद्धवीरत्वम्, युद्धत्वस्य वादसाधारणस्य वाच्यत्वाद्, इति चेत्? क्षमावीरे किं ब्रूयाः?

वादसाधारणस्येति। प्रत्यवस्थानं युद्धम्। तच्च वादेऽपि वादिप्रतिवादिकथात्मके तुल्यमित्याशयः।

क्षमेति। प्रतीकारेच्छायां जातायामपि विवेकात् प्रतीकाराकरणं क्षमा

मतिर्न मनागपैति सत्यात्' इस रूप में परिवर्तित कर दिया जाय तो यही पद्य सत्यवीर रस का उदाहरण बन सकता है। धर्माङ्गभूत सत्य के धर्मान्तर्गत होने से सत्यवीर का धर्मवीर में अन्तर्भाव हो जाने के कारण धर्मवीर से अतिरिक्त सत्यवीर मानने की कोई आवश्यकता नहीं—यह कहना भी अयुक्त है, क्योंकि तब तो दान और दया के भी धर्मान्तर्गत होने से दानवीर तथा दयावीर को भी एक-एक भेद मानना अनुचित हो जाएगा। अतः दानवीर आदि यदि धर्मवीर से भिन्न माने जाँय तो सत्यवीर को भी उससे भिन्न ही मानना चाहिए।

इसी प्रकार पाण्डित्यवीर की भी निम्ननिर्दिष्ट पद्य में प्रतीति होती। जैसे—

"लौकिक विद्वानों की तो कोई बात ही नहीं, यदि बृहस्पति या साक्षात् वाग्देवता सरस्वती भी मेरे विपरीत पक्ष का आलम्बन करें तो भी मेरे लिए अपने पक्ष के समर्थन में कोई अन्तर नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि भगवान् हयग्रीव के स्मरण के प्रभाव से मैं सम्पूर्ण वाङ्मय-रूपी समुद्र को पार कर चुका हूँ॥"

यहाँ बृहस्पति आदि आलम्बन विभाव हैं। पण्डितों के वादार्थ आयोजित सभा तथा उसमें किये गये काकु आदि उद्दीपन विभाव हैं। सभी विद्वानों का तिरस्कार अनुभाव है और व्यज्यमान गर्व व्यभिचारिभाव है। इन सब से परिपुष्ट वक्ता का पाण्डित्योत्साह पाण्डित्यवीर की अवस्था को प्राप्त है। घात-प्रतिघातस्वरूप युद्ध में वाचिक-घात-प्रतिघातात्मक वाद (कथा) के भी समाविष्ट होने से यह

यथा—

> अपि बहलदहनजालं मूर्ध्नि रिपुर्मे निरन्तरं धमतु ।
> पातयतु वाऽसिधारामहमणुमात्रं न किंचिदाभाषे ।।

क्षमावत उक्तिरियम् । बलवीरे वा किं समादध्याः ?

यथा—

> परिहरतु धरां फणिप्रवीरः सुखमयतां कमठोऽपि तां विहाय ।
> अहमिह पुरुहूत पक्षकोणे निखिलमिदं जगदक्लमं वहामि ।।

पुरुहूतं प्रत्येषा गरुत्मत उक्तिः ।

बहलदहनजालम्=प्रचुरमग्निपुञ्जम् । धमतु=प्रज्वालयतु वायुसंयोगेन । फणिप्रवीरः=शेषनागः । अयताम्=प्राप्नोतु । जगदक्लममित्यत्र जगदण्डकमिति पाठो मर्मप्रकाशोक्तो न कमपि विच्छित्त्यतिशयं प्रकाशयति ।

युद्धवीर हीं है—ऐसा यदि कहा जाय तो भी क्षमावीर का अन्तर्भाव कहाँ कर सकते ? जैसे—

"मेरा शत्रु चाहे मेरे शिर पर लहलहाती आग की भट्ठी जलाये या तलवार बरसाये, मैं तो उसके विरोध में कुछ बोलता तक नहीं, प्रतीकार करने की तो बात हीं नहीं उठती ।।"

यह किसी क्षमाशील पुरुष की उक्ति है । यहाँ मूलवक्ता क्षमाशील पुरुष के प्रति अपराध करने वाला व्यक्ति आलम्बन है । 'क्षमासारा हि साधवः' इत्यादि क्षमाप्रशंसक शास्त्रवचन उद्दीपन विभाव हैं । शिर पर आग की भट्ठी जलाने आदि को स्वीकार कर लेना अनुभाव है । धृति आदि व्यभिचारिभाव हैं । इन सबसे क्षमावीर का अभिव्यञ्जन होता हीं है ।

इसी तरह बलवीर का समावेश उपर्युक्त चार भेदों में कहाँ किया जाय ? बलवीर का यह उदाहरण है—

"हे इन्द्र ? शेषनाग इस पृथिवी को धारण करना छोड़ दे, कूर्मावतार भगवान् भी इसे छोड़कर आनन्द करें । इस सम्पूर्ण जगत् को तो मैं अपने पंख के एक कोने में ही धारण कर सकता हूँ ।।"

यह इन्द्र के प्रति गरुड़ की उक्ति है । इसमें शेषनाग आदि आलम्बन हैं । उनकी प्रशंसा का श्रवण उद्दीपन है । पृथिवी के धारण के लिए किये गये इच्छादि अनुभाव हैं । गर्व आदि व्यभिचारिभाव हैं । इन सबसे बलवीर रस की व्यञ्जना होती है । इस प्रकार स्पष्ट है कि वीररस को पूर्वोक्त चार भेदों में हीं विभक्त करना केवल

ननु 'अपि वक्ति—' 'परिहरतु धराम्—' इति पद्यद्वये गर्व एव नोत्साहः, मध्यस्थपद्ये तु धृतिरेवध्वन्यते इति भावध्वनय एवैते न रसध्वनय इति चेत्? तर्हि युद्धवीरादिष्वपि गर्वादिध्वनितामेव किं न ब्रूयाः? रसध्वनिसामान्यमेव वा किं न तद्व्यभिचारिध्वननेन गतार्थयेः? स्थायिप्रतीतिर्दुरपह्नवा चेत्? प्रकृतेऽपि। अनन्तरोक्तपद्ये तु नोत्साहः प्रतीयते, दयावीरादिषु प्रतीयत इति तु राज्ञामा(राजा)ज्ञामात्रम्।

गर्व इति। पूर्वपद्ये स्वविद्याप्रकर्षज्ञानाधीनं परावहेलनम्, द्वितीये पुनः स्वबलोत्कर्षज्ञानाधीनं तदिति विवेकः। उत्साहो वीररसस्थायिरूपेण व्याख्यातपूर्वः। मध्यस्थं पद्यम् 'अपि बहलदहनजालम्' इत्यादि। धृतिः=शोकभयादिजन्योपप्लवनिवारणकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो धैर्यादिशब्दाभिधेयः। रसध्वनिसामान्यम्=रसध्वनिमात्रम्, सर्वं रसध्वनिमिति भावः। तद्व्यभिचारिध्वननेन=तत्तद्रसव्यभिचारिणां तत्र तत्र रसध्वनिस्थाने ध्वननमिति सर्वत्रैव भावध्वनिस्वीकारेण। अनन्तरोक्तपद्ये=पाण्डित्यवीराद्युदाहरणत्वेनोपन्यस्ते पद्यसमूहे। उत्साहः पाण्डित्यक्षमाबलोपाधिकः स क्रमेण। आज्ञामात्रमित्यनेन न युक्तिसिद्धमिति प्रदर्शितम्। तथा च सम्भवत्सु चतुर्भ्योऽधिकेष्वपि वीरभेदेषु चतुर्णामेवाङ्गीकारः प्राचामालङ्कारिकाणां प्रौढिवादमात्रमित्याशयः सन्दर्भस्य।

यादृच्छिक है, प्रामाणिक नहीं।

अब प्रश्न यह है—'अपि वक्ति······' इत्यादि पद्य में पाण्डित्य का दर्प और 'परिहरतु धराम्·········' इत्यादि पद्य में बल का दर्प ही अभिव्यज्यमान है, पण्डित्योत्साह और बलोत्साह नहीं; एवमेव 'अपि बहलदहनजालम्' इस मध्यगत पद्य में भी केवल धृति का अभिव्यञ्जन होता, क्षमोत्साह का नहीं; एवञ्च इन्हें क्रमशः पण्डित्यवीर, बलवीर और क्षमावीर के उदाहरण मानकर इनके आधार पर वीर रस के पूर्वोक्त चातुर्विध्य का निराकरण कैसे किया जा सकता? इसका उत्तर यह है—यदि पाण्डित्योत्साह आदि के स्थान में पाण्डित्यदर्प आदि भावों की ही व्यञ्जना मान्य हो तब तो युद्धवीरादिस्थलों में भी युद्धदर्पादि की ही प्रतीति मानिये, युद्धोत्साह आदि की नहीं; एवञ्च युद्धोत्साहादि की व्यञ्जना के आधार पर वीररस का उक्त चातुर्विध्य भी असंगत हो जाएगा। इस प्रकार सभी रसध्वनियों के स्थलों में उन उन भावों की ही अभिव्यञ्जना स्वीकार कर सभी रसध्वनियों का ही उच्छेद प्राप्त हो जाता। अतः यदि युद्धवीरादि-स्थलों में युद्धोत्साहादि की मुख्यतया व्यञ्जना इष्ट हो तो पाण्डित्यवीरादि की भी ध्वनि अवश्य मन्तव्य है। युद्धवीरादि इसलिए मान्य हैं कि इनके पूर्वनिर्दिष्ट उदाहरणों में युद्धोत्साहादि स्थायिभावों की प्रतीति

अद्भुतो यथा—

चराचरजगज्जालसदनं वदनं तव ।
गलद्गगनगाम्भीर्यं वीक्ष्यास्मि हृतचेतना ॥

कदाचिद्भगवतो वासुदेवस्य वदनमालोकितवत्या यशोदाया इयमुक्तिः। अत्र वदनमालम्बनम् । अन्तर्गतचराचरजगज्जालदर्शनमुद्दीपनम् । हृतचेतनत्वम्, तेन गम्यं रोमाञ्चनेत्रस्फारणादि चानुभावः । त्रासादयो व्यभिचारिणः । नैवात्र विद्यमानापि पुत्रगता प्रीतिः प्रतीयते, व्यञ्जकाभावात् ।

चराऽचरेत्यादि । चराचरात्मकस्य जगज्जालस्य सदनमाश्रयः । अत्र विस्मयपोषकत्वादुद्देश्यविधेयभावव्यत्यासो गुण एव । गलद्गगनेत्यादि । गलद् यद् गगनं तस्य गाम्भीर्यमिव गाम्भीर्यं यत्र । गगनस्योर्ध्ववीक्षणे गाम्भीर्यं प्रसिद्धम्, तादृशं गगनं यदि निपतेत् तर्हि निपतितेऽपि तस्मिन् तद्गाम्भीर्यं स्यादेवेत्याशयः । एवमर्थे तु 'गलद्गगनगम्भीरम्' इति पाठः श्रेयान् स्यात् । अथवा गगनस्य गाम्भीर्यं गगनगाम्भीर्यम्, तद् गलत्तिरस्कुर्वद्वदनम्, अन्तर्भावितण्यर्थत्वात् ।

का अपलाप नहीं किया जा सकता, परन्तु 'अपि व्यक्ति·········' आदि पद्यों में पाण्डित्योत्साहादि की व्यञ्जना नहीं होती; अतः पाण्डित्यवीरादि मान्य नहीं हैं—यह कहना सम्भव नहीं है, क्योंकि ऐसी निर्युक्तिक मान्यता तो राजाज्ञा मात्र में सम्भव है, विवेचकों की दृष्टि में नहीं । अतः पाण्डित्यवीरादि अनेकानेक सम्भावित भेदों की उपेक्षा कर वीर रस के केवल दानवीरादि चार भेद मानना असंगत है ॥

अद्भुत रस का उदारण निम्नलिखित है—

"हे कृष्ण ? तुम्हारे मुख को, जिसमें यह चराचरात्मक समस्त जगत् समाहित है और जो आकाश की भी गम्भीरता को अपमानित कर रहा है, देखकर मेरी तो चेतना हीं लुप्त हो गई है ॥"

किसी समय श्रीकृष्ण के पूर्ववर्णित मुख को देखकर यशोदा की यह उक्ति है । यहाँ उपरिवर्णित मुख आलम्बन है । मुख के अन्दर समस्त जगत् का दर्शन उद्दीपन विभाव है । चेतना की लुप्तता और इससे प्रतीयमान रोमाञ्च और आँखों का फैलना आदि अनुभाव हैं । गम्यमान त्रास आदि व्यभिचारिभाव हैं । अतः इन सबसे अभिव्यज्यमान विस्मय का रसपर्यन्त परिपाक होने से यह अद्भुत रस का उपयुक्त उदाहरण है । यद्यपि यशोदा की अपने पोष्य पुत्र श्रीकृष्ण में मातृसुलभ प्रीति है अवश्य तथापि वह यहाँ व्यङ्ग्य नहीं है, क्योंकि उदाहृत पद्य में उसका

प्रतीतायां वा तस्यां विस्मयस्य गुणत्वं न युज्यते। एवं कश्चिन्महापुरुषोऽयमिति भक्तिरपि तस्याः पुत्रे ममायं बाल इति निश्चयेन प्रतिबन्धादुत्पत्तुमेव नेष्टे। अतस्तस्यामपि विस्मयस्य गुणीभावो न शङ्क्यः।

यच्च सहृदयशिरोमणिभिः प्राचीनैरुदाहृतम्—

चित्रं महानेष तवावतारः क्व कान्तिरेषाऽभिनवैव भङ्गिः।
लोकोत्तरं धैर्यमहो प्रभावः काप्याकृतिर्नूतन एष सर्गः॥ इति,

प्रतीतायामित्यादि। यत्र विद्यमानत्वाद्वस्तुतस्तस्याः प्रतीतिः स्वीक्रियते तत्र परस्परविरुद्धत्वात्तत्प्रतिवध्योऽनुत्कटविस्मयो न संगच्छते, यत्र पुनरुत्कटो विस्मयः स्पष्टं प्रतीयते तत्रैतत्प्रतिबद्धा प्रीतिर्न प्रतीयते इति युगपदुभयोरसम्भवान्न प्रीतिविस्मययोरङ्गाङ्गिभावः शक्योपपाद इति तात्पर्यम्। प्रकृतपद्ये कथञ्चित् प्रतीयमानाऽपि प्रीतिरुत्कटं प्रतीयमानस्य विस्मयस्यात्मगुणीभावं न प्रतिपादयितुं क्षमा, अनुत्कटत्वादिति मर्मप्रकाशव्याख्यानम्। प्रीतिश्चात्र वात्सल्यरूपा प्रकृष्टविषयिण्याः परानुरक्तिरूपाया भक्तिपदाभिधेयाया विजातीयैव, अनयोरेव च प्रतिवध्यप्रतिबन्धकभावोऽनुभवानुरोधादिति बोध्यम्।

प्राचीनैः=काव्यप्रकाशकारैः। चित्रमित्यादि। बलिर्वामनमभिधत्ते। तवैष महान् नवश्चावतारश्चित्रम्, अलौकिकः। आश्चर्यमित्यपव्याख्यानम्, तथा सति स्थायिनो वाच्यत्वापत्तेः। एषा साक्षात्क्रियमाणा तव कान्तिः क्व? न कुत्रापीत्यर्थः। तव

अभिव्यञ्जक तत्व विद्यमान नहीं है। जहाँ प्रीति (वात्सल्य) व्यङ्ग्य होती वहाँ विस्मय की प्रतीति होती ही नहीं, क्योंकि उत्कट-अनुत्कट वात्सल्यस्वरूप प्रीति-विस्मय में विरोध होने से दोनों की एक साथ प्रतीति हो नहीं सकती। अतः उक्त प्रीति का प्रकृत में प्रतीयमान उत्कट विस्मय कभी गुण (अङ्ग) नही हो सकता। इसी प्रकार श्रीकृष्ण के प्रति यशोदा का पुत्रभाव होने से श्रीकृष्ण में उनके महापुरुषत्व के कारण यशोदा की भक्ति भी नहीं हो सकती, क्योंकि पुत्रभाव का निश्चय भक्ति का प्रतिबन्धक है। भक्ति सर्वदा भक्त की अपेक्षा भजनीय में जिस उत्कर्ष के ज्ञान की आवश्यकता रखती पुत्र के विषय में तादृश उत्कर्ष का ज्ञान हो नहीं सकता। अतः यशोदा का विस्मय उनकी श्रीकृष्णविषयक भक्ति का भी अङ्ग नहीं हो सकता।

सहृदय शिरोमणि प्राचीन आचार्य (मम्मट) ने अद्भुत रस का यह उदाहरण दिया है—

"हे भगवन्? यह तुम्हारा वामन अवतार अत्यन्त अलौकिक है; तुम्हारी यह छटा अन्यत्र कहाँ! यह शरीर-संघटना भी अपूर्व है; तुम्हारा धैर्य; प्रभाव और आकृति लोकोत्तर हैं; निश्चय ही यह एक नई सृष्टि है॥"

तत्रेदं वक्तव्यम्—प्रतीयतां नामात्र विस्मय; परं त्वसौ कथंकारम् [अद्भुतरस-]ध्वनिव्यपदेशहेतुः ? प्रतिपाद्यमहापुरुषविशेषविषयायाः प्रधानीभूतायाः स्तोतृगतभक्तेः प्रकर्षकत्वेनास्य गुणीभूतत्वात्। यथा महाभारते गीतासु विश्वरूपं दृष्टवतः पार्थस्य 'पश्यामि देवांस्तव देव देहे सर्वांस्तथा भूतविशेषसङ्घान्' इत्यादौ वाक्यसन्दर्भे। इत्थं चास्य रसालंका-

---

भङ्गिर्गमनादिक्रियाप्रकारोऽपि अभिनवैव, तव धैर्यमपि लोकोत्तरम्, प्रभावश्च तथा लोकोत्तर एव, अहो इति हर्षे विस्मये वा, एषा तवाकृतिरपि अलौकिकी, एष सर्गः शरीरं च नूतनोऽपूर्वः !

अत्र वामनालम्बनः कान्त्यादिदर्शनोद्दीपितो विस्मयो व्यज्यमानो रसो मुख्यत्वाद् ध्वनिपदव्यपदेश्य इत्याशयः काव्यप्रकाशकाराणाम्। तं निराचष्टे—तत्रेत्यादिना। प्रतीयतामिति। सर्वेषां लोकोत्तरत्ववर्णनाद् व्यज्यतां विस्मयः कथञ्चिदित्यर्थः। गुणीभूतत्वादित्यस्य भक्तेरिति शेषः। भक्तिर्नैवात्रेत्यत्र अत्रशब्देन चित्रमित्यादि पद्यं विवक्षितम्, तथा गीतोक्तमपि, प्रकरणात्तत्रापि भक्तिप्रतीतेः। दूरेत्यादि। सर्वत्रैव पद्ये वामनस्य लोकोत्तरधर्मवर्णनात्स्तुतिः प्रतीयत एवेत्याशयः।

इदमत्र विवेचनीयम्—प्रबन्धकाव्यान्तर्गतम् अङ्गरसाभिव्यञ्जकं पद्यं तत्तद्रसध्वनेरुदाहरणं भवितुमर्हति न वेति। तत्राद्ये निरपेक्षतयैव तस्य तत्त्वं निर्वाह्यम्। अन्त्ये तु स्वतः प्राधान्येऽपि अङ्गिरसापेक्षया प्राधान्याभावान्न तद् रसध्वनेरुदाहरणम्। तथा च प्रबन्धेऽङ्गिरसाभिव्यञ्जकं वाक्यं तन्द्रसध्वनेरुदाहरणम्, अन्येषां चोदाहरणानि यथायथं मुक्तकानि, तत्तद्रसप्रधानकाव्यगतानि तत्तदङ्गिरसाभिव्यञ्जकानि, अङ्ग्यपेक्षयाऽधिकप्रकर्षवत्त्वादङ्गतयाभिमतानामप्यनङ्गत्वं प्राप्तानां तत्तद्रसानामभिव्यञ्जकानि च वाक्यानीति। यथा तु सम्प्रदायस्तथा पूर्व एव पक्षः समर्थ्यते।

यह भगवान् वामन के प्रति बलि की उक्ति है। इस विषय में मेरा यही कथन है कि यहाँ वामनालम्बनक बलिनिष्ठ विस्मय की प्रतीति भले हीं हो पर वह अद्भुतरसध्वनिपर्यन्त प्रकर्ष को प्राप्त नहीं है, क्योंकि इसमें तो वामन के विषय मे बलि में जो महापुरुषत्व-बोध है उससे बलि में उत्पन्न वामन-विषयक भक्ति (=निरतिशय प्रेम) हीं प्रधान रूप में अभिव्यक्त हो रही है, प्रतीयमान विस्मय तो इसी भक्ति का पोषक—अङ्ग है, प्रधान नहीं। अतः इस विस्मय की स्थिति तो वही है जो गीता में "हे भगवन्! तेरे शरीर में तो मैं सभी देवों और भूत-भौतिक पदार्थों को समाहित देख रहा हूँ" ऐसा कहने वाले

रत्वमुचितम्। भक्तिर्नैवात्र प्रतीयत इति चेद्? दरमुकुलितलोचना अपि कुर्वन्तु सहृदयाः ॥

हास्यो यथा—

श्रीतातपादैर्विहिते निबन्धे निरूपिता नूतनयुक्तिरेषा।
अङ्गं गवां पूर्वमहो पवित्रं न वा कथं रासभधर्मपत्न्याः ॥

तार्किकपुत्रोऽत्रालम्बनम्। तदीया निःशङ्कोक्तिरुद्दीपिका। रदनप्रकाशादिरुद्वेगादयश्चानुभावव्यभिचारिणः।

तातपादैः = पितृचरणैः। कथमित्यनेन गर्दभधर्मपत्न्या गर्दभ्या अपि पूर्वाङ्गं गोपूर्वाङ्गवत् पवित्रम्, चतुष्पदस्त्रीपूर्वाङ्गत्वस्य पवित्रताधिकरणतावच्छेदकत्वेन तातपादाभिमतस्य तत्रापि तुल्यत्वादिति सूच्यते।

तार्किकपुत्र इति। तार्किकोऽत्रालम्बनमिति युक्तम्, मूलवक्तुरेवालम्बनत्वौचित्यात्। अन्यथा सर्वत्र कवेरेवालम्बनत्वापत्तेः। यद्वा श्रोतुस्तार्किकपुत्रवचनश्रवणादेव हासो जायत इति यथाश्रुतं संगमनीयम्। तदीया = आलम्बनतृ̥का। रदनेत्यादि। रदनं दन्तः, तस्य प्रकाशादिरनुभावः, उद्वेगादयश्च वक्ष्यमाणलक्षणा

अर्जुन मे श्रीकृष्णालम्बनक विस्मय की है। अतः जैसे अर्जुन में प्रतीयमान विस्मय अर्जुन की श्रीकृष्ण-विषयक भक्ति का अङ्ग है उसी तरह यह विस्मय भी बलि की वामन-विषयक भक्ति का अङ्ग है। अत एव 'चित्रं महानेष.........' इत्यादि पद्य में प्रतीयमान विस्मय अन्यत्र रसपर्यन्त प्रकर्ष को प्राप्त होने पर भी प्रकृत में भक्ति का अङ्ग होने से अलङ्कार मात्र है जिसे 'ब्राह्मणश्रमण' न्यायानुसार रसवदलङ्कार या रसालङ्कार कहा जा सकता है, रस नहीं। प्रकृत पद्य में भक्ति की प्रतीति नहीं होती—यह तो नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वामन के सब कुछ के लोकोत्तरत्व-कथन पर जरा-सा दृष्टिपात करते ही सहृदयों को बलिनिष्ठ वामन-विषयक भक्ति की प्रतीति होने में कोई संशय नहीं रह जाता। अतः उक्त उदाहरण असंगत है ॥

हास्य रस का उदाहरण निम्नलिखित है—

"मेरे पिता जी ने अपने निबन्ध (ग्रन्थ) में एक नई युक्ति बतलाई है कि यदि चतुष्पद गाय के शरीर का पिछला भाग धर्मशास्त्र के अनुसार पवित्र है तो गर्दभी के शरीर का पिछला भाग पवित्र क्यों न माना जाय? अर्थात् वह भी पवित्र है हीं ॥"

अपने कुतार्किक पिता की बात कहने वाला उसका पुत्र यहाँ हास्य का आलम्बन है। उसका निःशङ्क उक्त कथन उद्दीपन विभाव है और उसका दाँत बिचकाना एवम् उद्वेग आदि व्यभिचारिभाव हैं। इन सबसे हास्य रस की ध्वनि

अत्राहुः—

आत्मस्थः परसंस्थश्चेत्यस्य भेदद्वयं मतम् ।
आत्मस्थो द्रष्टुरुत्पन्नो विभावेक्षणमात्रतः ॥
हसन्तमपरं दृष्ट्वा विभावश्चोपजायते ।
योऽसौ हास्यरसस्तज्ज्ञैः परस्थः परिकीर्तितः ॥

व्यभिचारिण इति यथासंख्यमन्वयः ।

सम्प्रति हास्यभेदप्रभेदानाह—अत्राहुरित्यादिना । विभावेक्षणमात्रत इति । विभावो हासजनको विकृतवेषादिः, तस्य दर्शनमात्रादुत्पन्न इत्यर्थः । परस्थं वर्णयति—हसन्तमपरमित्यादिना । अयमाशयः—यदा विकृतवेषादिविभावज्ञान-युक्तमेकं हसन्तं पुरुषं दृष्ट्वा परो विभावमपश्यन्नपि हसति तदा परस्थो हास्य-रसः । तत्र च एक एव विभाव, एकत्र हासं प्रस्तूय परत्र तं संक्रामयति । एतच्च हासस्याम्लरसादिवत्संक्रमणस्वभावत्वादुपपद्यते । अत्र हसत एकस्य पुरुषस्य हास एव परस्थे विभाव इति रसचन्द्रिकाव्याख्यानमसत्, हासस्य विभावत्वानुल्लेखात्, अभिनवभारत्यामस्य स्पष्टं निरासाच्च । अतो हास एकस्थो निमित्तमात्रं परस्थ इति युक्तम् । यद्वैक एव हासः संक्रमणशीलः परत्रापि मृगमदवासनावत् प्रसरति, अतो निमित्तत्वमपि न घटते । अधिकरणभेदाच्च भेदबोध इति मन्तव्यम् । अन्यथा संक्रमणस्वभावताभङ्गप्रसङ्गः । यस्य तु हसन्तमपरं दृष्ट्वापि न हास-स्तत्र पूर्ववासनाया अभावस्तदुद्बोधाभावो वा हेतुः । यदा त्वेकं शोकाद्याविष्टं दृष्ट्वा परोऽपि शोकादिमान् भवति तदा तत्र परस्य विभावज्ञाने तदुत्थ आत्मस्थ एव शोकादिर्न परस्थः, तत्रान्यस्यैव शोकादेराविर्भावात् । यत्र तु एकनिष्ठशोकाद्या-लम्बनविभावाज्ञानेऽपि शोकादिः संक्रान्त इव प्रतीयते तत्रान्यः शोकादिरेवैकशोका-दिज्ञानजन्य इति न तत्रापि शोकादेः संक्रमणम् । तस्य च परगतशोकादेः शोकाद्या-विष्टचित्तः पुरुषः एव विभावः । अत एव शोकाद्याश्रयैकपुरुषदर्शनापरनिष्ठ-शोकाद्योश्चेष्टादिहेतुकैकपुरुषनिष्ठशोकाद्यनुमितिव्यवहितत्वमानुभविकम् । न चैवं

होती है ॥

हास्य रस के विषय में पूर्वाचार्यों ने यह कहा है—

हास्य रस के दो भेद हैं—आत्मस्थ और परस्थ । विकृत वेश-भूषादिस्वरूप विभाव के अवलोकन-श्रवणादि से सहृय में उत्पन्न (=अभिव्यक्त) हास रस आत्मस्थ है । किन्तु हँसते हुए किसी व्यक्ति को देखकर हँसने वाले अन्य व्यक्ति में अभिव्यक्त हास्य रस रस परस्थ है । हास की संक्रमणशीलता ही इस भेद का कारण है जिसके चलते विभावज्ञान से एक व्यक्ति में अभिव्यक्त हास्य

उत्तमानां मध्यमानां नीचानामप्यसौ भवेत् ।
त्र्यवस्थः कथितस्तस्य षड्भेदाः सन्ति चापरे ॥
स्मितं च हसितं प्रोक्तमुत्तमे पुरुषे बुधैः ।
भवेद्विहसितं चोपहसितं मध्यमे नरे ॥
नीचेऽपहसितं चातिहसितं परिकीर्तितम् ।
ईषत्फुल्लकपोलाभ्यां कटाक्षैरप्यनुल्बणैः ॥
अदृश्यदशनो हासो मधुरः स्मितमुच्यते ।
वक्त्रनेत्रकपोलैश्चेदुत्फुल्लैरुपलक्षितः ॥
किंचिल्लक्षितदन्तश्च तदा हसितमिष्यते ।
सशब्दं मधुरं कायगतं वदनरागवत् ॥

हासस्येति न शोकादेः संक्रमणशीलत्वं न वा परस्थत्वम् । यदि तु शोकादिमान् पुरुषो नालम्बनम् अपि तु शोकादिरन्यत्राज्ञातालम्बनकेपि संक्रामति इत्यभ्युपेयते तदापि तस्यानुत्कटत्वेन न रसपर्यन्तं परिपाकः, हासे तु संक्रान्तेऽपि उत्कटत्वमनुभवबलादास्थेयम् । यदि च संक्रान्तेऽपि शोकादावुत्कटत्वमानुभविकं तर्हि शोकादेरपि परस्थत्वे न विद्वेष इत्यास्तां तावत् । 'हसन्तमपरं दृष्ट्वा ...' इत्यादिपूर्वार्धबन्धस्तु शिथिलः । अत्र 'हसन्तमपरं द्रष्टुर्विभावस्सोपजायते' इति मधुसूदनशास्त्रिकल्पितं पाठं युक्ततरं मन्यामहे । अनुल्बणैः=सौन्दर्ययुक्तैः, असौन्दर्यजनकविकासरहितैरित्यर्थः । दशनः=दन्तः । काव्यगतमित्यपपाठः । कालगतमित्यप्ययुक्तम्, कायगतमिति युक्तमिति मर्मप्रकाशः । तत्र सम्पूर्णशरीरमान्दोलयदित्यर्थः । नाट्यशास्त्रे तु 'कालगतम्' इति पठ्यते ।

अन्य व्यक्ति को विभाव का ज्ञान न होने पर भी उसमें अभिव्यक्त हो जाता है । अन्य स्थायिभावों में संक्रमणशीलता न होने से उनका यह भेद-द्वय नहीं होता । यह हास्य उत्तमनिष्ठ, मध्यमनिष्ठ और अधमनिष्ठ होने के कारण तीन अवस्थाओं वाला होता है । इसके प्रकारान्तर से छः भेद होते । उत्तम पुरुष में 'स्मित' तथा 'हसित', मध्यम पुरुष में 'विहसित' तथा 'उपहसित' और अधम पुरुष में 'अपहसित' तथा 'अतिहसित' हास्य होते । उस मधुर हास को 'स्मित' कहते जिसमें हँसने वाले के गाल ज्यादा नहीं फूलते, कटाक्ष आकर्षक होते और उसके दाँत दिखाई नहीं पड़ते । 'हसित' उसे कहा जाता जिसमें हँसने वाले के मुख, नेत्र और कपोल खिल उठते और दाँत भी कुछ दिखाई पड़ने लग जाते । जिसमें शब्द भी निकलता हो, मुँह में लालिमा झलकती हो, आंखें सिकुड़ जाँय, और जो कोमल, मधुर हो एवं सम्पूर्ण शरीर को कम्पित

आकुञ्चिताक्षि मन्द्रं च विदुर्विहसितं बुधाः ।
निकुञ्चितांसशीर्षश्च जिह्मदृष्टिविलोकनः ॥
उत्फुल्लनासिको हासो नाम्नोपहसितं मतम् ।
अस्थानजः साश्रुदृष्टिराकम्पस्कन्धमूर्धजः ॥
शार्ङ्गदेवेन गदितो हासोऽपहसिताह्वयः ।
स्थूलकर्णकटुध्वानो बाष्पपूरप्लुतेक्षणः ॥
करोपगूढपार्श्वश्च हासोऽतिहसितं मतम् ॥ इति ।

भयानको यथा—

श्येनमम्बरतलादुपागतं शुष्यदाननबिलो विलोकयन् ।
कम्पमानतनुराकुलेक्षणः स्पन्दितुं नहि शशाक लावकः ॥

जिह्मदृष्टीति । जिह्मा दृष्टिः—

लम्बिताकुञ्चितपुटा शनैस्तिर्यङ्निरीक्षणी ।
निगूढा गूढतारा च जिह्मा दृष्टिरुदाहृता ॥ (ना० शा० ८।७०)

इति भरतेन लक्षिता, तया विलोकनं यत्रेति व्यधिकरणपदो बहुव्रीहिः । 'जिह्मदृष्टि-विलोचनः' इति पाठेऽपि व्यधिकरणबहुव्रीहिक्लेशो जायते । अस्थानजः= अस्थाने अनवसरे शोकादिकाले जायमानः । मूर्धजस्य केशस्योत्कम्पमानत्वकथनेन मूर्ध्नोऽपि तथात्वं सूच्यते ॥

सम्प्रति भयानकमुदाहरति—श्येनेत्यादिना । शुष्यदाननमेव बिलं यस्य स लावकः पक्षिविशेषः ।

सवेगापतनं श्येनस्यैव लावके । सञ्चारिण इत्यनन्तरं भयानकस्य व्यञ्जका इति बोध्यम् ।

कर देता हो उस हास को 'विहसित' कहते । इसीको भाषा में 'ठहाका' कहा जाता । 'उपहसित' उस हास को कहा जाता जिसमें कन्धा और सिर सिकुड़ जाँय, नजर तिरछी हो जाय और नाक फूल जाय । जो हास अनवसर में ही उत्पन्न हुआ हो, जिसमें आंखों में आंसू छलक आये हों और जिसमें कन्धा, शिर और बाल हिलने लगते हों उसे शार्ङ्गदेव ने 'अपहसित' कहा है । जिस हास में कर्णकटु मोटी आवाज होती हो, आंखों से आंसू की धार बहने लगे और हँसने वाला अपने हाथों से पेट को दवाने लगे उसे 'अपहसित' माना गया है ॥

अब भयानक रस का उदाहरण दिया जा रहा है--

"जब बटेर ने आसमान से नीचे उतरते हुए बाज को देखा तो उसका गला सूख गया, उसका देह काँपने लगा, उसकी आँखों में आँसू भर आये और वह वहाँ से हिल भी न सका ॥"

उदाहृत पद्य में प्रसाद-गुण तो सर्वांश में है हीं, 'चिन्तामीलितमानसो मनसिजः', 'मा कुरु मानमाननमिदम्' इन अंशों में माधुर्य-व्यंजकता और 'सख्यो विहीनप्रभाः' आदि में ओजो-व्यंजकता भी है हीं। अब प्रश्न यह है कि उक्त पद्य में शृङ्गार रस की अभिव्यक्ति के अभिप्रेत होने से शृङ्गाराश्रित माधुर्य का अभिव्यंजक वर्णविन्यास तो उचित है, किन्तु ओज के व्यंजक विन्यास की क्या उपयोगिता है, क्योंकि इसके आश्रयभूत रौद्र आदि रस तो प्रकृत पद्य से अभिव्यज्यमान हैं नहीं। इसके उत्तर में यह कहना है कि नायिका पर सखी के क्रोध की अभिव्यक्ति के लिए ओजो-व्यंजक रचना आवश्यक है। सखी में क्रोध होना इस लिए उचित है चूंकि

ल्यात् । किं बहुना ! रसस्यौजस्विनोऽमर्षादेर्भावस्य चाविवक्षायामपि वक्तरि क्रुद्धतया प्रसिद्धे, वाच्ये वा क्रूरतरे, आख्यायिकादौ प्रबन्धे वा, परुषवर्णघटनेष्यते । यथा वा—

वाचा निर्मलया सुधामधुरया यां नाथ शिक्षामदा-
स्तां स्वप्नेऽपि न संस्पृशाम्यहमहंभावावृतो निस्त्रपः ।
इत्यागःशतशालिनं पुनरपि स्वीयेषु मां बिभ्रत-
स्त्वत्तो नास्ति दयानिधिर्यदुपते मत्तो न मत्तः परः ॥

इत्यादिनोपदेशेन सूचिता इति बोध्यम् । अत्र क्रोधस्य स्थायित्वे शृङ्गारभङ्गप्रसङ्ग इत्यतस्तस्यात्र व्यभिचारित्वमुपपादयति—किं बहुनेत्यादिना । वाच्ये=विवक्षितेऽर्थे । प्रबन्धे वेत्यत्र वा-शब्दः समुच्चये, तेन मुक्तकस्यापि संग्रहः ।

सम्प्रति प्रसादस्यासङ्कीर्णोदाहरणमप्याह—यथा वेत्यादिना ।

वाचेत्यादि । हे नाथ यदुपते ! निर्मलया सुधामधुरया च वाचा श्रुतिगीतादिरूपया त्वं मह्यं यां शिक्षामदास्तामहमहङ्कारावृतविवेकोऽत एव निर्लज्जः स्वप्नेऽपि किमुत जाग्रद्दशायां न संस्पृशामि नानुसरामि । संस्पृशामीत्यस्य स्मरामीति रसचन्द्रिकाव्याख्यानमसत्, विरुद्धत्वात् । जाग्रत्स्वप्नयोरननुसरणं वाच्यमेव, सुषुप्तौ तु तदसम्भव एवेति भावः । एतेन सर्वावसरेषु शिक्षोपेक्षा गम्यते । अत एव पुनः पुनरुपेक्षया आगःशतशालित्वमुपपद्यते । तथाविधमपि क्रियासमभिहारेण-

---

नायिका को समझाते-बुझाते वह थक चुकी है, पर वह मूढ़ नायिका अपना हठ छोड़ने को तैयार नहीं । यह तथ्य उत्तरार्ध में निर्दिष्ट वर्णन से भी स्पष्ट होता है । इस विषय में (कि शृङ्गार आदि रसों में भी कदाचित् क्रोध की अभिव्यक्ति उचित है) अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि ओजोगुण-युक्त रसों की और उनके अमर्ष आदि व्यभिचारिभावों की अभिव्यक्ति के अभिप्रेत न होने पर भी आख्यायिका आदि गद्य-काव्यों और प्रबन्ध-काव्यों में ओजो-व्यंजक रचना देखी जाती है यदि वक्ता स्वभावतः क्रोधी हो अथवा वक्तव्य अर्थ हीं क्रूर—कठोर हो तो । अतः उक्त उदाहरण में अंशतः ओजो-व्यंजक रचना अनुचित नहीं है ।

अथवा दूसरा उदाहरण—जिसमें केवल प्रसाद है, अन्य कोई गुण नहीं—'वाचा निर्मलया……' आदि पद्य है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"हे भगवन् ! मैं अहङ्कार से ओतप्रोत ऐसा निर्लज्ज अधम हूँ कि तुमने निर्मल और अमृत के समान मधुर वेदादि शास्त्रों द्वारा मुझे जो उपदेश दिये उनका तो मैं स्वप्न में भी पालन नहीं करता, फिर भी तुमने असंख्य अपराध करने वाले मुझे अपने परिजनों में स्थान दे दिया है । अतः हे यदुनाथ ! न तो तुम से बढ़कर कोई

अत्र गुणान्तरासमानाधिकरणः प्रसादः ॥

इदानीं तत्तद्गुणव्यञ्जनक्षमाया निर्मितेः परिचयाय सामान्यतो विशेषतश्च वर्जनीयं किंचिन्निरूप्यते—वर्णानां स्वानन्तर्यं सकृदेकपदगतत्वे किंचिदश्रव्यम्। यथा—'ककुभसुरभिः, विततगात्रः, पललमिवाभाति' इत्यादौ। असकृच्चेदधिकम्। यथा—'विततततरस्तरुरेष भाति भूमौ।'

पराध्यन्तं मां स्वकीयेषु परिजनेषु बिभ्रतस्त्वत्त उत्कृष्टतरोऽन्यो दयानिधिर्नास्ति, नापि मदधिकतरः कश्चनान्यो मत्त उन्मत्तोऽस्तीति पद्यार्थः।

अत्र प्रसादस्य गुणान्तराऽसामानाधिकरण्यं कथमिति विवेचनीयम्। 'मत्तो न मत्तः' इत्यत्र दीर्घसमासाभावात् कथञ्चिदोजस अभावोपपादनेऽपि पदविशेषे वाचेत्यादौ माधुर्यस्याभावो न स्वीकर्तुं शक्यते यतः। पदसमूहात्मकमंशमादाय वा पदे वर्त्तमानस्यापि गुणान्तरस्यात्राऽनभिव्यञ्जनमिति संगमनीयं कथञ्चित्। समूहश्चाव्यवहितानामिति तु प्रसिद्धमेव। वस्तुतश्चिन्त्यमेवैतत्।

ककुभेत्यादि। अत्र ककारस्य स्वानन्तर्यम्। यद्यप्यत्रापि पूर्वककारोत्तरककारयोरकारेण व्यवधानादानन्तर्यं नास्ति तथापि व्यञ्जनस्फुटोच्चारणार्थं ह्रस्वस्याकारस्य प्रसिद्धतया तदतिरिक्तह्रस्वाकारस्यापि तज्जातीयत्वेन तद्व्यवधानेऽ-

---

दया-निधान है और न मुझसे बढ़कर कोई उन्मत्त—कर्त्तव्यच्युत अधम ॥"

इस पद्य में ग्रन्थकार का कहना है कि यहाँ केवल प्रसाद-गुण है, अन्य कोई गुण नहीं। परन्तु चतुर्थ चरण में (विशेष कर 'मत्तो न मत्तः' इस अंश में) ओजोव्यञ्जकता क्यों न मानी जाय—यह विचारणीय है ॥

अब भिन्न-भिन्न गुण की व्यंजकता में समर्थ रचना का परिचय देने के लिये सभी गुणों के व्यंजक रचनाओं में और गुणविशेष-व्यंजक रचना-विशेष में जिन वर्णविशेषों का प्रयोग वर्जनीय है उनका क्रमशः निरूपण किया जा रहा है। इनमें प्रथमतः सामान्यरूप में वर्जनीय क्या हैं यह बताया जा रहा है—

किसी भी व्यजन का एक पद में बिना व्यवधान[1] के दो बार प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे वह पद (तथा तत्पदघटित वाक्य भी) अश्रव्य—सुनने में अप्रिय हो जाता है। जैसे—'ककुभसुरभिः', 'विततगात्रः', 'पललमिवाभाति' इत्यादि शब्दों में एक पद मे क्रमशः 'कक', 'तत' और 'लल' के प्रयोग से अश्रव्यता आ गई है। यदि दो से अधिक बार प्रयोग किया गया हो तब तो और भी अधिक अश्रव्यता आ जाती है। यथा—'विततततरस्तरुः' इस शब्द में एक ही

---

१. अकार का व्यवधान अथवा किसी अन्य ह्रस्वस्वर का व्यवधान होने पर भी ग्रन्थोक्त आनन्तर्य—अव्यवधान मान्य है।

एवं भिन्नपदगतत्वेऽपि। यथा—'शुक करोषि कथं विजने रुचिम्' इत्यादौ। असकृद्भिन्नपदगतत्वे ततोऽप्यधिकम्। यथा—'पिक ककुभो मुखरीकुरु प्रकामम्'। एवं स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं सकृदेकपदगतत्वे किंचिदश्रव्यम्। यथा—'वितथस्ते मनोरथः'। असकृच्चेदधिकम्। यथा—'वितथतरं वचनं तव प्रतीमः'। एवं भिन्नपदगतत्वे। यथा—'अथ तस्य वचः श्रुत्वा' इत्यादौ। असकृद्भिन्नपदगतत्वे तु ततोऽप्यधिकम्। यथा—'अथ तथा कुरु येन सुखं लभे'। एतच्च वर्गाणां प्रथमद्वितीययोस्तृतीयचतुर्थयोरान-

---

न्त्यानन्तर्यमुक्तम्। अत एवानुपदं गुरुव्यवायेनाश्रव्यत्वस्यातिरेकं वक्ष्यति। पूर्वोक्तस्याकारस्य ह्रस्वत्वादिना साजात्यं विवक्षितं चेद् ह्रस्वस्वरमात्रव्यवधानेऽप्यानन्तर्यं न विघटत इत्यपि बोध्यम्। भिन्नपदगतत्वेऽपीत्यस्य सकृत् स्वानन्तर्यं किञ्चिदश्रव्यम् इति शेषो बोध्यः। भिन्नपदगतत्वे इत्यग्रेऽपि सकृत् स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं किञ्चिदश्रव्यमिति शेषः। एतच्च = स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं च। प्रथमद्वितीययोरित्यादौ क्रमो न विवक्षितः। अतो व्युत्क्रमेणानन्तर्येऽपि तथैवाश्रव्यत्वम्। तथा =

'विततत्तरः' पद में 'त' का लगातार तीन बार प्रयोग होने से अधिक अश्रव्यता आ गई है। यदि पद की भिन्नता होने पर भी लगातार दो या अधिक बार किसी एक व्यंजन का प्रयोग किया गया हो तो भी क्रमशः सामान्य एवं असामान्य रूप में अश्रव्यता आ जाती है। 'शुक करोषि······' और 'पिक ककुभो······' ये दो क्रमशः उदाहरण हैं। प्रथम में दो पदों—'शुक' और 'करोषि' में लगातार दो बार 'क' का प्रयोग और द्वितीय में 'पिक,' 'ककुभो' इन दो पदों में कुल मिलाकर तीन बार 'क' का प्रयोग होने से क्रमशः अश्रव्यता और अश्रव्यतातिशय आ गये हैं। इसी प्रकार, यदि एक हीं वर्ग के दो व्यंजनों का किसी एक पद में लगातार एक-एक बार प्रयोग हुआ हो तो भी अश्रव्यता आ जाती है। जैसे='वितथस्ते मनोरथः' इस वाक्य के 'वितथ' पद में लगातार 'त' और 'थ' का प्रयोग अश्रव्यताजनक है। यदि समानवर्गीय व्यंजनों का अनेक बार प्रयोग एक पद में किया गया हो तब तो यह अश्रव्यता और भी अधिक बढ़ जाती है। जैसे—'वितथतरं वचनं······' इस वाक्य के 'वितथतरं' पद में 'त-थ-त' के प्रयोग से अश्रव्यता उत्कट रूप में है। अश्रव्यता की यही स्थिति भिन्न पदों में समानवर्गीय अनेक व्यंजनों का एक-एक बार और अनेक बार (दोनों में से किसी एक का भी दूसरे के बाद) प्रयोग होने पर आ जाती है। उदाहरणार्थ—'अथ तस्य······' इत्यादि वाक्य में 'अथ' पद में 'थ' के बाद 'तस्य' पद में 'त' के प्रयोग से कुछ अश्रव्यता आ हीं गई है। 'अथ तथा कुरु······' इत्यादि वाक्यों में तो 'थ-त-थ' के प्रयोग से उत्कट अश्रव्यता है। किन्तु समानवर्गीय दो व्यंजनों के आनन्तर्य में जो अश्रव्यता आती है वह प्रथम

न्तर्यम् । प्रथमतृतीययोर्द्वितीयतृतीययोर्वाऽऽनन्तर्यं तु तथा नाश्रव्यम्, किं त्वीषत्, निर्माणमार्मिकैकवेद्यम् । एतदप्यसकृच्चेत्ततोऽधिकत्वात्साधारणैरपि वेद्यम् । यथा—'खग कलानिधिरेष विजृम्भते', 'इति वदति दिवानिशं स धन्यः' । पञ्चमानां मधुरत्वेन स्ववर्ग्यानन्तर्यं न तथा । यथा – 'तनुते तनुतां तनौ' । स्वानन्तर्यं त्वश्रव्यमेव । यथा—'मम महती मनसि व्यथाविरासीत्' ।

एतानि चाश्रव्यत्वानि गुरुव्यवायेनापोह्यन्ते । यथा—'संजायतां कथंकारं काके केकाकलस्वनः' ।

अधिकम् । ईषदित्यस्य तात्पर्यमाह—निर्माणमार्मिकैकवेद्यमिति । स्वानन्तर्यम् = वर्गस्थपञ्चमानां स्वानन्तर्यमित्यर्थः ।

सञ्जायतामित्यादौ 'काके', 'केके', 'केका', 'काक' इत्यत्र च गुरुव्यवायः ।

द्वितीय व्यंजनों तथा तृतीय और चतुर्थ व्यंजनों के विषय में हीं समझनी चाहिए । जहाँ तक समानवर्गीय प्रथम-तृतीय और द्वितीय-तृतीय व्यञ्जनों के भिन्न पदों में एक बार आनन्तर्य का प्रश्न है, अश्रव्यता तो उसमें भी है हीं, किन्तु अत्यल्प । इसे कुछ विशिष्ट रचनाकार—कवि हीं समझ सकते, साधारणजन नहीं, जब कि पूर्व-वर्णित अश्रव्यता तो साधारण जन के भी समझ में आ जाती है । हाँ, यदि इनका भी आनन्तर्य अनेक बार हो तो स्पष्ट रूप में अश्रव्यता आ हीं जाती है जिसका साधारणजन को भी अनुभव हो हीं जाता है । 'जैसे 'ख-ग-क' इस प्रकार द्वितीय-तृतीय-प्रथम समानवर्गीय व्यंजनो के प्रयोग से जो अश्रव्यता है वह सुस्पष्ट है । इसी प्रकार 'इति वदति दिवानिशं······' इस वाक्य में भी 'द-ति-दि' यह आनन्तर्य-प्रयोग सुस्पष्ट रूप में अश्रव्य है हीं । किन्तु सभी वर्गों के पञ्चम व्यंजनों के मधुर होने से इनका यदि स्ववर्गीय व्यंजनों से आनन्तर्य हो तो भी उसमें अश्रव्यता नही आती । जैसे 'तनुते तनुतां तनौ' इस वाक्य में प्रथम-पञ्चम का अनेक बार आनन्तर्य होने पर भी अश्रव्यता नहीं आई है । हाँ, यदि समान पंचम व्यञ्जनों का आनन्तर्य हो तब अश्रव्यता आ हीं जाती है । जैसे—'मम महती मनसि ···' इत्यादि वाक्य में ।

यदि उपर्युक्त अश्रव्यताधायक एक अथवा एकवर्गीय व्यंजनों के मध्य गुरु स्वर (दीर्घ-स्वर) हो तो उपर्युक्त अश्रव्यता नहीं आती । जैसे—'संजायतां ··· काके केकाकल····' इत्यादि वाक्य में 'काके' 'केके', 'केका' और 'काक' शब्दों में दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्यता नहीं है ।

यथा वा—

यथा यथा तामरसायतेक्षणा मया सरागं नितरां निषेविता ।
तथा तथा तत्त्वकथेव सर्वतो विकृष्य मामेकरसं चकार सा ॥

इदं तु दीर्घव्यवाये । सयोगपरव्यवाये तु—

सदा जयानुषङ्गाणामङ्गानां सङ्गरस्थलम् ।
रङ्गाङ्गणमिवाभाति तत्तत्तुरगताण्डवैः ॥

यथा यथेत्यादि-पद्यपूर्वार्द्धे 'था ता' इत्यत्र, पद्योत्तरार्धे च 'तथा तथा तत्त्व' इत्यत्र 'थात' 'थात' इत्यनयोर्गुरुव्यवायेनाश्रव्यत्वनिरासः । 'तथा तथा' इत्यत्र तु तकारथकारयोर्गुरुव्यवायाभावादानन्तर्यं भवत्येवाश्रव्यमिति वक्ष्यति—इदं तु बोद्धव्यमित्यादिग्रन्थेन । तत्त्वशब्दे तु प्रथमतकारोत्तराकारस्य संयोगपरतया गुरुत्वेन तद्व्यवायान्नाश्रव्यत्वमिति बोध्यम् । प्रकृतपद्ये तामरसायतेक्षणेत्यस्य कमलोत्फुल्ललोचनेत्यर्थः । एकरसमित्यत्रैकशब्दो नायिकार्थकः, उपमाने तु ब्रह्मार्थको बोध्यः ।

'संयोगे गुरु' इति शास्त्रानुसारेण प्रसिद्धमूलकेन संयोगपूर्ववर्त्तिनो ह्रस्वस्यापि पारिभाषिकं गुरुत्वमस्त्येवेति तद्व्यवायेऽपि गुरुव्यवायकृतमश्रव्यत्वाभावमाह—संयोगेत्यादिना ।

सदा जयेत्यादि । सर्वदा जयेऽनुषङ्गः सम्बन्धो येषान्तेषामङ्गदेशाधिपानां

अन्य उदाहरण भी देखिए—'यथा यथा ताम''' तत्त्व' आदि पद्य में । इसमें '(य) था ता (म''')' में द्वितीय-प्रथम का आनन्तर्य दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्य नहीं है । इसी प्रकार उत्तरार्द्ध में '(त) था त' और 'था तत्त्व' में दीर्घ-स्वर के व्यवधान से अश्रव्यता का निराकरण हो जाता है । 'त(त्व)' में त-कारोत्तरवर्त्ती अकार में 'संयोगे गुरु' के अनुसार दीर्घत्व ज्ञातव्य है । किन्तु 'तथा-तथा' में प्रथम-तृतीय के आनन्तर्य में तो सूक्ष्म अश्रव्यता है हीं । इसी प्रकार 'तत् (व)' में स्वानन्तर्य-प्रयुक्त अश्रव्यता वर्त्तमान है । 'मामे''''' में पञ्चम का स्वानन्तर्य-प्रयुक्त अश्रव्यता का भी दीर्घ व्यवधान के कारण अभाव ज्ञातव्य है । पद्यार्थ इस प्रकार है—

"ज्यों ज्यों मै कमल के समान विकसित नेत्रों वाली इस कामिनी की अधिकाधिक सेवा (सम्पर्क) करता गया त्यों-त्यों तत्त्व-कथा की तरह इसने मुझे सब तरफ से मोड़कर एकरस कर दिया ॥" तात्पर्य यह है कि जैसे तत्त्वविद्या-सम्पन्न व्यक्ति को सर्वत्र-सर्वदा तत्त्व—ब्रह्म हीं ब्रह्म दीखता है वैसे हीं मुझे सर्वत्र-सर्वदा यही कामिनी दीखती है ।

ये सब उदाहरण स्वतः दीर्घ-स्वर के व्यवधान से अश्रव्यता के निराकरण के हैं । (इनमें भी 'तत्त्व' शब्द में जो दीर्घ-स्वर का व्यवधान है वह तकारोत्तरवर्त्ती

इदं तु बोद्धव्यम्—गुरुर्ययोर्व्यवधायकस्तयोरेव वर्णयोरानन्तर्यकृतमश्रव्यत्वमपवदति। तेनात्र थकारतकारानन्तर्यकृतदोषापवादेऽपि तकारथकारानन्तर्यकृतमश्रव्यत्वमनपोदितमेव।

एव त्र्यादीनां संयोगोऽपि प्रायेणाश्रव्यः—'राष्ट्रे तवोष्ट्र्यः परितश्चरन्ति' इति। एवमादयः श्रुतिकाटवभेदा अन्येऽप्यनुभवानुसारेण बोध्याः।

सङ्गरस्थलं रणभूमिः तस्य तस्य तुरगस्य ताण्डवैः रङ्गाङ्गणं नृत्यशालेवाभातीति पद्यार्थः। रङ्गाङ्गणेत्यत्र णत्वं चिन्त्यम्। अनेककर्तृकत्वात्ताण्डवानां बहुत्वमुक्तम्। अत्र च पद्ये चतुर्थपादे 'तत्तत्तु···' इत्यत्र प्रथमद्वितीययोर्ह्रस्वाकारयोः संयोगपरत्वेन तद्व्यवधानादश्रव्यत्वाभावः। '(आभा) ति त···' इत्यत्र तु ह्रस्वेकारव्यवधानेऽपि स्वानन्तर्यसत्त्वादश्रव्यत्वमनपनोदितमेव मन्तव्यम्। अत्र परवसर्णभूयस्त्वं दोषः।

प्रकारान्तरमाह—एवमित्यादि। त्र्यादीनामित्यत्रादिशब्दश्चतुर्णां ग्राहकः, तदधिकानां संयोगस्याऽप्रसिद्धत्वात्। राष्ट्र इत्युदाहरणे ष्ट्र इत्यत्र त्रयाणां ष्ट्र्य

अकार के स्वरूपतः दीर्घ होने से नहीं, अपितु उसके संयोग-पूर्वक होने से) इसके अतिरिक्त संयोग-पूर्ववर्त्ती ह्रस्व-स्वर के पारिभाषिक गुरुत्व—दीर्घत्व को लेकर दीर्घ-स्वर के व्यवधान के आधार पर अश्रव्यता के अभाव का (एक अन्य) उदाहरण 'सदा जयानु··· तत्तत्तुरगताण्डवैः' इस पद्य में द्रष्टव्य है। यहाँ 'तत्तत्···' आदि शब्द में दो तकार-द्वयों का आनन्तर्य संयोगपूर्वत्व-निमित्तक गुरु—दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्यताधायक नहीं है। इस पद्य का अर्थ यह है—

"जिनका जय के साथ नित्य सम्बन्ध बना हुआ है ऐसे अङ्गदेश के राजाओं की युद्धभूमि विभिन्न अश्वों के ताण्डव से नृत्य-शाला के समान शोभित हो रही है।।"

इस प्रसङ्ग में यह ज्ञातव्य है कि जिन दो के बीच स्वाभाविक या पारिभाषिक दीर्घ-स्वर होता उन्हीं दोनों के आनन्तर्य में अश्रव्यतापादकता नहीं होती; गुरु-व्यवधानरहित व्यञ्जनों, चाहे जिनके बीच दीर्घ स्वर हो उन्हीं में से कोई एक क्यों न हो, के आनन्तर्य में तो अश्रव्यता होगी ही। अतएव 'यथा यथा····' इत्यादि उदाहरण में 'तथा' शब्द में तकार-थकार के और 'तत्तु' शब्द में तकार तकार के आनन्तर्य से अश्रव्यता बनी ही है। इसी प्रकार, 'सदा जयानु····' इत्यादि उदाहरण में भी '(····भा) ति त (त्तुरग····)' के आनन्तर्य से जो अश्रव्यता है वह भी अक्षुण्ण है।

उपर्युक्त अश्रव्यता के समान तीन-चार व्यंजनों का संयोग भी सामान्यतया अश्रव्य होता। जैसे—'राष्ट्रे तवोष्ट्र्यः परितश्चरन्ति' इस पद्यांश में 'ष्ट्रे' शब्द में

अथ दीर्घानन्तर्यं संयोगस्य भिन्नपदगतस्य सकृदप्यश्रव्यम्; (असकृत्तु सुतराम्) ॥

हरिणीप्रेक्षणा यत्र गृहिणी न विलोक्यते ।
सेवितं सर्वसंपद्भिरपि तद्भवनं वनम् ॥

असकृत्तु सुतराम्[१] । यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला ।'

इत्यत्र चतुर्णां संयोगः । प्रपञ्च्यतामित्यादौ त्र्यादीनां संयोगस्य श्रुतिकटुत्वाभावात् प्रायेणेत्युक्तम् । दीर्घानन्तर्यमित्यत्र दीर्घो न संयोगपरो ह्रस्वो विवक्षितः । असकृदिति । सरूपस्य विरूपस्य वेति नानयोर्विशेषः । सुतरामित्यस्याधिकमित्यर्थः । अग्रे वर्णनादिदं प्रक्षिप्तमत्र ।

हरिणीत्यादि । यत्र भवने हरिण्याः प्रेक्षणमिव प्रेक्षणं यस्यास्तादृशी गृहिणी प्रियतमा न विलोक्यते तद्भवनं सर्वसम्पद्भिः परिपूर्णमपि वस्तुतो वनं निवासायोग्यं स्थानमेव गृहस्थस्य कृत इत्यर्थः । वनशब्दोऽत्रौपचारिकः । अत्र च पद्ये प्रेक्षणेति उत्तरपदादेः प्रेतिसंयोगस्य णीशब्दोत्तरं सत्त्वादश्रव्यत्वम् । असकृदित्यादि ।

ष् ट् र् का संयोग और 'ष्ट्र्यः' शब्द में ष्-ट्-र्-य् का संयोग अश्रव्य है । कभी-कभी इनमें अश्रव्यत्व नहीं भी होता । जैसे—'सन्त्वमी' इत्यादि शब्दों में न्-त्-व् का संयोग । इसी प्रकार अन्य अश्रव्यत्व—श्रुतिकटुत्व के भेदों का अनुसन्धान पाठक को अपने अनुभव के आधार पर स्वयं करना चाहिए ।

दीर्घ स्वर[२] के बाद यदि भिन्न-पदगत एक भी संयोग हो तो वह अश्रव्य होता, अनेक होने पर तो कुछ कहना ही नहीं । जैसे—'हरिणीप्रेक्षणा यत्र ···', इत्यादि पद्य में 'णी' इसके बाद 'प्रे' इस संयोग में अश्रव्यता है । इसी प्रकार 'हरिणीप्लुता' शब्द में 'णी' के बाद 'प्लु' इस संयोग में भी अश्रव्यता है ही । उदाहृत पद्य का अर्थ इस प्रकार है :—

"जिस भवन में मृगनयनी गृहिणी न देखी जाय वह सभी सम्पत्तियों से युक्त होने पर भी भवन नहीं, अपितु वन ही है ॥"

परन्तु दीर्घ-स्वर के बाद यदि भिन्न-पदगत संयोग बारम्बार[३] आये हों

---

१. अग्रे मुद्रितोऽप्ययं पाठः प्रसङ्गानुरोधादत्रास्माभिः स्थापितः ।[३]

२. यहाँ स्वाभाविक दीर्घ-स्वर विवक्षित है, पारिभाषिक नहीं ।

३. 'विवक्षितमित्यदोषः' इस परवर्त्ती ग्रन्थ के बाद मुद्रित—'असकृत्तु सुतराम् । यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला ।'' अंश को 'हरिणीप्रेक्षणा' आदि पद्य के बाद औचित्य के आधार पर मैंने रखा है । इसी से यहीं इस अंश की व्याख्या की गयी है ।

एकपदगतस्य तु तथा नाश्रव्यम्। यथा—'जाग्रता विचितः पन्थाः शात्रवाणां वृथोद्यमः'। परसवर्णकृतस्य तु संयोगस्य सर्वथा दीर्घाद्भिन्नपदगतत्वाभावान्मधुरत्वाच्चानन्तर्यं न मनागप्यश्रव्यम्। यथा—'तान्तमालतरुकान्ति-' इत्यादिपद्ये। अत्र तामित्यत्र नीमित्यत्र च परस·

भिन्नपदगतस्य संयोगस्यानेकवारं प्रयोगेऽधिकमश्रव्यत्वमित्यर्थः।

तथा=दीर्घानन्तर्यं संयोगस्य सकृदसकृद्वा। यद्वाऽसकृत्संयोगस्य दीर्घानन्तर्यमित्यनुवर्त्य तथेत्यस्य सुतरामश्रव्यमित्यर्थः कार्यः। तथा च किञ्चिदश्रव्यत्वं भवत्येवेति तात्पर्यं कल्पनीयम्, जाग्रतेत्युदाहरणे जा, शा, थो इति त्रयाणां संयोगपूर्वाणां दीर्घाणामुपलम्भात्। सर्वथेति। अव्यवहितयोर्द्वयोर्हलोः संयोगसंज्ञेति पक्षे परस्य हलः परपदावयवत्वेन तद्घटितसमुदायरूपस्य संयोगस्य न पूर्णतः पूर्वपदघटकत्वं न वा पूर्णत उत्तरपदघटकत्वमित्यभिप्रायेणोक्तं सर्वथेति। दीर्घादित्यस्य आनन्तर्यमित्यनेनान्वयः। नीमित्यत्रेत्यादि। लङ्घिनीङ्किङ्करीत्येतद्घटकस्येत्यर्थः।

तब तो अश्रव्यता का आधिक्य हो जाता है। जैसे—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला' इस पद्यांश में 'षा' के बाद 'प्रि' और 'ता' के बाद 'त्र' इन संयोगों में अधिक अश्रव्यता है। किन्तु यदि दीर्घोत्तरवर्त्ती संयोग एक-पदनिष्ठ हो, अर्थात् जिस पद में दीर्घ स्वर हो उसी पद में दीर्घोत्तरवर्त्ती संयोग भी हो, तो अश्रव्यता नहीं आती। जैसे—उक्त पद्य में ही 'विलोक्यते' पद में 'लो' में दीर्घ स्वर के बाद 'क्य' में क्-य् का संयोग अश्रव्य नहीं है। इसी प्रकार 'जाग्रता विचित. पन्थाः शात्रवाणां वृथोद्यमः' (शत्रुओं का सारा प्रयास निरर्थक हो गया, क्योंकि जगे हुए उसके विरोधी ने उसके गुप्त मार्ग को खोज लिया) इस पद्यार्ध में 'जा' के बाद 'ग्र' और 'शा' के बाद 'त्र' इन संयोगों में अश्रव्यता नहीं है। यदि दीर्घ-स्वर के बाद का भिन्न-पदगत संयोग परसवर्ण-सन्धि से निष्पन्न-परसवर्णादेशहल्घटित हो तो उसमें अश्रव्यता—श्रुतिकटुता नहीं आती। इसके दो कारण हैं—एक तो यह कि उस संयोग का घटक पूर्ववर्त्ती व्यञ्जन पूर्व-पद का अन्त्यावयव होता और इस लिए उस परसवर्णनिष्पन्न व्यञ्जन तथा परवर्त्ती पद के आद्य व्यञ्जन का संयोग उत्तरवर्त्ती पद का आद्य अवयव होता हीं नहीं, उसका अवयव तो उस संयोग का केवल परवर्त्ती व्यञ्जन होता जो स्वयं में संयोग नहीं हैं। दूसरा कारण यह है कि परसवर्णनिष्पन्न संयोग स्वरूपतः मधुर होता जिससे उस संयोग के ह्रस्व या दीर्घ स्वर के परवर्त्ती होने पर भी उसमें अश्रव्यता आ हीं नहीं सकती। जैसे—'तान्तमालतरुकान्ति···' इत्यादि पूर्वोदाहृत पद्य में 'न्त' और 'न्ति' में जो संयोग हैं वे दीर्घ स्वर से परवर्त्ती होने पर भी उक्त कारणों से अश्रव्य नहीं हैं। यह विचार

वर्णस्य पूर्वपदभक्ततया न संयोगो भिन्नपदगतः। प्रत्येकं संयोगसंज्ञेति पक्षेऽपि भिन्नपदगतः संयोगो न दीर्घादव्यवहितपरः। नवाम्बुदेत्यत्र त्वे-

---

तानित्यत्र नीङित्यत्यत्र च इति पाठः श्रेयान्। प्रत्येकमित्यादि। अयं च पक्षः संयोगसंज्ञासूत्रभाष्योक्तः। एवञ्च परसवर्णनिष्पन्नो हलेकः संयोगः, यस्मिश्च परे परसवर्णः सोऽन्यः संयोग इति लभ्यते। तथा च तान्तमाले-त्यादौ न् इत्येकः, त् इत्यपरः संयोगः। भिन्नपदगतः संयोगः = परपदाद्या-वयवहल्रूपः। न दीर्घादित्यादि। पूर्वपदान्त्यावयवभूतेन परसवर्ण-निष्पन्नहला संयोगरूपेण व्यवधानादिति भावः। यश्च पूर्वः संयोगः परसवर्णरूपः स न भिन्नपदगत इत्यपि बोध्यम्। 'तान्तमाल' इत्यादिपद्यद्वितीयपादघटके 'नवाम्बुद' शब्दे विचारयति—नवाम्बुदेत्यादिना। एकादेशस्य = नव + अम्बुदेत्यत्र

तो पूर्व और उससे अव्यवहितोत्तरवर्ती दोनों व्यञ्जनों के समूह की संयोग संज्ञा होती है—इस पक्ष के अनुसार किया गया। अब पाणिनि के "हलोऽनन्तराः संयोगः" इस संयोग-संज्ञाविधायक सूत्र के महाभाष्य में निर्दिष्ट पक्षान्तर—'प्रत्येकं संयोग-संज्ञा', अर्थात् जो दो व्यञ्जन अव्यवहित पूर्वापर हों—जिन दो व्यञ्जनों के मध्य में कोई स्वर न हो—उनमें से प्रत्येक व्यञ्जन संयोग कहलाता—पूर्व व्यञ्जन भी एक संयोग है और परवर्त्ती व्यञ्जन भी एक संयोग है—के अनुसार भी विचार करने पर परसवर्णनिष्पन्न संयोग में श्रुतिकटुता नहीं आती, क्योंकि जो प्रथम संयोग परसवर्णनिष्पन्न व्यंजन है वह यदि दीर्घ स्वर के बाद आया भी हो तो वह भिन्न-पदगत नहीं होता और जो द्वितीय संयोग—परवर्त्ती पद का आद्यावयव व्यंजन है वह पूर्ववर्त्ती पद के दीर्घ-स्वर से नहीं अपितु उसके अन्त्यावयवभूत परसवर्णनिष्पन्न प्रथमसंयोगस्वरूप व्यंजन से परवर्त्ती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि परसवर्णनिष्पन्न संयोग वहां भी श्रुतिकटु नहीं होता जहां उसका एक व्यंजन पूर्वपद का अन्त्यावयव हो और दूसरा दूसरे पद का आद्यावयव। जहां एक हीं पद में परसवर्ण है वहां तो उसके श्रुतिकटु होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। अब 'तान्तमालतरुकान्ति…' आदि पद्य के उत्तरार्ध में आये 'नवाम्बुद…' एवं इस प्रकार के अन्य 'म्बु' आदि शब्दों में जो दीर्घ स्वर के बाद परसवर्ण-निष्पन्न संयोग श्रूयमाण हैं उनके विषय में विचार कर लेना चाहिए कि वे श्रुतिकटु (अश्रव्य) होते या नहीं। एकादेश के विषय में पाणिनि का एक योग है—"अन्तादिवच्च" (६।१।८५)। इसका अर्थ यही है कि पूर्व-पर स्वरों के स्थान में हुआ एक आदेश, जैसे अ + अ के स्थान में हुआ सवर्णदीर्घ एकादेश 'आ', साधारणतया पूर्वपद का आद्यावयव भी माना जाता और परपद का अन्त्यावयव भी। इसके अनुसार नव + अम्बुद इन दो पदों में पूर्वपद 'नव' के अन्तिम अकार और परपद 'अम्बुद' के आद्य अकार के

कादेशस्य पदद्वयभक्ततया दीर्घाद्भिन्नपदगतत्वे सत्यव्यवहितोत्तरत्वं यद्यपि परसवर्णकृतसंयोगस्य भवति तथाप्यत्र भिन्नपदगतत्वमेकपदगतभिन्नत्वं विवक्षितमित्यदोषः। (असकृत्तु सुतराम्। यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता

सवर्णदीर्घस्य आकारस्य। पदद्वयभक्ततयेति। 'अन्तादिवच्च' इति पाणिन्यनुशासनादित्यर्थः। तथा च आकारोऽयं पूर्वपदस्यान्तावयवोऽपि मन्यते, उत्तरपदस्याद्यावयवोऽपि। तत्र च पूर्वपदस्यान्तावयवत्वे 'म्बु' इत्यस्य दीर्घादव्यवहितोत्तरसंयोगत्वादश्रव्यत्वापत्तिरिति पूर्वपक्षः। अम्बुशब्दश्च भौवादिकाद् 'अबि शब्दे' इत्यात्मनेपदिनो धातोर्बाहुलकादौणादिके उ-प्रत्यये धातोश्चेदित्त्वान्नुमागमे 'अन्बु' इत्यत्र नकारस्यापदान्तस्य परसवर्णे च कृते निष्पन्न इति भवति 'म्ब्' शब्दस्य परसवर्णकृतसंयोगत्वम्। एकपदगतभिन्नत्वमिति। अत्र पञ्चमीतत्पुरुषे हरिणीप्रेक्षणेति पूर्वोदाहरणे समस्तादेकपदाद्भिन्नपदगतत्वाभावो भवत्येव प्रेतिसंयोगस्येति तत्राश्रव्यत्वोक्तिरसंगता स्यादित्यत एकपदगतश्च तद्भिन्नश्चेत्येकपदगतभिन्नस्तत्त्वमिति विग्रहो न्याय्यः। तथा च यत्र संयोगे ऐकपद्ये समासादौ दीर्घाव्यवहितोत्तरत्वमथ च तद्भिन्न ऐकपद्याभावेऽपि तथा तस्यैवाश्रव्यत्वमिति स्थितौ हरिणीप्रेक्षणेत्यत्रोभयथापि दीर्घाव्यवहितोत्तरत्वसत्त्वादश्रव्यत्वोपपत्तिः, नवाम्बुदेत्यत्र तु एकादेश एव संयोगस्य 'म्ब्'-इत्यस्य तथात्वान्नाश्रव्यत्वमिति तात्पर्यमुत्तरपक्षस्य। एकपदगतभिन्नत्वमित्यत्र पञ्चमीसमासाभिप्रायेण प्रकारान्तरेण रसचन्द्रिकायां कृतः परिष्कारो युक्तोऽपि ग्रन्थाक्षराननुगुणत्वादस्माभिरुपेक्षितः। असकृत्त्वित्यादि। अयमंशो व्याख्यातपूर्वः। एषेत्यादि। अत्र प्र-क्व-त्रेति त्रिषु संयोगेष्वश्रव्यत्वाधिक्यम्।

स्थान में सवर्णदीर्घस्वरूप एकादेश से निष्पन्न दीर्घ स्वर (नव्+) 'आ' पूर्व-पद का आद्यावयव माना हीं जा सकता है (अर्थात् 'नवा' पूर्व-पद हो जाता है)। इससे भिन्न पद 'म्बुद' में जो संयोग है वह दीर्घ-स्वर के बाद आने वाला भिन्नपदगत परसवर्ण-निष्पन्न संयोग है हीं। अतः इसमें अश्रव्यता माननी चाहिए या नहीं।[1] समाधान करते हुए पण्डितराज कहते हैं कि पूर्वोक्त 'भिन्नपदगत संयोग' का तात्पर्य उस संयोग में है जो 'एकपदगतभिन्न' हो। इसका आशय यही है कि जो संयोग समास एवम् सन्धि आदि करने पर भी दीर्घ-स्वर के अव्यहित उत्तर में भिन्न पद के आरम्भ में श्रूयमाण हो और उनके विना भी पूर्वपदवर्ती दीर्घ-स्वर से अव्यवहित उत्तर में भिन्न पद में श्रूयमाण हो वही 'भिन्नपदगत संयोग' के रूप में विवक्षित है, अन्य प्रकार का संयोग नहीं। ऐसी स्थिति में, परसवर्णनिष्पन्न

---

१. यह विचार परसवर्णनिष्पन्न संयोग की स्वाभाविक मधुरता की मान्यता को ध्यान में न रखकर किया गया है। इसका उद्देश्य 'भिन्नपदगत' शब्द का परिष्कृत अर्थ प्रस्तुत करना है।

त्रपाकुला'।) इदं चाश्रव्यत्वं काव्यस्य पङ्गुत्वमिव प्रतीयते।

अथ स्वेच्छया संध्यकरणं सकृदप्यश्रव्यम्। यथा--'रम्याणि इन्दुमुखि ते किलकिञ्चितानि'। प्रगृह्यताप्रयुक्तं त्वसकृदेव—'अहो अमी इन्दुमुखी-

---

पूर्वोक्तं सर्वमेवाश्रव्यत्वं वक्ष्यमाणं च काव्यांशविशेषे वर्त्तमानं सच्छरीरे वर्त्तमानेन पङ्गुत्वेन तुल्यं चमत्कारापहारि, ततश्च रसाद्यप्रतीत्यापत्तिरित्याह—इदं चेत्यादिना।

प्रकारान्तरमश्रव्यत्वस्याह --स्वेच्छयेत्यादिना। स्वेच्छया=अनुशासन विना। 'णि' 'इन्द्र' इत्यत्रेकारसवर्णदीर्घसन्ध्यभावः स्वेच्छया कृतः। 'चन्द्रमुखि !' इति पाठे तु नाश्रव्यत्वं स्यात्। असकृदेवेति। एतेन सकृत् प्रगृह्यताप्रयुक्तसन्ध्यभावो नाश्रव्यत्वापादक इति लभ्यते, अन्यथा काव्ये तदनुशासनानर्थक्यमननुष्ठानलक्षणं स्यात्। सकृदनुष्ठानेन शास्त्रसार्थक्ये पुनस्तदननुष्ठानं न शास्त्रवैयर्थ्यात्मकमिति तात्पर्यम्। अहो इत्यत्र 'ओत्' इति सूत्रेण, 'अमी' इत्यत्र च 'अदसो मात्' इति सूत्रेण प्रगृह्यता। चन्द्रमुखीतिपाठे त्वत्राप्यश्रव्यत्वमपनुद्यते। एवमेव=असकृत्

संयोग दीर्घ-स्वर से अव्यवहितोत्तरवर्त्ती और भिन्नपदगत हो ही नहीं सकता। अतः परसवर्णनिष्पन्न संयोग कभी भी अश्रव्य नहीं होता। यह काव्यगत अश्रव्यता प्राणियों में पाई जाने वाली पङ्गुता (लंगड़ापन) के समान है जो रस-प्रवाह को अवरुद्ध कर देती है। अतः वर्जनीय है।

पूर्वोक्त अश्रव्यता से अतिरिक्त नियमप्राप्त स्वरसन्धि आदि का न करना भी अश्रव्यताधायक है। जैसे--'रम्याणि इन्दुमुखि ते किलकिञ्चितानि' (अरी चन्द्रमुखी ! तेरे ये भाव, जो मित्रादि की प्राप्ति से उत्पन्न हर्ष के कारण मुस्कुराहट, शुष्क रोदन और क्रोध आदि से मिश्रित हैं, बड़े ही आकर्षक है)। इस पद्यांश में 'णि' के इकार और 'इन्दु' के इकार के स्थान में प्राप्त सवर्णदीर्घ न करने से अश्रव्यता आ गई है। इसी प्रकार 'प्रगृह्य-संज्ञा' के कारण 'प्रकृतिभाव' हो जाने पर सामान्यतः स्वर-सन्धियाँ जहाँ नहीं हो पातीं ऐसे पदों का अनेक बार एक वाक्य में प्रयोग करने पर भी अश्रव्यता आ जाती। उदाहरणार्थ—'अहो अमी इन्दुमुखीविलासाः' (चन्द्रमुखी के ये विलास अद्भुत हैं!) इस पद्यांश में 'अहो' इस निपात के 'ओत्' (पा० सू० १।१।१५) सूत्रानुसार और 'अमी' पद के 'अदसो मात्' (पा० सू० १।१।१२) सूत्रानुसार प्रगृह्य-संज्ञक हो जाने से क्रमशः पूर्वरूप और सवर्णदीर्घ सन्धियाँ नहीं हो पातीं। अतः व्याकरणानुसार इस प्रयोगों में शुद्धता होने पर भी अश्रव्यता है ही। इसी तरह यदि किसी काव्य मे अनेक बार 'लोपः शाकल्यस्य' (पा० सू० ८।३।१९) सूत्रानुसार यकार अथवा वकार का लोप किया गया हो तो भी अश्रव्यता का अनुभव होता।

विलासाः'। एवमेव च य-व-लोपप्रयुक्तम्—'अपर इषव एते कामिनीनां दृगन्ताः'।

कथं तर्हि—

भुजगाहितप्रकृतयो गारुडमन्त्रा इवावनीरमण ।
तारा इव तुरगा इव सुखलीना मन्त्रिणो भवतः ॥

सन्ध्यकरणम् । अत्र च 'लोपः शाकल्यस्य' इति य-व-लोपानुशासनस्य त्रिपादीस्थत्वेन सपादसप्ताध्यायीस्थगुणादिविधिं प्रत्यसिद्धत्वाद् भवति सन्ध्यकरणम्। असकृदेवं सत्यश्रव्यत्वम् । सकृत्त्वनुशासनानुष्ठानार्थत्वान्न तथा । अपर इषव इत्यत्रायादेशघटकस्य इषव एते इत्यत्र च यादेशस्य पूर्वोक्तेन सूत्रेण विकल्पेन लोपः कृतः ।

भुजगेत्यादि । हे अवनीरमण ? भवतो मन्त्रिणः भुजगानां सर्पाणामहिता प्रकृतिर्येषां ते भुजगाऽहितप्रकृतयो गरुडसम्बन्धिमन्त्रा इव भुजगानां विटानामहिता

जैसे—'अपर इषव एते कामिनीनां दृगन्ताः' (कामिनियों के ये कटाक्ष दूसरे बाण हीं तो हैं) । इस पद्यांश में 'अपरे + इषवः' इस स्थिति में 'रे' के एकार के स्थान में 'एचोऽयवायावः' (पा० सू० ६।१।७८) द्वारा विहित अय् आदेश के अवयव 'य्' का और 'इषवः + एते' इस स्थिति मे विसर्गादेश के असिद्ध हो जाने से प्राप्त रेफ के स्थान में 'भो-भगो-अघो...योऽशि' (पा० सू० ८।३।१७) सूत्र द्वारा विहित 'य्' का पूर्वोक्त सूत्र से लोप किये जाने से अश्रव्यता आ गई है। अब प्रश्न यह है कि यदि उपर्युक्त य्, व् के लोप से वाक्य में अश्रव्यता आ जाती है तो फिर पण्डितराज ने स्वयं हीं—'भुजगाहितप्रकृतयो गारुडमन्त्रा इवावनीरमण। तारा इव तुरगा इव सुखलीना मन्त्रिणो भवतः ।।' इस पद्य का निर्माण कैसे किया, क्योंकि इसमें भी 'मन्त्राय् इव', 'ताराय् इव', 'तुरगाय् इव' के स्थान पर जो '... मन्त्रा इव', 'तारा इव', 'तुरगा इव' ये पाठ हैं इनमें 'लोपः शाकल्यस्य' (पा० सू० ८।३।१९) के अनुसार 'य्' का बारम्बार लोप किया गया है। इसके उत्तर में पण्डितराज ने यह कहा है कि उक्त पद्य में य् के लोप के बिना हीं 'मन्त्रायिव', 'तारायिव', 'तुरगायिव' पाठ होने से अश्रव्यता नहीं है। यह य्-लोपाभाव उक्त लोप-विधि के वैकल्पिक—शाकल्यमात्र आचार्य के मत में लोप और अन्य आचार्यों के मत में उसका अभाव—होने से सम्भव है। 'सुखलीनाय् मन्त्रिणो' के स्थान पर 'हलि सर्वेषाम्' (पा० सू० ८।३।२२) सूत्र से नित्य य्-लोप यद्यपि किया गया है तथापि इसका बाहुल्य—एक से अधिक बार—न होने से इस अंश में अश्रव्यता नहीं है। पद्यार्थ निम्नलिखित है—

" हे राजन् ! आपके मन्त्री तो भुजगों—सर्पों के लिए अहितकर स्वभाव वाले गरुड़-मन्त्रों के समान भुजगों—धूर्तों के लिए अहितकर स्वभाव वाले, अच्छी तरह

इति भवदीयं काव्यमिति चेत् ? अकृत्वैव तलोपं पाठान्न दोषः ।

एवं रोरुत्वस्य हलि लोपस्य यण्गुणवृद्धिसवर्णदीर्घपूर्वरूपादीनां नैकट्येन बाहुल्यमश्रव्यताहेतुः । एवमिमे सर्वेऽप्यश्रव्यभेदाः काव्यसामान्ये वर्जनीयाः ।।

अथ विशेषतो वर्जनीयाः । तत्र मधुररसेषु ये विशेषतो वर्जनीया अनुपदं वक्ष्यन्ते त एवौजस्विष्वनुकूलाः, ये चानुकूलतयोक्तास्ते प्रतिकूला इति सामान्यतो निर्णयः । मधुररसेषु दीर्घसमासं झयूघटितसंयोगपरह्रस्वस्य

प्रकृतिर्येषां ते भुजगाऽहितप्रकृतयः, सुष्ठु खे गगने लीनाः सुखलीनास्तारा इव, अथ च सुष्ठु खलीनं कविका ('लगाम' इति लोके प्रसिद्धम्) येषां ते सुखलीनास्तुरगा इव सुखलीनाः सुखे लीनाः निमग्नाः सन्ति । अत्र 'मन्त्रा इव', 'तारा इव' 'तुरगा इव' इत्यत्र त्रिषु यलोपः पूर्वोक्तसूत्रेण विहितः, तस्यासिद्धत्वाद्गुणसन्धिर्न भवतीत्यश्रव्यत्वं भवतः काव्येऽप्यापतितमिति प्रश्नः । उक्तस्य यलोपस्य वैकल्पिकत्वेन तल्लोपमकृत्वैव 'मन्त्रायिव' 'तारायिव', 'तुरगायिव' इति पाठेन निवारणीयमश्रव्यत्वमित्युत्तरम् । दोषान्तराणि निर्दिशति—एवमित्यादिना । नैकट्येन = अव्यवधानेन, स्वल्पव्यवधानेन वा । अतएव प्रबन्धे दूरेणैषां प्रयोगबाहुल्येऽपि नाश्रव्यत्वं यदि क्वचित् क्वचिद्वाक्ये सकृत्प्रयोगः । एकस्मिन्नेव वाक्ये प्रबन्धघटकेऽप्यसकृत्प्रयोगे त्वश्रव्यत्वं भवेदेव । बाहुल्यमिति । एतेनैषां सकृत् प्रयोगे दोषाभाव उक्तः ।।

सम्प्रति तत्तद्गुणानुकूलरचनासु वर्जनीयानाह—अथेत्यादिना । सामान्यत इति । विशेषापेक्षत्वाद्विशेषतो बोध्यमिदम् । दीर्घसमासमिति । अस्य वर्जयेदित्यनेनान्वयात् सकृदपि मधुररसे दीर्घसमासस्य वर्जनीयत्वमुक्तम् । अन्येषान्त्वसकृत्प्रयोगं वर्जयेदिति स्पष्टमेवोक्तम् । झयूघटितेत्यादि । झय्-प्रत्याहारघटितः संयोगः परो

आकाश में लीन (सु + ख + लीनाः) तारों के समान और सुन्दर लगाम वाले घोड़ों के समान (सु + खलीनाः येषाम्) सुख में निमग्न (सुख + लीनाः) हैं ।।"

उक्त अश्रव्यता-प्रकारों से अतिरिक्त अश्रव्यता उस काव्य में भी आ जाती है जिसमें 'रु' के स्थान में उत्व, 'हलि सर्वेषाम्' सूत्रानुसार य्-लोप, यण्-सन्धि, गुण-सन्धि, सवर्णदीर्घ-सन्धि, पूर्वरूप एवं पररूप आदि सन्धियाँ लगातार एक से अधिक बार की गई हों, केवल एक बार करने अथवा दूर-दूर अनेक बार करने पर भी अश्रव्यता नहीं आती । इस प्रकार स्पष्ट है कि किसी भी सत्कवि को अपने काव्य में उपर्युक्त अश्रव्यताओं तथा अनुभवानुसार अन्य अश्रव्यताओं का भी बाधायक विन्यास कदापि नहीं करना चाहिए ।।

अब एक-एक गुण के अभिव्यञ्जक काव्य में विशेष रूप से वर्जनीय शब्दों का निरूपण किया जा रहा है—इस प्रसङ्ग में सर्वप्रथम यह ज्ञातव्य है कि शृङ्गारादि मधुर रसों में शीघ्र ही जिन्हें वर्जनीय कहा जाने वाला है वे ओजस्वी वीरादि रसों

विसर्जनीयादेशसकारजिह्वामूलीयोपध्मानीयानां टवर्गझयां रेफहकारान्यतरघटितसंयोगस्य हलां ल-म-न भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्य झयूद्वयघटितसंयोगस्य चासकृत्प्रयोग नैकट्येन वर्जयेत्। सवर्णझयूद्वयघटितसंयोगस्य

यस्मादिति बहुव्रीहिः। विसर्जनीयेत्यादि। विसर्जनीयस्थानिक आदेशः सकारादिरित्यर्थः। तेन विसर्जनीयस्याऽसकृत्प्रयोगेऽवर्जनीयत्वं सिध्यति। एतच्च 'सानुरागास्सा' इत्यादिवक्ष्यमाणोदाहरणे पूर्वार्धमात्रस्य माधुर्याननुगुणत्ववर्णनेन लभ्यते। तथा च तदवतरणवाक्ये विसर्जनीयप्राचुर्यमित्यस्य विसर्जनीयस्थानिकादेशसकारप्राचुर्यमित्यर्थो बोध्यः। अत एव 'विसर्गसकार' इति पूर्वोक्त ओजोव्यञ्जकगुम्फवर्णनवाक्ये विसर्जनीयादेशः सकार इत्यर्थः। सकारश्चात्र स्वस्थानिकशकारस्याप्युपलक्षणम्। विसर्जनीयश्च तदादेशाश्चेत्यादिरूपेण समासे विवक्षिते तु वक्ष्यमाणोदाहरणस्य तुरीये पादे 'कान्तायाः स्वान्तवृत्तयः' इति मुद्रितपाठस्थाने उत्तरार्धस्य माधुर्याननुगुणत्वोपपादनाय कान्तायास्स्वान्तवृत्तयः' इति पठनीयम्। स्वात्मनेति। स्वाभिन्नेनेत्यर्थः। टवर्गझयामिति। टवर्गसहितानां टवर्गसहचरितानां वा झयामित्यर्थः। द्वन्द्वे तु काव्यस्यैतादृशस्य विरलविषयत्वापत्तिः। चतुर्णां टवर्गीयाणां झयूत्वेऽपि विशेषेण वर्जनीयत्वप्रतिपादनाय ब्राह्मणवसिष्ठन्यासेन पृथगुपादानं मन्तव्यं द्वन्द्वपक्षे। झयूभिन्नस्य णकारस्य ग्रहणार्थं टवर्गग्रहणमिति रसचन्द्रिका। तदयुक्तम्, णकारस्यात्र वर्जनीयत्वाभावात्। उपपादयिष्यते चैतदग्रेऽपि एतदुदाहरणव्याख्यानावसरे। पूर्वस्त्वर्थो युक्तः। अत एव समुच्चितानामेवोदाहरण-

---

में अनुकूल, और जिन्हें मधुर रसों में अनुकूल माना गया है वे ओजस्वी रसों में प्रतिकूल होते। मधुररसाभिव्यञ्जक रचना में दीर्घ-समास का तो कभी प्रयोग नहीं करना चाहिए। साथ ही, झय्-प्रत्याहार (झ्, भ्, घ्, ढ्, ध्, ज्, ब्, ग्, ड्, द्, ख्, फ्, छ्, ठ्, थ्, च्, ट्, त्, क्, प्) के व्यञ्जन के संयोग से पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर का; विसर्जनीयस्थानिक[1] आदेशों—स् अथवा श्, जिह्वामूलीय, उपध्मानीयों का; टवर्ग से सन्निकृष्ट झय्-प्रत्याहारान्तर्गत व्यंजनों का; रेफ अथवा हकार से घटित संयोग का; ल्, म्, और न् को छोड़कर अन्य व्यंजनों के उन्हीं व्यंजनों के साथ (त्+त) संयोग का और झय्-प्रत्याहारान्तर्गत भिन्न-भिन्न दो व्यंजनों के संयोग का एक से अधिक बार निकट में प्रयोग नहीं करना चाहिए। झय्-प्रत्याहारान्तर्गत सवर्ण व्यञ्जन (च्+छ् आदि) का और शर्[2] (—श्, ष्,

---

१. विसर्जनीय और उसके आदेशों······इस प्रकार भी अर्थ किया जा सकता है।

२. यद्यपि शल् प्रत्याहार (श्, ष्, स्, ह्) महाप्राण हैं तथापि हकारघटित-संयोग के असकृत्—एक से अधिक बार—प्रयोग के वर्जनीय होने से यहाँ केवल शर्-प्रत्याहारान्तर्गत व्यञ्जनों का निषेध किया गया है।

र्भिन्नमहाप्राणघटितसंयोगस्य सकृदपीति संक्षेपः ॥

दीर्घसमासो यथा—

लोलालकावलिबलन्नयनारविन्द-
लीलावशंवदितलोकविलोचनायाः ।
सायाह्नि प्रणयिनो भवनं व्रजन्त्या-
श्चेतो न कस्य हरते गतिरङ्गनायाः ॥

मपि दास्यते । नैकट्येनेति । नैकट्यं चात्र वैवक्षिकमेकानुभवप्रवाहपतितत्वं वा बोध्यम् । सकृदपीत्यत्रापिशब्देनासकृत्प्रयोगस्य सुतरां वर्जनीयत्वमुक्तम् ।

वर्जनीयानामुदाहरणानि क्रमेणाह—दीर्घेत्यादिना ।

लोलालकेत्यादि । लोलानां चञ्चलानां मुखोपरिस्फुरतामलकानां केशानां या आवलिस्तया बलद् आच्छन्नमावृतं यन्नयनारविन्दं तस्य लीलया विलासपूर्णया आच्छादकाऽलकावलिनिक्षेपाय क्रियमाणेन व्यापारेण वशम्वदितान्येकान्तत आकृष्टानि लोकानां विलोचनानि यया तस्याः, अथचैवंरूपेण सायाह्नि स्वप्रियतमस्य भवनं व्रजन्त्या अङ्गनाया गतिः कस्य रसिकस्य मनो न हरत इत्यर्थः । अत्र हरतेरात्मनेपदं चिन्त्यम् ॥

अत्र पूर्वे व्याख्यातारः वलदिति अन्त.स्थादि चलनार्थकं धातुं मत्वा व्याचक्षते । तत्र चलनार्थकस्य वलधातोः परस्मैपदः कथमित्यवगन्तुं न शक्यते । अतो बलन्निति पवर्गादिः पाठः कर्त्तव्यः । धातूनामनेकार्थत्वाच्च प्राणनार्थकस्य बलधातोरर्थान्तरं प्रकृतोपयोगि मन्तव्यम् । वलदितिपाठान्तरकल्पनमप्यरसिकत्वं तेषाम्प्रमाणयति, लीलेत्यनेनोक्तार्थत्वं चेति । यदि तु कथञ्चिदन्तःस्थादिरेव वलधातुः परस्मैपदीति

स्) को छोड़कर अन्य महाप्राण व्यञ्जनों (पाँचों व्यञ्जन-वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ व्यञ्जनों) से घटित संयोग का तो एक बार भी प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

दीर्घसमास का प्रयोग 'लोलालकावलि···' इत्यादि पद्य में किया गया है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"चञ्चल केश-कलाप से आच्छन्न नेत्र-कमल के विलासपूर्ण व्यापार से लोगों के लोचन को बरवश आकृष्ट करती हुई शाम के समय अपने प्रेमी के घर की ओर जाने वाली अभिसारिका की गति किस रसिक के मन को आकृष्ट नहीं कर लेती ? अर्थात् सब के मन को आकृष्ट कर हीं लेती है ॥"

इस पद्य का पूर्वार्द्ध एक समस्त पद है । अतः यह मधुर रस के प्रतिकूल निबन्धन है ।

झय्घटितसयोगपरह्रस्वानां प्राचूर्य नैकट्येन यथा—

हीरस्फुरद्रदनशुभ्रिमशोभि किं च
सान्द्रामृतं वदनमेणविलोचनायाः।
वेधा विधाय पुनरुक्तमिवेन्दुबिम्बं
दूरीकरोति न कथं विदुषां वरेण्यः॥

अत्र भ्रिशब्दपर्यन्तं शृङ्गाराननुगुणम्। शिष्टं तु रमणीयम्। उत्तरार्धे ककारतकाररूपझय्द्वयसंयोगस्य सत्त्वेऽपि प्राचुर्याभावान्न दोषः। यदि

मन्यते तर्हि तस्य सम्वरणरूपमाह्लादकमर्थं विहाय चलनार्थकत्वाभ्युपगमस्तेषां रसिकत्वे न प्रमाणमित्यालोचनीयम्।

हीरस्फुरदित्यादि। हीरा हीरका इव स्वच्छतया स्फुरन्तो ये रदना दन्तास्तेषां शुभ्रिम्णा धवलतया शोभनशीलमथच च सान्द्रममृतं यत्र (अधरोष्ठे तद्घटितम्) मृगाक्ष्या वदनं विधाय विदुषां वरेण्यः श्रेष्ठो वेधा प्रजापतिः पुनरुक्तमिवेन्दुबिम्बं पूर्वविहितमपि कथं न दूरीकरोति ? यथा पूर्वप्रयुक्तमपि शब्दमनन्तरं विवक्षितार्थवाचकमधुरतरशब्दप्रयोगे कृते विदुषां वरेण्यो दूरीकरोति निरस्यति तथैव वेधसापि कर्त्तव्यम्, तथा चाऽकुर्वन् वेधा न विदुषां वरेण्योऽपितु हीन एवेति तात्पर्यम्। मर्मप्रकाशादौ तु नञः काकुप्रयोगमाश्रित्य परिवेषच्छलेन परिभ्रमणच्छलेन वा दूरीकरोत्येवेत्यपि तात्पर्यान्तरमुक्तम्। तत्र लट्प्रयोगोऽत्र काक्वाश्रयणे ईषत्प्रतिकूल इव प्रतीयते।

अत्र च पद्ये 'स्फु' 'द्र' 'भ्रि' इति फकार-दकार-भकारात्मकझय्घटितसंयोगानां नैकट्येन प्रयोगात् माधुर्याननुगुणत्वं भ्रिशब्दान्तस्य भागस्येत्याह—अत्रेत्यादिना। झय्द्वयेत्यादि। संयोगस्य द्वयोः पर्याप्तत्वात् प्रत्येकमादायास्य झय्घटितत्वम्, स्वस्य

झय्-प्रत्याहार के व्यञ्जनों से घटित संयोगों से पूर्ववर्त्ती ह्रस्व स्वरों का निकटता से प्रचुर प्रयोग 'हीरस्फुरद्रदन····' आदि पद्य में किया गया है। पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"प्रथमोक्त अर्थ का अभिधान जब पुनः (कुछ उत्कृष्ट रूप में) हो जाता है तब लेखक प्रथम शब्द को दूर—काट कर अलग–कर देता है। ऐसी स्थिति में जब विद्वानों मे श्रेष्ठ विधाताने मृगनयनी कामिनी के हीरे के समान चमकते दातों से सुशोभित और गाढ़े अधरामृत से परिपूर्ण मुख का निर्माण कर ही लिया तब स्वरचित चन्द्रमण्डल को हटा क्यों नहीं लेता ?"

इस पद्य में (····· शु)भ्रि' शब्द तक मधुररस के प्रतिकूल विन्यास है, क्योंकि 'स्फु', 'द्र' और 'भ्रि' इन तीन झय्-घटित संयोगों से पूर्व अ-अ-उ इन तीन ह्रस्व स्वरों का प्रयोग हुआ है। उत्तरार्ध (तृतीय पाद) में 'क्त' यह एक झय् घटित

तु 'दन्तांशुकान्तमरविन्दरमापहारि सान्द्रामृतं' इत्यादि क्रियते तदा सर्वमेव रमणीयम् ।

विसर्गप्राचुर्यं यथा—

सानुरागास्सानुकम्पाश्चतुरास्शीलशीतलाः ।
हरन्ति हृदयं हन्त कान्तायाः स्वान्तवृत्तयः ।।

अत्र शकारद्वयसंयोगान्तं पूर्वार्धं माधुर्याननुगुणम् ।

जिह्वामूलीयप्राचुर्यं यथा—

स्वघटकत्वाद्वा । 'म्बं' इत्यस्य झय्घटितसंयोगत्वेऽपि मधुरमकारघटितत्वेन तत्पूर्वं ह्रस्वमादाय न प्राचुर्यमिति कथञ्चिद् व्याख्येयम् । मकारस्य परसवर्णनिष्पन्नत्वेन तद्घटितसंयोगस्य चानुकूलतया वा समाधेयम् । दन्तांशुकान्तमित्यादि । दन्तानामंशुभिः प्रकाशैः कान्तं मनोहरमथ चारबिन्दस्य रमायाः श्रियोऽपहारि— इत्यादिरर्थः । चन्द्रविम्बेपि कमलकान्त्यपहारकत्वं प्रसिद्धमेव ।

सानुरागा इत्यादि । कान्तायाः सानुरागाः सानुकम्पाः चतुरा विदग्धा अथ च शालेन रसिकस्वभावेन शीतला अनुकूलाः स्वान्तवृत्तयो मनोवृत्तयः कस्य हृदयं न हरन्ति ? हरन्त्येव सर्वेषां हृदयमित्यर्थः । हन्तेति हर्षे ।

पूर्वार्धमित्यादि । अत्र विशेषः पूर्वमुक्तः ।

संयोग से पूर्व 'उ' यह एक हीं ह्रस्व स्वर है । अतः इस तरह के संयोगों से पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वरों की प्रचुरता नहीं कही जा सकती । यद्यपि 'न्दु' और 'म्बं' इन शब्दों में भी झय् घटित संयोग तो हैं हीं तथापि 'न्दु' शब्द से पहले ह्रस्व स्वर न होने से कोई दोष नहीं है । साथ हीं, 'न्दु' यह संयोग परसवर्णघटित भी है । इसी प्रकार, 'म्ब' यह संयोग भी परसवर्णघटित है । अतः इसमें भी स्व-पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दूषित करने का सामर्थ्य नहीं है । यदि उक्त पद्य का पूर्वार्द्ध 'दन्तांशुकान्तम····' इत्यादि रूप में संग्रथित हुआ होता तो कोई दोष नहीं रह जाता ।

विसर्गस्थानिक सकार-शकार के प्राचुर्य का उदाहरण 'सानुरागास्सानु····' आदि पद्य है । इसमें 'श्शी' शब्द तक पूर्वार्द्ध मधुर रस के प्रतिकूल है, क्योंकि इसमें 'गा-पा-रा' के बाद विसर्गस्थानिक 'स्-श्-श्' का प्रयोग हुआ हैं । पद्यार्थ यह है—

"कामिनी की अनुरागपूर्ण, अनुकम्पायुक्त, आकर्षणनिपुण और शील से शीतल चित्तवृत्तियाँ बरबश हीं रसिकों के अन्तःकरण को आकृष्ट कर लेतीं ।।"

विसर्गस्थानिक जिह्वामूलीय की प्रचुरता 'कलितकुलिश····' आदि पद्य में उपलब्ध है । पद्यार्थ इस प्रकार है—

कलितकुलिशघाता᳘ केऽपि खेलन्ति वाता᳘
कुशलमिह कथं वा जायतां जीविते मे।
अयमपि बत गुञ्जन्नालि माकन्दमौलौ
चुलुकयति मदीयां चेतनां चञ्चरीकः॥

अत्र द्वितीयजिह्वामूलीयपर्यन्तमननुगुणं माधुर्यस्य। यदि च 'कथय कथमिवाशा जायतां जीविते मे, मलयभुजगवान्ता वान्ति वाताः कृतान्ताः' इति विधीयते तदा नायं दोषः।

उपध्मानीयप्राचुर्यं यथा—

कलितेत्यादि। कुलिशस्य वज्रस्य घाता इव घाताः कुलिशघाताः, कलिताः कुलिशघाता यैस्ते केऽपि विलक्षणा वाता इह खेलन्ति यदा तदा हे आलि मम जीवितविषये कथं नाम कुशलं जायताम्! माकन्दमौलौ आम्रशिखरे गुञ्जन्नयं चञ्चरीको भ्रमरोऽपि मदीयां चेतनां चुलुकयति शोषयति—इति पद्यार्थः।

द्वितीयेति। वाता᳘केपीत्यत्रेत्यर्थः। द्विःप्रयोगेऽपि प्राचुर्यमभिमतमिति पूर्वमुक्तमेव। मलयेत्यादि। मलयाचलस्था ये वातास्तैर्वान्ता उद्गीर्णा अत एव कृतान्ताः कृतोऽन्तो विनाशो यैस्ते, यद्वा कृतान्तो यमस्तत्सदृशा (वाताः) वान्ति प्रवहन्ति इत्यर्थः परिष्कृतस्य पाठस्य।

उपध्मानीय इत्यादि। पफाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशो विसर्गस्थानिक आदेशः ᳘ इति रेखाङ्कित उपध्मानीय उच्यते। तस्य प्रचाचुर्यमेकाधिकवारं प्रयोगः।

"वज्र के समान कठोर आघात करने वाली यह कोई भयङ्कर हवा (आन्धी) बह रही है। ऐसी दशा में मेरे जीवन में कुशल कैसे हो सकता? देख मेरी सखी! आम के बौरों पर गूँजता हुआ यह भौंरा भी मेरी चेतना को पीता सा-जा रहा है॥"

उपर्युक्त पद्य में 'घाता᳘' यह प्रथम और 'वाता᳘' यह द्वितीय जिह्वामूलीय है। यहाँ तक का अंश माधुर्य के लिये प्रतिकूल है। अतः यदि 'कथय कथमिवाशा....' इत्यादि रूप में पूर्वार्द्ध का विन्यास कर दिया जाय तो माधुर्य के अनुकूल होगा। इस पाठान्तर का अर्थ यह है—"बता री सखी? मुझे अपने जीवन की आशा कैसे हो सकती जब मलयाचलनिवासी विषधर साँपों के मुँह से निकली हुई प्राणहरण करने वाली हवा बह रही हो॥"

विसर्गस्थानिक उपध्मानीय की प्रचुरता का प्रयोग 'अलका᳘ फणि....' आदि पद्य में हुआ है। इसमें 'अलका᳘' और 'नयनान्ता᳘' इन दो उपध्मानीयों का प्रयोग शान्त रस के प्रतिकूल है। पद्यार्थ इस प्रकार है—

अलकाः फणिशावतुल्यशीला नयनान्ताः परिपुङ्खितेषुलीलाः ।
चपलोपमिता खलु स्वयं या बत लोके सुखसाधनं कथं सा ॥

अत्र द्वावुपध्मानीयावेव न शान्तानुगुणौ ।

टवर्गझयां प्राचुर्यं यथा—

वचने तव यत्र माधुरी सा हृदि पूर्णा करुणा च कोमलेऽभूत् ।
'अधुना हरिणाक्षि हा कथं वा कटुता तत्र कठोरताविरासीत् ॥

अधुना सखि तत्र हा कथं वा गतिरन्यैव विलोक्यते गुणानाम्' इति त्वनुगुणम् ।

अलकाः फणि ...... इत्यादि । सा स्त्री लोके सुखसाधनं कथं भवेद् यस्या अलकाः केशपाशाः फणिशावैः सर्पशिशुभिस्तुल्यं शीलं येषां तादृशाः, नयनान्ताश्च कटाक्षाः परिपुङ्खिताः पुङ्खयुक्ता ये इषवो बाणास्तेषां लीलेव लीला येषां तादृशाः, गम्भीराघातजनका इति यावत्, अथ च स्वयं चपलया विद्युतोपमिताऽतीव चञ्चलस्वभावा वर्त्तत इत्यर्थः ।

अत्रोपध्मानीयद्वयम्, एकः—अलकाः इत्यत्र अन्यश्च—नयनान्ताः इत्यत्रेति प्राचुर्यं स्पष्टमेव । शेषस्तु बन्धो युक्त एवेत्येवकारेण सूच्यते ।

वचन इत्यादि । हे हरिणाक्षि ? तव यत्र वचने सा विलक्षणा माधुरी, यत्र च तव कोमले हृदि पूर्णा करुणाऽभूत् तत्रैव वचनेऽधुना मानकाले कटुता हृदि च कठोरता कथं प्रादुर्भूतेत्यर्थः । अत्र टवर्गस्य कटुता-कठोरता-शब्दयोर्द्विःप्रयोगो नानुकूल इति अनुकूलं पाठान्तरमुत्तरार्धस्य प्रदर्शयति—अधुनेत्यादि । अर्थः

"जिस वनिता के केश-पाश साँप के बच्चों के समान हों, जिसके कटाक्ष पंख वाले बाणों के समान आघात करने वाले हों और जो स्वयम् बिजली के समान चञ्चल हो वह वनिता भला इस लोक में सुख का साधन कैसे हो सकती ?"

टवर्ग-झय् के प्राचुर्य का उदाहरण है 'वचने तव यत्र...' आदि पद्य। इसमें 'कटुता' और 'कठोरता' शब्दो में टवर्ग के साथ-साथ झय्-प्रत्याहारान्तर्गत क-ट और क-ठ का प्रयोग होने से रचना में शृङ्गारानुकूलता नहीं है । पद्यार्थ निम्नलिखित है ।—

"अरी प्रिये ! मुझे आश्चर्य है कि तेरी जिस वाणी में मधुरता और कोमल हृदय में पूर्ण करुणा थी उन्हीं वाणी और कोमल हृदय में आज क्रमशः ये कटुता और कठोरता कहाँ से आ गईं ?"

परन्तु इसी पद्य का उत्तरार्द्ध यदि 'अधुना सखि......' इत्यादि रूप में विन्यस्त होता तो वह शृङ्गार के प्रतिकूल न होता । इस पाठान्तर का अर्थ है—"किन्तु आज तेरी वाणी और कोमल हृदय में पहले के गुणों के विपरीत दशा क्यों देखी जा रही है ?"

रेफघटितसंयोगस्यासकृत्प्रयोगो यथा—

तुलामनालोक्य निजामखर्वं गौराङ्गि गर्वं न कदापि कुर्याः ।
लसन्ति नानाफलभारवत्यो लताः कियत्यो गहनान्तरेषु ।।

यदि तु 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन्' इति निर्मीयते तदा साधु ।

स्पष्टः । अत्र णकारस्याप्यसकृत्प्रयोगमननुकूलमभिमन्यते रसचन्द्रिकाकृत्, तत्त्वस्मिन् परिष्कृते पाठे 'हरिणाक्षि' इति पूर्वपाठस्थाने 'सखि'-शब्दप्रयोगं कारणं मत्वा । वस्तुतस्तु नेदं सम्यक्, णकारस्य माधुर्यानुगुणत्वस्य पण्डितराजसम्मतत्वात् । कथमन्यथा पूर्णा करुणेति णकारप्राचुर्यस्य पूर्वार्धे सत्त्वेऽपि उत्तरार्धमात्रमननुगुणं मत्वा तत्स्थान एव पाठान्तरं कल्पयेत् ? यस्तु 'हरिणाक्षि' इत्यत्र 'सखि' इति पाठान्तरं कृतं तन्न णकारस्यामधुरत्वादपि तु विवक्षितस्य तत्रेति पदस्य समावेशायैवेति बोध्यम् । तदेवं पूर्वस्मिन् पाठे उत्तरार्धे टवर्गप्राचुर्यं प्रदर्शितम् । अन्येषां टवर्गसहचरितानां ककारादीनां त्रयामपि प्राचुर्यं व्यक्तमेवात्र ।

तुलामनालोक्येत्यादि । हे गौराङ्गि ! निजां तुलां स्वकीयगुणसादृश्यमापाततोऽन्यस्यां कामिन्यामनालोक्य कदापि अखर्वं गर्वं न कुर्याः, यतो नानाफलभारसम्पन्नाः कियत्योऽपरिमिता लता गहनान्तरेषु वनान्तःप्रदेशेषु लसन्ति । अतस्त्वमतुलनीया न वर्तस इत्याशयः । अत्र पद्ये अखर्वं गर्वं कुर्या इत्येतेषु पदेषु त्रयाणां रेफघटितसंयोगानां सत्त्वादानुगुण्याभाव इति हेतोः पाठान्तरं प्रदर्शयति—'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन्' इति । एतावताऽपि 'गर्वं कुर्याः' इत्युभयत्र रेफघटितसंयोगस्य सत्त्वाद् द्विःप्रयोगेऽपि असकृत्त्वस्य निर्वाहात् कथमानुगुण्यमिति न ज्ञायते । 'न कदापि' इत्यनेन व्यवधानेऽपि नैकट्यं त्वक्षतमेव, कथमन्यथा सङ्गतिः स्यादुदाहरणान्तराणाम् । अतोऽत्रानुगुण्यसम्पादनाय 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन् गौराङ्गि मानं न कदापि कुर्याः' इति, 'तुला · · · गौराङ्गि गर्वं न कदापि धेयाः' इति वा पाठान्तरं कल्पनीयम् । द्वितीयपादे गर्वं कुर्या इत्यादेः सत्त्वेऽपि

रेफघटित संयोग के प्रचुर प्रयोग का उदाहरण 'तुलामनालोक्य·····' आदि पद्य है । इसमें 'अखर्वं'; 'गर्वं', और 'कुर्याः' इन पदों में तीन बार रेफघटित संयोग हैं । ये शृङ्गाररस के प्रतिकूल हैं । हाँ, यदि इसके पूर्वार्द्ध का 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन् गौराङ्गि मानं न कदाऽपि कुर्याः' यह पाठ हो तो पूर्वोक्त दोष नहीं रह जाता । उदाहृत पद्य का अर्थ है—

"अरी गौराङ्गी सखी ! स्तनों के भार से अवनत अपनी देहयष्टि की अन्य युवतियों में समानता न पाने मात्र से इतना असीम अहङ्कार कदापि मत कर, क्योंकि नाना प्रकार के फलों के भार से अवनत कितनी ही लताएँ जङ्गल के अन्दर सुशोभित हो रही हैं ।।"

हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्यासकृत्प्रयोगो यथा—'विगणय्य मे निकाय्यं तामनुयातोऽसि नैव तन्न्याय्यम् ।' ल-म नानां स्वात्मना संयोगस्तु न तथा पारुष्यमावहति । यथा—

इयमुल्लसिता मुखस्य शोभा परिफुल्लं नयनाम्बुजद्वयं ते ।
जलदालिमयं जगद्वितन्वन्कलितः क्वापि किमालि नीलमेघः ।।

प्राचुर्याभावादिति यदुक्तं रसचन्द्रिकायां तद् व्यामोहात् । द्विःप्रयोगेऽपि प्राचुर्याऽक्षतेः । हकारेण पुनः घटितस्य संयोगस्याऽसकृत्प्रयोगस्योदाहरणम्—'आरुह्य शैलमपि सह्यम-सह्यवातम्' इति रामायणचम्पूतो द्रष्टव्यम् । अत्र तु न लभ्यते । कारणं न ज्ञायते ।

विगणय्येत्यादि । खण्डिता नायिका नायकमुपालभते । मम निकाय्यं गृहं विगणय्य परित्यज्य यत्त्वं तामन्यां नायिकामनुयातोऽसि तत् कथमपि न्याय्यं न्यायादनपेतमुचितं नेत्यर्थः । अत्र यकारद्वयघटितः संयोगस्त्रिःकृत्वः प्रयुक्त इति प्रातिकूल्यम् ।

तथेति । अधिकमित्यर्थः । अतश्च लादीनामपि परिहरणीय एव भूयो भूयः स्वात्मना संयोगो महाकविनेति सूच्यते । आवहतीति । अत एव हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्य असकृत्प्रयोगं वर्जयेदिति पूर्वमुक्तम् ।

इयमुल्लसितेत्यादि । कृष्णदर्शनप्रसन्नां गोपीं तत्सखी पृच्छति—हे आलि ? तव मुखस्येयमेतावती विलक्षणा वा शोभा उल्लसिता, नयनकमलद्वयं च परिफुल्लं पूर्णविकसितं वर्त्तते । तत् सर्वं जगदेव जलदालिमयं मेघमालामयं तद्वन्नीलवर्णं वितन्वन् नीलमेघः श्रीकृष्णस्तद्रूपारोपात् क्वापि कलितो दृष्टः प्राप्तो वा किम् !! अत्र लकारस्य स्वात्मना लकारेण द्वौ संयोगौ वर्त्तमानावपि नाधिकं पारुष्यं जनयतः ।

ल्, म् और न् से भिन्न व्यञ्जनों का अपने से अभिन्न व्यजनों के साथ संयोग की प्रचुरता 'विगणय्य मे······' आदि पद्यार्ध में पाई जाती है । यहाँ तीन बार य्-य् का संयोग है । अतः यह शृङ्गार के प्रतिकूल है । पद्यार्थ यह है—

"मेरे घर की उपेक्षा कर तुम उस (अन्य नायिका) के साथ चले गये—यह किसी तरह न्याय-पूर्ण नहीं हो सकता ।।"

किसी खण्डिता नायिका की अपने प्रिय के प्रति यह उक्ति है । किन्तु लकार-द्वय, मकारद्वय अथवा नकारद्वय का संयोग कठोर न होने से मधुर रस के प्रतिकूल नहीं होते । लकारद्वय के संयोग का प्रयोग 'इयमुल्लसिता····' आदि पद्य में दो बार हुआ है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

(कोई गोपी अपनी सखी से पूछ रही है—) "क्यों री सखी ? आज तेरा मुंह बहुत चमक रहा है और आँखें खिली हुई हैं । सारे संसार को काले बादल के समान बना देनेवाले उस काले बादल (=श्रीकृष्ण) से कहीं भेंट हो गई है क्या ?"

झयृद्वयघटितसंयोगस्य यथा—

आ सायं सलिलभरे सवितारमुपास्य सादरं तपसा ।
अधुनाब्जेन मनाक् तव मानिनि तुलना मुखस्याप्ता ।।

अत्र द्वितीयार्धमरम्यम् । 'सरसिजकुलेन संप्रति भामिनि ते मुखतुलाधिगता' इति तु साधु ।

सवर्णझयृद्वयघटितसंयोगस्य सकृत्प्रयोगे यथा—

अयि मन्दस्मितमधुरं वदन तन्वङ्गि यदि मनाक्कुरुषे ।
अधुनैव कलय शमितं राकारमणस्य हन्त साम्राज्यम् ।।

झयृद्वयेति । असवर्णझयृद्वयेत्यर्थः ।

आ सायमिति । मानापनोदनाय कश्चिन्मानिनीं स्तौति । ह्यः प्रातरारभ्य सायंकालपर्यन्तं सलिले स्थित्वा सवितारं सादरमुपास्याब्जं यत्तपस्तेपे तेन निमित्तभूतेन, हे मानिनि ! अधुना अद्य तव मुखस्य मानात्पूर्वं विकसितस्य तेनाब्जेन मनागीषत् तुलना प्राप्ता ।

अत्राब्जशब्दे आप्तशब्दे च बकार-जकारयोः पकार-तकारयोश्च झयोः संयोगद्वयमित्यननुकूलमिदमित्याह—अरम्यमिति । अत्रानुकूलं विन्यासं प्रदर्शयति—सरसिजेत्यादिना ।

अयि मन्देत्यादि । अयि तन्वङ्गि ! यदि त्वं स्ववदनं मनागपि मन्दस्मितेन

झय्-प्रत्याहार के असवर्ण व्यञ्जनों के संयोग का प्राचुर्य "आ सायं सलिलभरे ..." इत्यादि पद्य मे उपलब्ध है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"ओ मानिनी ! कल प्रातः काल से लेकर सायंकाल तक जल के भीतर रहकर सूर्य की श्रद्धापूर्वक उपासना करने वाली कमलिनी अपने तप के फलस्वरूप आज तेरे मुख की थोड़ो-सी समानता पा सकी है ।।"

इस पद्य के उत्तरार्द्ध में 'अब्ज' शब्द में ब् + ज् का और 'आप्त' शब्द में प् + त् का संयोग झय-द्वयसंयोग है । यह शृङ्गार रस के प्रतिकूल है । हाँ, यदि 'सरसिजकुलेन सम्प्रति भामिनि ते मुखतुलाधिगता' यह पाठ उत्तरार्द्ध का होता तो उक्त दोष नहीं होता ।

दो सवर्ण झयों का एक बार संयोग 'अयि मन्दस्मित...' आदि पद्य में प्राप्त होता ।

"ओ कोमलाङ्गी ! यदि तू अपने मुह को थोड़ी सी मुस्कुराहट से आकर्षक बना ले तो मत मान कि पूर्ण चन्द्र का सौन्दर्य पर जो आधिपत्य है वह समाप्त हो चुका ।।"

नन्वत्र ककारद्वयसंयोगस्य हल्घटितस्वात्मसंयोगत्वेनैव निषेधात्कखसंयोगस्य महाप्राणसंयोगनिषेधविषयत्वात्तृतीयसंयोगस्य चासंभवात्सवर्णझयद्वय-

---

मधुरं कुरुषे तर्हि राकारमणस्य पूर्णचन्द्रस्य सौन्दर्यसाम्राज्यमधुनैव सद्य एव शमितं कलय जानीहि। अत्रैकस्यैव 'क्कु' इति सवर्णझय्द्वयघटितसंयोगस्य प्रयोगात् प्रतिकूलता।

सवर्णझय्द्वयघटितसंयोगस्य वर्जनीयत्वेन पृथगुपादानं निरर्थकमिति शङ्कते—नन्वित्यादिना। स्वात्मेत्यादि : 'हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्य....' इत्यनेन पूर्वमिदमुक्तम्। असम्भवादिति। गकारे परे पूर्वस्य ककारस्य नियमेन

यही उदाहृत पद्य का अर्थ है। इसमें 'मनाक्कुरुषे' इस अंश में क्+क् का संयोग सवर्णझय् संयोग है। यह शृङ्गार रस के प्रतिकूल है।

इस प्रसङ्ग में यह प्रश्न उठाया गया है—

अथामर्षं निरूपयति—परकृतेति । अन्येन केनापि कृता या अवज्ञा तिरस्कारः प्रतिकूलाचरणादिश्च तज्जन्यं यत् स्वस्मिन् तूष्णीम्भाव-कठोरभाषण-लोचनवक्रत्वादि तत्कारणमेवामर्षः असहिष्णुता । प्राग्वद् विबोधभाववत् । अमर्षस्य विभावः परकृतापराधः, अनुभावास्तु मौनवाक्पारुष्यादयः ।

अमर्षमुदाहरति—वक्षोजेति । पाणिना स्वकरेण वक्षोजाग्रं नायिकायाः स्तनाग्रं

यहाँ प्रयुक्त 'चेतना' पद का वाच्यार्थ ही विबोध है, जो व्यंग्य न होने के कारण भाव नहीं बन सकता ।

जैसे कोई नायक अपने वचन की सत्यता पर दृढ़ रहकर अपनी दो नायिकाओं के उपभोग के लिए दो (भिन्न-भिन्न) समय देकर यथोचित समय पर एक (नायिका) का उपभोग कर दूसरे समय में पहली को छोड़कर दूसरी का उपभोग कर दूसरे समय में पहली को छोड़कर दूसरी का उपभोग करता है, वैसे ही यह व्यक्ति रात में निद्रा को और सुबह में चेतना को आलिङ्गन करता है—इस प्रकार की समासोक्ति (श्लेषयुक्त विशेषणों के द्वारा प्रकृत के साथ अप्रकृत का भी उपस्थापन) ही यहाँ प्रकाशित हो रही है । अतः यह भावध्वनि न होकर अलङ्कारध्वनि ही है ।

अब अमर्ष भाव का निरूपण करते हैं—दूसरे के द्वारा किये गये अपमान, विरुद्धकार्य आदि अनेक अपराधों से उत्पन्न तथा चुप होना, कठोर वचन, आँख तानना आदि का कारण जो चित्तवृत्ति उसे ही अमर्ष कहते हैं ।

पूर्वभाव (विबोध) के समान ही यहाँ भी अमर्ष के कारण एवं कार्य क्रमशः इसके विभाव एवं अनुभाव हैं । अर्थात् परकृतापराध विभाव एवं मौन-वाक्पारुष्यादि अनुभाव होते हैं । उदाहरण—

(नायिका के) स्तन के अग्रभाग को हाथ से छूकर (मार खाने के डर से)

शोणाग्राभ्यां भामिनी लोचनाभ्यां
जोषं जोषं जोषमेवावतस्थे ॥

इह त्वाकस्मिक-स्तनाग्रस्पर्शो विभावः। नयनारुण्यनिर्निमेषनिरीक्षणे अनुभावौ। ननु क्रोधामर्षयोः स्थायि-सञ्चारिणोर्भावयोः किं भेदकमिति चेद्, विषयतावैलक्षण्यमेवेति गृहाण। तत्र तु गमकं झटिति परविनाशादौ प्रवृत्ति-र्वचनवैमुख्यादिकं चेति कार्यवैलक्षण्यम्।

व्रीडादिभिर्निमित्तैर्हर्षाद्यनुभावानां गोपनाय जनितो भावविशेषो-ऽवहित्थम्॥

सहसा आमृश्य संस्पृश्य (अपराधं कृत्वा ताडनभीत्या) द्राग् झटिति दूरे यातस्य प्रियस्य कृतापराधस्य रमणस्य, आननाब्जं मुखकमलं शोणाग्राभ्याम् कोपादीषद् रक्ताभ्यां लोचनाभ्यां, जोषं जोषं दृष्ट्वा-दृष्ट्वा, भामिनी कोपनस्वभावा नायिका, जोषं तूष्णीमेव अवतस्थे स्थितवती। जोषं जोषमिति णमुलन्तं 'जुषी प्रीतिसेवनयोरिति'धातोः। लोचनाभ्यां सेवनं दर्शनमेव।

इह त्विति। अमर्षलक्षणे परकृतावज्ञा विभावत्वेनोक्ता, इह तु आदिपदेन ग्राह्य आकस्मिककुचस्पर्श एव। क्रोधः स्थायी भावः, अमर्षस्तु सञ्चारिभावः समान एव प्रतीयते। तथापि उभयोः वस्तुगतवैलक्षण्येन पार्थक्यमस्ति। क्रोधे झटिति पर-विनाशे प्रवृत्तिः, अमर्षे तु वचनवैमुख्यादिकमित्येव भेदः। किञ्च परकृतावज्ञादिजन्यस्य भावस्य अनुत्कटावस्थाऽमर्षस्तेन मौनादिकार्यं जायते, तस्यैव उत्कटावस्था क्रोधस्तेन क्षिप्रमेव परविनाशे प्रवृत्तिरूपं कार्यं जायते। इत्युभयोः कार्यमेव विषयतावैलक्षण्यं ज्ञापयतीति।

अवहित्थं भावं निरूपयति—**व्रीडादिभिरिति**। लज्जा-भयवञ्चना-धूर्ततादिभिः कारणैर्विभावस्वरूपैः, हर्षौत्सुक्यादिजनितानामनुभावानामश्रुपात-रोमाञ्चमुखविकासादीनां

शीघ्र ही दूर भागे हुए प्रिय के मुख-कमल को कोपनस्वभावा नायिका लाल-लाल आँखों से देख-देखकर चुप ही रही।

यहाँ आकस्मिक रूप से स्तनाग्रस्पर्श विभाव तथा आँख लाल होना, अपलक देखना आदि अनुभाव है। अब यहाँ शंका करते हैं कि स्थायीभाव क्रोध और संचारी-भाव अमर्ष में क्या भेदक तत्त्व है, तो इसका उत्तर है कि भेदक तो कोई नहीं, पर विषय के धर्म का विलक्षण होना ही भेदक है। अर्थात् परकृत-अपमान से उत्पन्न सामान्य कोप अमर्ष एवं उत्कट कोप क्रोध है। इसमें नियामक कार्य का वैलक्षण्य ही है कि क्रोध में परविनाश के लिए झट से प्रवृत्ति होती है, जब कि अमर्ष में वचन देने से विमुख होना आदि ही होता है।

लज्जा, भय, धृष्टता आदि कारणों से हर्ष, औत्सुक्य आदि के अनुभावों (अश्रु-

तदुक्तम्—

अनुभाव-पिधानार्थेऽवहित्थं भाव उच्यते ।
तद् विभाव्यं भय-व्रीडा-धाष्ट्र्य-कौटिल्य-गौरवैः ॥

यथा—

प्रसङ्गे गोपानां गुरुषु महिमानं यदुपते-
रुपाकर्ण्य स्विद्यत्पुलकितकपोला कुलवधूः ।
विषज्वालाजालं झगिति वमतः पन्नगपतेः
फणायां साश्चर्यं कथयतितरां ताण्डवविधिम् ॥

अत्र व्रीडा विभावः । तादृश-कालियकथाप्रसङ्गोऽनुभावः । एवं भयादि-प्रयोज्यमप्युदाहार्यम् ।

गोपनाय निगूहनाय उत्पन्नो भावोऽवहित्थम् । अत्र विभावो व्रीडादिः, अनुभावश्च हर्षादिगोपनचेष्टादिः ।

अत्र प्राचीनाचार्यसम्मतिं दर्शयति—**तदुक्तमिति** । अनुभावस्य हर्षादिजनितरोमाञ्चादेः, पिधानार्थे गोपनार्थे जनितो भावोऽवहित्थमुच्यते । तद् अवहित्थं, भयादिभिर्विभावैर्विभावनीयम् । यथा—**प्रसङ्ग इति** ।

गोपानां मुखात् कथाप्रस्तावक्रमे गुरुजनानां समक्षमेव **यदुपतेः** श्रीकृष्णस्य महिमानम् उपाकर्ण्य श्रुत्वा कुलवधूः गोपकुलाङ्गना कान्तिन् स्वेद-पुलकयुक्तगण्डस्थला जाता । श्रीकृष्णप्रेम्णा पुलकभावप्रकाशो गुरुजन-समीपे नोचित इति मनसि निधाय सा तद्गोपनाय विषज्वालाराशिं झगिति अतिशीघ्रं वमत उद्गिरतः पन्नगपतेः कालिय-

---

पात, रोमांच आदि) को छिपाने के लिए उत्पन्न भाव-विशेष (एक प्रकार के भाव) को अवहित्थ कहते हैं ।

जैसा कि कहा गया है—

अनुभाव को छिपाने के लिए उत्पन्न भाव को अवहित्थ कहा जाता है । वह भय, लज्जा, धृष्टता, कुटिलता और गौरव से प्रकाशित होता है । उदाहरण—

गोपों के मुख से कथावर्णन-क्रम में गुरुजनों (ससुर आदि) के समक्ष ही श्रीकृष्ण के गुणवर्णन को सुनकर गोपकुलवधू के गालों पर (प्रेमवश) आनन्द के कारण जलकण उछल पड़े । तब वह विष की ज्वालाओं को तुरन्त वमन करते हुए सर्पराज कालिय नाग के फणा पर श्रीकृष्ण के ताण्डव नृत्य करने की घटना को आश्चर्य से कहने लगी । (तात्पर्य यह कि यह गाल पर जलकण, इस घटना की वजह से ही प्राप्त है, न कि प्रेम से ।)

यहाँ लज्जा विभाव है । इस प्रकार की कालिय-कथा अनुभाव है । इसी तरह भय के कारण भी हर्षादि के छिपाने का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ।

अधिक्षेपापमानादिप्रभवा किमस्य करोमीत्याद्याकारा चित्तवृत्ति-रुग्रता ॥

यदाहुः—

नृपापराधोऽसद्दोषकीर्तनं चोरधारणम् ।
विभावाः स्युरथो बन्धो वधस्ताडन-भर्त्सने ।
एते यत्राऽनुभावास्तदौग्र्यं निर्दयतात्मकम् ॥ इति ।

यथा—

अवाप्य भङ्गं खलु सङ्गराङ्गणे, नितान्तमङ्गाधिपतेरमङ्गलम् ।
परप्रभावं मम गाण्डिवं धनुर्विनिन्दतस्ते हृदयं न कम्पते ॥

नागस्य फणायां श्रीकृष्णस्य ताण्डवविधिं समुद्धतनृत्यरीतिं साश्चर्यं कथयन्तितराम् । तदाश्चर्येणैव स्वेद-पुलकादिकं जातमिति बोधयितुं तथा कथनम् ।

उग्रताख्यं भावं निरूपयति—**अधिक्षेपेति** । निन्दापमानवृथारोपादिकारणै-रुत्पन्ना 'किमस्य दण्डविधानं करोमी'त्याद्याकारा चित्तवृत्तिः उग्रतासंज्ञको भावः ।

यदाहुरिति । प्राचीनाचार्या इति शेषः । यस्मिन् जने उग्रता भाविनी तं प्रति तत्कारणतया (१) राज्ञोऽपराधोऽनुचितशासनम्, (२) तस्मिन् जनेऽविद्यमानस्य गूढतया विद्यमानस्य वा असतोऽक्षम्यस्य दोषस्य अन्येन कथनम्, (३) तद्वस्तु-चोरस्य अन्येन धारणम् आश्रयप्रदानम् इत्येतानि उग्रताया विभावस्वरूपाणि । तत्कार्यतया बन्ध-वध-ताडन-भर्त्सनानि अनुभावस्वरूपाणि । निर्दयता एव औग्र्यम् उग्रतासंज्ञको भावः ।

सङ्गराङ्गणे युद्धप्राङ्गणे अङ्गराजात् कर्णात् नितान्तमत्यन्तम् अमङ्गलमशुभं भङ्गं पराजयम् अवाप्य प्राप्य, खलु निश्चयेन, परः उत्कृष्टः प्रभावो यस्य तादृशं मम अर्जुनस्य गाण्डिवं धनुः तदाख्यं चापं विनिन्दतः, ते युधिष्ठिरस्य हृदयं न कम्पते, 'कथं न कम्पते' इति काक्वा 'अवश्यं कम्पनीयम्' इति व्यज्यते । गाण्डिः वृक्षमूलाच्छा-खोद्गमस्थानपर्यन्तो भागः अस्यास्तीति संज्ञायां वः, पूर्वपदस्य विकल्पेन दीर्घ इति

निन्दा, अपमान, निरर्थक अभियोग आदि से उत्पन्न ' मैं इसका क्या अनिष्ट कर डालूँ'' इत्यादि प्रकार की चित्तवृत्ति को उग्रता कहते हैं ।

जैसे कि आचार्यों ने कहा है :—

जहाँ राजा का अत्याचार, अनुचित दोष कथन, चोर को आश्रय देना आदि विभाव हैं तथा बान्धना, वध करना, पीटना, डाँटना ये अनुभाव हैं, वहाँ निर्दयता-स्वरूप उग्रता नामक भाव होता है । जैसे—

युद्धभूमि में कर्ण से अत्यन्त अमंगल पराजय पाकर उत्कृष्ट प्रभाव वाले मेरे (अर्जुन के) गाण्डीव धनुष की निन्दा करते हुए आपका (युधिष्ठिर का) हृदय

एषा कर्णेन पराभूतं गाण्डिवं निन्दन्तं, युधिष्ठिरं प्रति धनञ्जयस्योक्तिः। युधिष्ठिरकर्तृका गाण्डिवनिन्दात्र विभावः। वधेच्छाऽनुभावः।

न चामर्षोग्रतयोर्नास्ति भेद इति वाच्यम्, प्रागुदाहृतेऽमर्षध्वनावुग्रताया अप्रतीतेः। नाप्यसौ क्रोधः, तस्य स्थायित्वेन अस्याः सञ्चारिणीत्वेनैव भेदात्।

विप्रलम्भ-महापत्ति-परमानन्दादिजन्माऽन्यस्मिन्नन्यावभास उन्मादः॥

शुक्तिरजतादिज्ञानव्यावृत्तये जन्मान्तम्।

गाण्डीवो गाण्डिवश्चेति सिद्धौ। युधिष्ठिरद्वारा अनुपमप्रभावस्य गाण्डिवस्य निन्दां श्रुत्वा अर्जुनः उग्रतया शत्रुवधेच्छामकरोदिति भावः।

प्रागुदाहृते "वक्षोजाग्रं पाणिनेति" पद्ये। अमर्षे मौन-वाक्पारुष्याद्यनुभावाः तस्य अनुत्कटताम्, उग्रतायां तु वध-बन्धादयोऽनुभावा उत्कटतां द्योतयन्ति। **अस्या** उग्रतायाः सञ्चारिभावत्वात् क्षणिकत्वम्।

उन्मादं निरूपयति—**विप्रलम्भेति**। विप्रलम्भो वियोगः, महापत्तिर्घोरविपत्तिः, अतिशयानन्दादिभ्य उत्पन्नो योऽन्यवस्तुनि तदितरवस्तुनोऽवभासो ज्ञानं, स एव उन्माद-संज्ञको भावः। वियोगादयो विभावाः, अन्यस्मिन्नन्यावभासव्यवहारोऽनुभावः। शुक्तौ रजतभ्रमस्थलेऽतिव्याप्तिवारणाय जन्मान्तं 'परमानन्दादिजन्मा' इत्यन्तं लक्षणे निवेशितम्।

काँपता नहीं है? अर्थात् अवश्य काँपना उचित है, मैं अवश्य इस धनुष से शत्रु का नाश करूँगा।

यह उक्ति कर्ण से परास्त एवं गाण्डीव धनुष की निन्दा करते हुए युधिष्ठिर के प्रति अर्जुन की है। युधिष्ठिर के द्वारा की गयी गाण्डीव की निन्दा यहाँ विभाव और शत्रुवध की इच्छा अनुभाव है।

अमर्ष और उग्रता में भेद नहीं है—ऐसा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि अमर्षध्वनि के "वक्षोजाग्रम्" इस पूर्वोदाहृत पद्य में उग्रता की प्रतीति नहीं होती है। विषयगत अनुत्कटता एवं उत्कटता ही दोनों में भेदक है। यह उग्रता क्रोध के अन्तर्गत भी नहीं आ सकती, क्योंकि क्रोध स्थायीभाव है, जबकि उग्रता संचारीभाव (क्षणिक है), और यही दोनों में भेद है।

वियोग, घोर विपत्ति, अतिशय आनन्द इत्यादि से उत्पन्न जो किसी एक वस्तु में अन्य वस्तु होने का ज्ञान उसे उन्माद कहते हैं।

इस लक्षण में 'जन्मा' यहाँ तक का अंश इसलिए दिया गया कि यह लक्षण 'शुक्ति में रजत-भ्रम' स्थल में न चला जाय। रजतभ्रम का कारण वियोगादि नहीं, अपितु चाकचिक्य, दूरत्व आदि है।

उदाहरणम्—

अकरुणहृदय ! प्रियतम ! मुञ्चामि त्वामितः परं नाहम् ।
इत्यालपति कराम्बुजमादायालीजनस्य विकला सा ॥

एषा प्रवासगतं स्वनायिकावृत्तान्तं नायकं प्रति कस्याश्चित् सन्देशहारिण्या उक्तिः । प्रियविरहोऽत्र विभावः । असम्बद्धोक्तिरनुभावः । उन्मादस्य व्याधावन्तर्भावे सम्भवत्यपि पृथगुपादानं व्याध्यन्तरापेक्षया वैचित्र्यविशेषस्फोरणाय ।

रोगादिजन्या मूर्छारूपा मरणप्रागवस्था मरणम् ॥

न चात्र प्राणवियोगात्मकं मुख्यं मरणमुचितं ग्रहीतुम्, चित्तवृत्त्यात्मकेषु भावेषु तस्याप्रसक्तेः, भावेषु च सर्वेषु कार्य-सहवर्त्तितया शरीरप्राणसंयोगस्य हेतुत्वात् ।

अकरुणेति । विकला सा वियोगिनी, आलीजनस्य सखीजनस्य करकमलं गृहीत्वा 'अकरुणहृदय ! निष्ठुर ! प्रियतम ! त्वाम् (चिरान्मिलितं) इतःपरमद्यप्रभृति अहं न मुञ्चामि' इति आलपति । अत्र सखीजने प्रियतमावभासः, तेनैवंविधा उक्तिः ।

व्याध्यन्तरेति । व्याधिभावे शय्याशयनम्, उन्मादे भ्रान्तिरसम्बद्धप्रलापः, मरणे मूर्च्छा, अपस्मारे कम्प-श्वास-पतनादय इत्येव वैचित्र्यम् ।

मरणाख्यं भावं लक्षयति—**रोगादीति** । रोग-शोक-वियोगादिकारणेनोत्पन्ना चेतनाशून्या मरणात्पूर्वावस्था (न तु वास्तविकं मरणम्) मरणाख्यो भावः ।

कोई वियोगिनी नायिका विकल होकर सखी के करकमल को पकड़कर बोलती है—निष्ठुरहृदय ! प्रियतम ! तुझे इसके बाद मैं कभी नहीं छोड़ूंगी' । यहाँ सखी को प्रियतम मानकर कहना ही उन्माद को प्रकटित करता है ।

यह उक्ति किसी सन्देशहारिणी दूती की है, जो प्रवासस्थित नायक के प्रति उसकी नायिका की दशा कह रही है । प्रिय का विरह यहाँ विभाव है । असम्बद्ध उक्ति अनुभाव है । यद्यपि उन्माद भी व्याधि (भाव) में ही आ जाता है, तथापि इसका अलग से कथन इसलिए किया गया है कि यह अन्य व्याधि की अपेक्षा अधिक चमत्कारी होता है, जो सहृदय के द्वारा स्वतः अनुभूत होता है । व्याधि में बिछावन पर पड़े रहना, उन्माद में भ्रम एवं असम्बद्ध बोलना, मरण में मूर्छा तथा अपस्मार में काँपकर गिरना आदि वैशिष्ट्य हैं ।

रोग, शोक एवं वियोगादि से उत्पन्न जो मूर्छा, जिसे मरण की पूर्वावस्था कह सकते हैं, वह मरण-संज्ञक भाव है ।

यहाँ प्राणवियोग रूप मुख्य मरण का ग्रहण करना उचित नहीं है, क्योंकि चित्तवृत्ति (मन में रहने वाले) स्वरूप भावों में प्राणवियोगात्मक (चित्तरहित)

उदाहरणम्—

दयितस्य गुणाननुस्मरन्ती
शयने सम्प्रति या विलोकितासीत् ।
अधुना खलु हन्त ! सा कृशाङ्गी
गिरमङ्गीकुरुते न भाषितापि ॥

प्रियविरहोऽत्र विभावः । वचनविरामोऽनुभावः । हन्तपदस्यात्रात्यन्तमुपकारकत्वाद् वाक्यव्यङ्ग्योऽप्ययं भावः पदव्यङ्ग्यतामावहति । एतेन भावस्य पदव्यङ्ग्यतायां नात्यन्तं वैचित्र्यमिति परास्तम् । दयितस्य गुणाननुस्मरन्तीत्यनेन व्यज्यमानं चरमावस्थायामपि तस्या दयितगुणविस्मरणं नाभूदिति वस्तु विप्रलम्भस्य शोकस्य वा चरममभिव्यक्तस्य पोषकम् ।

दयितेति । प्रवासस्थस्य दयितस्य प्रियस्य, गुणोत्कीर्त्तनं कुर्वती अतिदौर्बल्याद् या शयने शय्यायां दृष्टा, सैव कृशाङ्गी प्रियविरहेऽतिशयितं दुर्बलाङ्गी अधुना क्षणानन्तरमेव हन्त ! भाषितापि पृष्टापि गिरं स्ववचनं नैव अङ्गीकुरुते स्वीकुरुते प्रत्युत्तरं नैव ददातीति भावस्तेन मूर्च्छावस्था गम्यते ।

वचनविरामो भाषणशक्तिनिवृत्तिः । **हन्तपदस्य** दुःखातिशयबोधकस्य । **एतेन** पदव्यङ्ग्यतायां चमत्कारातिशयप्रदर्शितेन । **व्यज्यमानं** वस्तु विप्रलम्भस्य शोकस्य वा पोषकमित्यन्वयः । **चरमावस्था** मरणम् । **चरममभिव्यक्तस्य** अन्ते

मरण का प्रसंग ही नहीं है और सभी भावों में, कार्य (अनुभाव) के साथ-साथ रहने वाला शरीर के साथ प्राण का संयोग ही हेतु है । (यह कारण कार्य से पूर्व नष्ट न होकर कार्यकाल में भी रहता ही है) ।

जो दुर्बल अङ्गवाली अपने प्रियतम के गुणों का स्मरण करती हुई अभी-अभी बिछावन पर लेटी हुई देखी गयी, वही अब तुरत ही हाय हाय ! पूछने पर भी नहीं बोलती है ! उसे बोलने की भी शक्ति नहीं रही ।

यहाँ प्रिय का विरह विभाव है । बोलने की भी शक्ति का अभाव अनुभाव है । दुःखातिशयबोधक 'हन्त' पद यहाँ (मरणभाव में) अत्यन्त उपकारक है, इसलिए वाक्य द्वारा व्यंग्य होने पर यह मरण-भाव पदव्यंग्य बन जाता है । इस प्रकार पदव्यंग्य में भी वैलक्षण्य देखने के कारण किसी आचार्य का यह मत खण्डित हो जाता है कि 'भाव की पदव्यंग्यता में कोई चमत्कार नहीं है' ।

"प्रिय के गुणों का स्मरण करती हुई" इस उक्ति से व्यंग्य वस्तु ध्वनि यह है कि "अन्तिम (मरण) अवस्था में भी वह प्रिय के गुणों को नहीं भूली" । यह वस्तुध्वनि भी अन्त में अभिव्यक्त विप्रलम्भ या शोक का पोषक होता है । प्रथमतः प्रतीत मरण भावध्वनि ही प्रधान है । वस्तु एवं रस ध्वनि बाद में प्रतीत हो रहे हैं ।

अयं च भावः स्वव्यञ्जक-वाक्योत्तरवर्तिना वाक्यान्तरेण सन्दर्भघटकेन नायिकादेः प्रत्युज्जीवनवर्णने विप्रलम्भस्य, अन्यथा तु करुणस्य पोषक इति विवेकः। कवयः पुनरमुं प्राधान्येन न वर्णयन्ति, अमङ्गलप्रायत्वात्।

सन्देहाद्यनन्तरं जायमान ऊहो वितर्कः ॥

स च निश्चयानुकूलः।

यदि सा मिथिलेन्द्रनन्दिनी
नितरामेव न विद्यते भुवि।
अथ मे कथमस्ति जीवितं
न विनालम्बनमाश्रितस्थितिः ॥

प्रतीतस्य। मरणावस्थायाः प्राथम्येन प्रतीतिरत एव प्राधान्यम्। वस्तुना पोषितस्य विप्रलम्भस्य शोकस्य च पश्चात् प्रतीतिरत एव न प्राधान्यम्।

अयं चेति। च शब्दस्तु शब्दार्थे, अथवा भावस्य वैशिष्ट्यान्तरस्य समुच्चयार्थे। अयं मरणाख्यो भावः प्रबन्धकाव्ये यत्र निरूपितः, तस्मिन्नेव काव्ये तदग्रे नायिकायाः स्वस्थता चेन्निरूप्यते तर्हि विप्रलम्भसाधकः, अन्यथा करुणसाधक इति।

वितर्क-भावं निरूपयति—**सन्देहेति**। स्थाणुर्वा पुरुषो वेति विरुद्धकोटिद्वयावगाहि-ज्ञानरूपे सन्देहे एकतरपक्षीययुक्तिस्फुरणरूपः, स्थाणौ पुरुषावधारणरूपे विपर्यये च स्थाणुत्वप्रतीतिसाधकयुक्तिस्फुरणरूपो वितर्काख्यो भावः।

स चेति वितर्को भावो निश्चयानुकूलस्तेन चिन्तादिभावतो वैलक्षण्यम्। पूर्वं सन्देहस्तदनन्तरमूहश्चिन्तायामपि भवति, किन्तु न स निश्चयानुकूल इति।

उदाहरति—**मिथिलेन्द्रेति** सा मत्प्राणाधारस्वरूपा, मिथिलेन्द्रनन्दिनी सीता यदि भुवि नितरामेव निश्चितरूपेणैव न विद्यते, परलोकमेव गता, अथ तर्हि, मे रामस्य जीवितं कथमस्ति केन प्रकारेणास्ति, यतः आलम्बनम् आश्रयं विना आश्रितस्य

यह मरणभाव तो अपने प्रकाशक वाक्य से आने वाले वाक्य के द्वारा, जो वाक्य अपने प्रबन्ध (ग्रन्थ) के अन्तर्गत ही हों, नायिका आदि मरणावस्था प्राप्त व्यक्ति के पुनर्जीवित (जी-जाने के) वर्णन से विप्रलम्भ शृंगार का पोषक होता है और यदि पुनर्जीवन का वर्णन न हो तो करुण का पोषक होता है। कविगण तो इसे प्रधान रूप से वर्णित नहीं करते हैं, क्योंकि यह अमङ्गल है।

सन्देह, विपर्यय (विपरीत ज्ञान) आदि के बाद होने वाला ऊह (एक पक्ष के साधक युक्ति का स्फुरण) ही वितर्क-संज्ञक भाव है।

यह वितर्क निश्चय के अनुकूल होने से निश्चयात्मक है। (जब कि चिन्ता में अनिश्चयात्मक ही रहता है।)

उदाहरण—यदि यह प्राणाधार-स्वरूपा मैथिली (सीता) इस धरातल पर सर्वथा नहीं है तो यह मेरा (राम का) जीवन कैसे विद्यमान है ? क्योंकि विना

स्वात्मनि भगवतो रामस्यैषोक्तिः। भुवि सीताऽस्ति न वेति सन्देहोऽत्र विभावः। भ्रूक्षेप-शिरोऽङ्गुलिनर्त्तनम् आक्षिप्तमनुभावः। न चासौ चिन्तेति शक्यं वदितुम्, चिन्ताया नियमेन निश्चयं प्रत्यप्रयोजकत्वात्। 'किं भविष्यति', 'कथं भविष्यति' इत्याद्याकारायाश्चिन्तायाः 'इदमित्थं भवितुमर्हति प्रायशः' इत्याकारस्य वितर्कस्य विषयवैलक्षण्योपलम्भाच्च। 'न विने'त्यादिनोक्तोऽर्थान्तरन्यासोऽप्यस्मिन्नेवानुकूलः।

इष्टासिद्धि-राजगुर्वाद्यपराधादिजन्योऽनुतापो विषादः।

स्थितिर्न क्वापि सम्भवति। सीताजीवनं विना मज्जीवनासम्भवाद् मज्जीवनदर्शनादेव सीताया जीवितत्वं सम्भावनीयमिति 'सीता भुवि अस्ति न वा' इति सन्देहे निश्चयानुकूल ऊहोऽत्र वितर्कः।

स्वात्मनि स्वगतम्। **आक्षिप्तमिति,** अत्र शब्दतोऽनुक्तमपि आक्षेपलभ्यम्। वितर्कसमये भ्रूक्षेपः, शिरोनर्त्तनम्, अङ्गुलिनर्तनं च स्वभावसिद्धम्। वितर्कस्य चिन्तात; पार्थक्यं दर्शयति—**न चेति**। चिन्तायां निश्चयो न लक्ष्यते, वितर्कस्तु निश्चयानुकूलो भवतीति विषयवैलक्षण्यमुभयोः। **न विनेति**। अत्रोदाहृतपद्ये 'न विनालम्बनमाश्रितस्थितिः' इत्यनेन सामान्येन, विशेषस्य रामजीवनेन सीताजीवस्थितेः समर्थनरूपोऽर्थान्तरन्यासो निश्चयप्रत्यायको वितर्केऽनुकूलः।

विषादभावं निरूपयति—**इष्टेति**। बहुप्रयत्नानन्तरमपि अभीष्टकार्यस्यासिद्धौ,

---

आश्रय के आश्रित वस्तु का रहना सम्भव नहीं है। सीता के जीवन के बिना मेरा जीवन रह नहीं सकता। अतः मेरे जीवन से जानकी जी के जीवित रहने का निश्चय हो रहा है।

अपने मन में भगवान् राम की यह उक्ति है। 'सीता इस पृथ्वी पर है या नहीं' यह सन्देह यहाँ विभाव है। भौहें तानना, शिर और अंगुलियों को नचाना इत्यादि अनुभाव हैं, जो उदाहृत पद्य में शब्दतः अनुक्त रहने पर भी 'वितर्क-काल में रहते ही हैं' इस ज्ञान के द्वारा आक्षिप्त (आक्षेपलभ्य) हैं।

यह वितर्क चिन्ता ही है—ऐसा नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि चिन्ता नियमतः निश्चय के प्रति कारण नहीं हो सकती (प्रयोजक, साक्षात् या परम्परया कारण)। 'क्या होगा' 'कैसे होगा'—इस प्रकार की चिन्ता होती है, जिससे 'यह ऐसा हो सकता है, प्रायः' इस प्रकार के वितर्क की विषयगत-विलक्षणता (पार्थक्य) स्पष्ट ही है। इस पद्य के अन्तिम चरण 'न विनालम्बन' इत्यादि के द्वारा कथित अर्थान्तरन्यास अलंकार भी इसी निश्चयात्मक वितर्क में अनुकूल है। (यहाँ सामान्य उक्ति के द्वारा विशेष का समर्थनरूप अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है।)

बहुत आयास के बाद भी अभीष्ट कार्य के सिद्ध न होने से तथा राजा, गुरु, देवता, देश आदि के प्रति अपराध आदि करने से उत्पन्न सन्ताप को विषाद कहते हैं।

उदाहरणम्—

भास्करसूनावस्तं याते, जाते च पाण्डवोत्कर्षे ।
दुर्योधनस्य जीवित ! कथमिव नाद्यापि निर्यासि ॥

अत्र स्वापकर्ष-परोत्कर्षयोर्दर्शनं विभावः । जीवितनिर्याणाशंसा तदाक्षिप्तं वदन-नमनादि चानुभावः ।

अस्मिन्नेव च विषादध्वनौ दुर्योधनस्येत्यर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनिरनुग्राहकः । न चात्र त्रासभावध्वनित्वं शंक्यम्, परवीरस्य दुर्योधनस्य त्रासलेशस्याप्ययोगात् । नापि चिन्ताध्वनितम्, युद्ध्वा मरिष्यामीति तस्य व्यवसायात् । नापि दैन्यध्वनित्वम्, सकलसैन्यक्षयेऽपि विपदस्तेनागणनात् । न वा वीररस ध्वनित्वम्, मरणस्य शरणीकरणे परापकर्षजीवितस्योत्साहस्याभावात् ।

राज-गुरु-राष्ट्रादिकान् प्रति कृतेऽपराधे च स्वात्मनि जायमानोऽनुतापः सन्तापः, स एव विषादसंज्ञको भाव उच्यते । यथा—

भास्करेति । कर्णे मृते निराशस्य दुर्योधनस्य स्वजीवनं प्रति उक्तिरियम् । भास्करसूनौ सूर्यपुत्रे अनुपमप्रतापशालिनि कर्णे अस्तं याते मृते सति, तदनन्तरं पाण्डवोत्कर्षे पाण्डवानां युधिष्ठिरादीनां वैरिणाम् उत्कर्षे च जाते, हे दुर्योधनस्य जीवित ! अतुलपराक्रमस्य कर्णैकप्राणस्य मम जीवन ! अद्यापि स्वकीयसर्वनाशे शत्रुदलोत्कर्षे च जाते इदानीमपि कथमिव कथं खलु न निर्यासि निर्गच्छसि ? अवश्यनिर्गन्तव्यस्य तवावस्थानं नोचितमिति भावः ।

निर्याणाशंसा प्रयाणेच्छा, तदिच्छासमये वदननमनवैवर्ण्यादिकं स्वभावसिद्धमनुक्तमपि आक्षेपलभ्यम् ।

अर्थान्तरसंक्रमितेति । दुर्योधनः स्वयं वक्ता 'ममेति' वक्तव्ये 'दुर्योधनस्ये'ति पदं साभिप्रायं प्रयुंक्ते । तेन तस्य तत्तद्गुणवत्त्वं लक्ष्यते—अतुलप्रताप-पराक्रमादियुक्तः कर्णैकप्राणः, प्रधर्षित-पाण्डव इत्यादि । तेन दुर्योधनशब्दोऽत्र अर्थान्तरे संक्रमितः । परन्तु

उदाहरण—

कर्ण के मर जाने पर निराश दुर्योधन की अपने जीवन के प्रति यह उक्ति है—हे दुर्योधन के प्राण ! तुम सूर्यपुत्र कर्ण के अस्त हो जाने (मर जाने) पर और पाण्डवों की उन्नति हो जाने पर भी अभी तक क्यों नहीं निकल जाते हो ?

यहाँ अपनी अवनति और शत्रु की उन्नति देखना विभाव है और प्राण निकल जाने की इच्छा तथा उसके द्वारा आक्षेपलभ्य सर झुकाना आदि अनुभाव हैं ।

इसी विषाद ध्वनि में 'दुर्योधनस्य' इस पद से प्राप्त अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनि सहायक है । इस उदाहृत पद्य का वक्ता स्वयं दुर्योधन ही है । वह 'मम' (मेरा) कहने के स्थान में 'दुर्योधनस्य' पद का साभिप्राय प्रयोग करता है, जिससे अतिप्रतापी,

इदं पुनरत्र नोदाहार्यम्—

अयि ! पवनरयाणां निर्दयानां हयानां
श्लथय गतिमहं नो सङ्गरं द्रष्टुमीहे ।
श्रुतिविवरममी मे दारयन्ति प्रकुप्यद्-
भुजगनिभ-भुजानां बाहुजानां निनादाः ॥

पर्यवसाने दुःखातिशयोत्पादकत्वेन विषादध्वनेः **अनुग्राहक** उपस्कारक एव अर्थान्तर-संक्रमितध्वनिर्न तु प्रधानम् । परवीरस्य उत्कृष्टवीरस्य । **व्यवसायात्** निश्चयात्, चिन्तायां तु तथाविधव्यवसायाभावात् । विपदोऽगणनात् परवीरस्य दुर्योधनस्योक्ति-रियं वीररसमेव कथं न ध्वनयतीत्याह—**उत्साहेति** । परस्य शत्रोः अपकर्षो हीनत्वं तदेव जीवितं प्राणा अस्य, तथाविधस्य उत्साहस्यात्राभावः, दुर्योधनो हि विषादं प्राप्य स्वस्य मरणमेवाङ्गीकरोति, तेन शत्रोरुत्कर्ष एव प्रतीयते नापकर्षः । अतो नैवात्र त्रास-चिन्ता-दैन्य-वीर-रसध्वनीनां शङ्कास्ति ।

अत्र = विषादध्वनौ । **अयीति** । कोमलसम्बोधनं बृहन्नलावेषधारिणमर्जुनं सारथिनं प्रति युद्धकातरस्य विराट्पुत्रस्योत्तरस्य । पवन इव रयो वेगो येषां तथा-विधानां दयारहितानां कठोराणां घोटकानां गतिं श्लथय मन्दीकुरु । अहमुत्तरः सङ्गरं संग्रामं द्रष्टुं न ईहे इच्छामि । यतो हि—प्रकुप्यन्तश्च ते भुजगाः सर्पाः, तन्निभाः तत्सदृशा भुजा बाहवो येषां तेषां, बाहुजानां क्षत्रियाणां; 'बाहू राजन्यः कृत' इति पुरुष-

---

परमवीर, कर्ण का प्राणाधिक मित्र, पाण्डवों को बार-बार नीचा दिखा चुकने वाला आदि विशेषण युक्त वक्ता, ऐसा अर्थान्तर में संक्रमितवाच्य ध्वनि है, परन्तु प्रधान न होकर विषाद का पोषक ही है । यहाँ त्रासभावध्वनि की शंका न करें, क्योंकि परमवीर दुर्योधन को त्रास का लेश रहना भी संगत नहीं है । तब चिन्ताध्वनि भी नहीं कह सकते, 'युद्ध करके मारूँगा' यही उसका निश्चय है, जब कि चिन्ता में ऐसा निश्चय नहीं रहता है । यहाँ दैन्यध्वनि भी नहीं हो सकती, क्योंकि सकल सेना के क्षय होने पर भी उसने विपत्ति की परवाह न की । इसे वीररसध्वनि भी नहीं कह सकते, क्योंकि मरण को स्वीकार करने से शत्रु को नीचा दिखाना रूप उत्साह का ही यहाँ अभाव है ।

यह पद्य तो इस विषादध्वनि के लिए उदाहृत नहीं हो सकता है—हे सारथी ! वायु के समान वेग वाले इन निर्दय घोड़ों की गति को शिथिल करो, मैं युद्ध नहीं देखना चाहता । प्रकुपित सर्पों के समान भुजा वाले इन क्षत्रियों के ये युद्धोन्माद-शब्द मेरे कान के बिल को फाड़ रहे हैं । यह उक्ति युद्ध से भयभीत विराट्पुत्र उत्तर का बृहन्नलावेशधारी अर्जुन के प्रति है ।

अत्र त्रासस्यैव प्रतीयमानत्वेन विषादस्याप्रतीतेः, लेशतया प्रतीतौ वा त्रास एव आनुगुण्यौचित्येन ध्वनिव्यपदेशायोग्यत्वात् ।

अधुनैवास्य लाभो ममास्त्वितीच्छा औत्सुक्यम् ॥

इष्टविरहादिरत्र विभावः । त्वरा-चिन्तादयोऽनुभावाः । यदाहुः—

सञ्जातमिष्टविरहादुद्दीप्तं प्रियसंस्मृतेः ।
निद्रया तन्द्रया गात्रगौरवेण च चिन्तया ॥
अनुभावितमाख्यातमौत्सुक्यं भावकोविदैः ॥ इति ।

सूक्तम्, अमी समीपस्था एव निनादाः शब्दाः, मे मम, श्रुतिविवरं कर्णकुहरं दारयन्ति स्फोटयन्ति ।

अत्र उत्तरस्य विषादो विद्यमानोऽपि न भावपदवीमावहति, भीरुत्वेन कठोरशब्द-श्रवणरूपविभावेन च प्रतीयमानस्त्रास एवात्र भावः । यथाकथञ्चित् लेशतया यत्किञ्चित् कर्णविवर-विदीर्णतद्वारा प्राणान्ताशङ्कया प्रतीतोऽपि विषादः, पूर्णाभिव्यक्तत्वेन प्रतीय-मानस्य त्रासस्य आनुगुण्येन अनुकूलतया पोषकत्वेन गौणो ध्वनित्वेन व्यवहारस्या-योग्य एव ।

औत्सुक्याख्यं भावं लक्षयति—**अधुनैवेति** । अभिलषितवस्तुनः प्राप्त्यर्थमुत्कटे-च्छास्वरूपो भाव औत्सुक्यसंज्ञकः । इष्टस्य प्रियजनस्य वस्तुनो वा विरहोऽभावस्वरूप एव विभावः । तत्प्राप्तये त्वरा शीघ्रकारिता, चिन्तादिश्च कार्यतयानुभावः । अत्र प्राचीन-सम्मतिं दर्शयति—**सञ्जातमिति** । इष्टविरहात् संजातमुत्पन्नं, प्रियसंस्मृतेः उद्दीप्तं वर्धितं, तेन प्रियसंस्मृतिरुद्दीपनविभाव इति सूचितम्, निद्रा-तन्द्रादेहगुरुत्वानुभव-चिन्ता-दयोऽनुभावाः तैः अनुभावितम् अनुभावनव्यापारसम्बन्धीकृतम्, यत् तद् भावज्ञैः औत्सुक्य-भावरूपं प्रतिपादितम् ।

यहाँ त्रास (भय) ही प्रतीयमान हो रहा है, इसलिए विषाद की प्रतीति ही नहीं होती है । अंशतः उसकी प्रतीति मान भी लें तो उसे त्रास के अनुकूल गौण रहने के कारण वह ध्वनि कहलाने योग्य नहीं है ।

'अभी मुझे यह मिल जाय' इस प्रकार की उत्कट इच्छा ही औत्सुक्य है ।

इष्ट का विरह (अभाव) यहाँ विभाव एवं प्राप्ति की शीघ्रता, चिन्ता आदि अनुभाव हैं । जैसा कि आचार्यों ने कहा भी है—

इष्ट व्यक्ति या वस्तु के विरह से उत्पन्न, उसी प्रिय व्यक्ति या वस्तु के स्मरण से उद्दीप्त (वर्धित) और निद्रा, तन्द्रा, देह के भारीपन तथा चिन्ता से अनुभवगोचर होने वाले भाव को भाववेत्ताओं ने औत्सुक्य कहा है ।

उदाहरणम्—

निपतद्वाष्प-संरोध-मुक्तचाञ्चल्यतारकम् ।
कदा नयननीलाब्जमालोकेय मृगीदृशः ॥

अनर्थातिशयजनिता चित्तस्य सम्भ्रमाख्या वृत्तिरावेगः ।

उदाहरणम्—

लीलया विहित-सिन्धुबन्धनः, सोऽयमेति रघुवंशनन्दनः ।
दर्पदुर्विलसितो दशाननः, कुत्र यामि ? निकटे कुलक्षयः ॥

एषा स्वात्मनि मन्दोदर्या उक्तिः । रघुनन्दनागमनमत्र विभावः । कुत्र यामीत्येतद्व्यङ्ग्यः स्थैर्याभावोऽनुभावः ।

न चात्र चिन्ता प्राधान्येन व्यज्यत इति शक्यते वक्तुम्, कुत्र यामीति स्फुटं प्रतीतेन स्थैर्याभावेनोद्वेगस्येव चिन्ताया अप्रत्यायनात् । परन्त्वावेग-चर्वणायां तत्परिपोषकतया गुणत्वेन चिन्तापि विषयीभवति ।

निपतदिति । विरही नायकश्चिन्तयति—मृगीदृशो नयननीलाब्जं नयनरूपं नीलकमलं कदा आलोकेय पश्येयम्, यत्कमलं निपततां वाष्पाणां नेत्रबिन्दूनां संरोधेन स्तम्भनेन मुक्तं त्यक्तं चाञ्चल्यं याभ्यां ते तारके कनीनिके यस्य तथाविधम् । प्रियविरहालम्बनेन तत्स्मरणोद्दीपनेन तच्चिन्तानुभावेन प्रियादर्शनोत्कटेच्छारूप औत्सुक्यभावः प्रतीयते ।

आवेगाख्य भावं लक्षयति—**अनर्थेति** । आकस्मिकरूपेण अत्यन्तानिष्टघटनायाः कारणेन चित्ते जायमानः सम्भ्रमो विक्षोभ एव आवेगाख्यो भावः । यथा—रावणपत्न्या

उदाहरण—मृगनयनी के गिरते हुए आँसू (जल) को रोकने के कारण चञ्चलता को त्यागने वाले पुतलियों से युक्त आँख रूपी नीलकमल को कब देखूँगा ?

अत्यन्त अनर्थ (अनिष्ट घटना) के अकस्मात् आ जाने से उत्पन्न चित्त के सम्भ्रम (विक्षोभ, हड़बड़ी) को आवेग या उद्वेग कहते हैं । विश्वनाथ ने आवेग को हर्ष से भी उत्पन्न माना है ।

लीला से ही सागर में सेतु बाँधने वाले, अतुल पराक्रमशाली रूप में प्रख्यात वे (जिनकी पत्नी का अपहरण किया गया है) श्रीरामचन्द्रजी लङ्का आ रहे हैं और रावण उनके स्वागत के बजाय दर्प से दुराचाररत है, उनसे द्वेष ही कर रहा है । तब तो सम्पूर्ण कुल का ही नाश बहुत निकट है । हाय ! कहाँ जाऊँ ?

यह अपने मन में मन्दोदरी की उक्ति है । रघुनन्दन का आगमन यहाँ विभाव है । 'कहाँ जाऊँ' इससे व्यंग्य चंचलता अनुभाव है ।

यहाँ चिन्ता ही प्रधानरूप से प्रतीत हो रही है, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि 'कहाँ जाऊँ' इस वाक्य के द्वारा स्फुट (स्पष्ट) रूप से प्रतीत स्थिरता के अभाव

चिन्तोत्कण्ठा-भय-विरहेष्टानिष्टदर्शनश्रवणादिजन्याऽवश्यकर्त्तव्यार्थ-प्रतिसन्धान-विकला चित्तवृत्तिर्जडता ।

इयं च मोहात् पूर्वतः परतश्च जायते । यदाहुः—

कार्याविवेको: जडता, पश्यतः शृण्वतोऽपि वा ।
तद्विभावाः प्रियानिष्टदर्शनश्रवणे रुजा ॥
अनुभावास्त्वमी तूष्णीम्भाव-विस्मरणादयः ।
स पूर्वं परतो वा स्यान्मोहादिति विदां मतम् ॥ इति ।

मन्दोदर्या विलापोऽयम् । लीलया अनायासेनैव विहितः सिन्धुबन्धनः सागरबन्धनो येन सोऽयं परिचितो दिव्यपराक्रमशाली समीपस्थितो रामचन्द्रो लङ्कामागच्छति । किन्तु दशाननो रावणो दर्पेण दुर्विलसितो दुराग्रही, रामस्य समर्चां न करोति, तं द्वेष्टि । अत एव कुलक्षयो निकट एव । अशरणा क्व गच्छामीति । अत्र कुलस्यैव क्षय इत्यालम्बन-विभावो, रघुनन्दनागमनमुद्दीपनविभावः, स्थैर्यस्य स्थिरताया अभावः चञ्चलताऽनुभावः । उद्वेगस्येव = आवेगस्येव चिन्तायाः प्राधान्येन प्रतीत्यभावात् । चर्वणायाम् = आस्वाद-काले । गुणत्वेन = अङ्गतया ।

जडताख्यं भावं लक्षयति—**चिन्तेति** । चिन्तोत्कर्षभयेति पाठान्तरम् । उत्कर्षाति-शयादपि कर्त्तव्यमौग्ध्येन जडता भवति । चिन्तादि-समुत्पन्ना किङ्कर्तव्यविमूढता जडता । इष्टस्यानिष्टस्य च दर्शनेन श्रवणेन चेत्यर्थः ।

इयं जडता । **मोहात्** = मूर्च्छनात् । **कार्याविवेक** इति । किमपि पश्यतः शृण्वतो वा जनस्य कर्त्तव्यनिर्धारणाज्ञानं जडता । तस्याः विभावाः प्रियस्य इष्टस्य अनिष्टस्य च दर्शन-श्रवणे रोगश्च, अनुभावास्तु तूष्णीम्भावो विस्मृतिश्चेत्यादयः ।

(चाञ्चल्य) के द्वारा जैसे उद्वेग (आवेग) दृष्ट हो रहा है, वैसे चिन्ता प्रधानरूप से प्रतीत नहीं होती है । परन्तु आवेग-भाव के आस्वादनकाल में उसके पोषक के रूप में अङ्ग बनकर चिन्ता भी यहाँ सम्मिलित होकर विषय बनती है ।

चिन्ता, उत्कण्ठा, भय, विरह, इष्ट एवं अनिष्ट के दर्शन एवं श्रवण आदि से उत्पन्न अवश्यकर्त्तव्य ज्ञान से विकल (रहित) चित्तवृत्ति को जड़ता कहते हैं ।

यह जड़ता मूर्च्छा से पहले और बाद में भी होती है । जैसा कि आचार्यों ने कहा है—किसी को देखने या सुनने वाले में कर्त्तव्य के ज्ञान का अभाव ही जड़ता है । इसके विभाव हैं—प्रिय एवं अनिष्ट के दर्शन एवं श्रवण तथा रोग, अनुभाव हैं—चुप्पी, विस्मरण आदि । वह जड़ता-भाव मूर्च्छा से पहले या बाद में होता है—ऐसा विद्वानों का मत है ।

उदाहरणम्—

यदवधि दयितो विलोचनाभ्यां, सहचरि ! दैववशेन दूरतोऽभूत् ।
तदवधि शिथिलीकृतो मदीयैरथ करणैः प्रणयो निजक्रियासु ॥

प्रियविरहोऽत्र विभावः, करणैश्चक्षुःश्रवणादिभिः क्रियासु तत्तत्प्रमितिषु प्रणयस्य शिथिलीकरणमनुभावः। मोहे चक्षुरादिभिश्चाक्षुषादेरजननम्, इह तु प्रकारविशेषवैशिष्ट्येन बाहुल्येनाजननमिति तस्मादस्य विशेषः। अत एवोदाहरणे शिथिलीकृत इत्युक्तं, न तु त्यक्त इति ।

अतितृप्ति-गर्भ-व्याधि-श्रमादिजन्या चेतसः क्रियाऽनुन्मुखताऽऽलस्यम् ।

उदाहरति—**यदवधीति** । हे सहचरि सखि ! दैववशेन भाग्यवशात् मम दयितः प्रियः यदवधि यस्मात्कालादारभ्य मम विलोचनाभ्यां दूरतोऽभूद् दूरं गतवान्, तदवधि तस्मादेव कालात् मदीयैः करणैः चक्षुरादिभिः निजक्रियासु दर्शन-श्रवणादिषु प्रणयः स्वव्यापारासक्तिरूपः, शिथिलीकृतो मन्दीकृतः । अत्र अथेति पादपूरणे । 'प्रणयो निजे'त्यत्र पूर्वान्त्य-परादिवर्णयोः सहावस्थानेनाश्लीलत्वम् ।

प्रमितिषु चाक्षुषप्रत्यक्ष-श्रावणप्रत्यक्षादिषु । ननु मोहजडतयोर्ज्ञानवैकल्यरूपत्वात् कुतः पृथगुपादानमिति समाधत्ते—**मोह** इति । मोहे इन्द्रियाणां सर्वथा क्रियाशून्यत्वं, जडतायां तु ईषत्कार्यकरत्वं, न सर्वथा ज्ञानाभाव इत्युभयोर्वैलक्षण्येन पृथगुपादानम् । **प्रकारेति** तत्तदसाधारणरूपेण बहुशो न तु सर्वथा । तेन क्वचिच्चाक्षुषादेर्जननमपि जडतायां, मोहे तु सामान्यरूपेणैव तदजननमिति ।

आलस्यं लक्षयति—**अतितृप्तीति** । अतिसन्तुष्टि-गर्भरोगश्रमादिकारणेन

उदाहरण—हे सखि ! जब से मेरे प्रियतम भाग्यवश मेरी आँखों से दूर हो गये हैं, उसी समय से मेरी आँख-कान आदि इन्द्रियों ने अपने देखना-सुनना आदि कार्यों में स्नेह को मन्द कर दिया है ।

यहाँ प्रिय का विरह विभाव है, करणों (साधनों) आँख-कान आदि से कार्यों में—उन-उन इन्द्रियों की प्रमितियों (प्रत्यक्षों) में प्रणय (स्नेह) का मन्द करना अनुभाव है । मोह-भाव में आँख आदि से चाक्षुषादि प्रतीति नहीं होती और यहाँ जड़ता भाव में उन-उन असाधारण विशेषताओं के द्वारा अधिकतर रूप से प्रतीति नहीं होती, किन्तु कहीं-कहीं प्रतीति होती भी है । इसलिए मोह से जड़ता का पार्थक्य ही है । मोह में इन्द्रियों के विषयों से सम्पर्क होने पर भी कदापि कुछ भी प्रतीति नहीं होती है, जब कि जड़ता में स्थूल रूप से कुछ-कुछ होती है ।

इसलिए पूर्वोक्त उदाहरण में 'शिथिलीकृत' कहा है, 'त्यक्त' नहीं ।

अत्यन्त तृप्ति, गर्भ, व्याधि, श्रम आदि के कारण उत्पन्न मन में कार्य न करने की प्रवृत्ति को आलस्य कहते हैं ।

अत्र च नासामर्थ्यम्, नापि कार्याकार्यविवेकशून्यत्वम्। तेन कार्याकरणरूपस्यानुभावस्य तुल्यत्वेऽपि ग्लानेर्जडतायाश्चास्य भेदः।

उदाहरणम्—

निखिलां रजनीं प्रियेण दूरादुपयातेन विबोधिता कथाभिः।
अधिकं नहि पारयामि वक्तुं सखि ! मा जल्प, तवायसी रसज्ञा॥

एषा हि प्रियागमनद्वितीयदिवसे मुहुर्निशावृत्तान्तं पृच्छतीं सखीं प्रति रजनिजागरणजनितालस्यायाः कस्याश्चिदुक्तिः। अत्र रजनिजागरणं विभावः, अधिकसम्भाषणाभावोऽनुभावः।

समुत्पन्ना चित्ते या व्यापाराप्रवृत्तिः सैव आलस्यम्। वस्तुतो व्यापारमन्थरता, न तु व्यापाराभावः। अन्यथा भावरूपालस्यस्य अभावरूपतापत्तिः स्यात्।

कार्यस्याकरणरूपोऽनुभावः आलस्य-ग्लानि-जडतासु एक एवेति कथं त्रयाणां नैक्यमिति प्रतिपादयति—**अत्र चेति**। आलस्ये असामर्थ्यं कार्यकरणे अशक्तिर्न भवति, ग्लानौ तु भवतीत्युभयोर्भेदः। आलस्ये कर्त्तव्याकर्त्तव्यज्ञानाभावो न भवति, जडतायां तु भवतीत्युभयोर्भेदः।

उदाहरति—**निखिलामिति**। हे सखि ! दूराद् दूरदेशात्, चिराद् उपयातेन प्रियेण कथाभिर्वार्तालापादिभिः अहं निखिलां सम्पूर्णां रजनीं रात्रिं विबोधिता जागरिता। रजनीमित्यत्रात्यन्तसंयोगे द्वितीया। अत एवालसाहम् इतोऽधिकं वक्तुं नहि पारयामि। त्वं मा जल्प। मन्ये, तव रसज्ञा जिह्वा आयसी लौहनिर्मिता वर्तते, यन्मां श्रान्तामपि वारं वारं रात्रिवृत्तान्तं पृच्छसीति।

कथाभिरिति। चिरान्मिलितायां प्रियायां केवलाभिः कथाभिरेव रात्रिजागरणमनुपपन्नं सत् कथाभिरित्यस्य वाच्यमविवक्षितं, लक्षणया सुरतव्यापारं गमयति।

इस आलस्य भाव में कार्य करने में सामर्थ्य का अभाव नहीं रहता है (जब कि ग्लानि में रहता है) और कर्त्तव्य एवं अकर्त्तव्य के ज्ञान का अभाव भी नहीं रहता है (जब कि जड़ता में रहता है)। इसीलिए 'कार्य का न करना' रूप अनुभाव के (आलस्य, ग्लानि और जड़ता—इन तीनों भावों में) तुल्य रहने पर भी ग्लानि और जड़ता से इस आलस्य का भेद ही है।

उदाहरण—हे सखि ! दूर देश से (या बहुत दिन पर) आये हुए प्रिय ने मुझे अनेक कथा-चर्चादियों के द्वारा पूरे रातभर जगाये रखा है। अतः मैं इससे अधिक बोल नहीं सकती हूँ। अब तू मत बोलो। क्या तेरी जिह्वा लोहे की बनी है ? (जो मुझे अत्यन्त थकी रहने पर भी बार-बार पति-वृत्तान्त पूछ रही हो और जिह्वा थकती ही नहीं है ?)

प्रिय के आगमन के दूसरे दिन में बार-बार रात्रि-वृत्तान्त पूछती हुई सखी के

जडतायां मोहात् पूर्ववर्त्तित्वमुत्तरवर्त्तित्वं वा नियतं, न त्वत्रेत्यपरो विशेषः। गोपनीयविषयत्वाद् यदि कथाभिरित्यविवक्षितवाच्यं, तदा श्रमोऽस्तु परिपोषकः, श्रमजन्ये ह्यालस्ये श्रमस्य परिपोषकताया अवार्यत्वात्। अतितृप्त्यादिजनिते त्वालस्ये श्रमाद् विविक्तविषयत्वं बोध्यम्।

परोत्कर्षदर्शनादिजन्यः परनिन्दादिकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषोऽसूया।

इमामेवासहनादिशब्देन व्यवहरन्ति। यथा—

गोपनीयत्वाद् वाच्यरूपेण तस्योपादानं न कृतं, लज्जारक्षणाय च। तेन सुरतेन श्रमातिशयो व्यङ्ग्यार्थो लभ्यते, किन्तु तज्जन्यमेवालस्यं प्रधानमेव। श्रमस्य स्वजन्यालस्यपरिपोषकत्वमपरिहार्यम्। न च श्रमं विनालस्यं न सम्भवतीति वाच्यम्, अतितृप्ति-गर्भ–व्याधिजन्य आलस्ये श्रमरहितोदाहरणसम्भवात्।

असूयाख्यं भावं लक्षयति—**परेति**। परस्य उत्कृष्टत्वदर्शनेन उत्पन्ना, तन्निन्दायाः कारणस्वरूपा चित्तवृत्तिरसूया। इमामसूयामेव असहनासहिष्णुतादिशब्देनापि कथयन्ति। परगुणासहिष्णुता परदोषाविष्कृतिश्चासूयाशब्दार्थः।

प्रति किसी नायिका की यह उक्ति है, जो रातभर जागने से अलसायी हुई है। यहाँ रात में जागना विभाव और अधिक बोलने का अभाव अनुभाव है।

जड़ता भाव में मूर्च्छा से पहले या बाद में जड़ता का रहना नियत है, किन्तु इस आलस्य में ऐसी बात नहीं, यह इसकी दूसरी विशेषता है। सुरत के गोपनीय विषय होने के कारण 'कथाभिः' यह पद अविवक्षितवाच्य ध्वनि के रूप में अपने वाच्यार्थ वार्तालाप की अविवक्षा कर सुरतव्यापाररूप लाक्षणिक अर्थ के द्वारा श्रमातिशय को ही ध्वनित कर रहा है और तब तो यह श्रमध्वनि का ही उदाहरण हुआ, आलस्य का नहीं, ऐसा नहीं कह सकते; क्योंकि श्रमध्वनि रहने पर वह आलस्य का ही पोषक है, क्योंकि श्रम से उत्पन्न आलस्य में श्रम का पोषक होना अपरिहार्य है। (नायक बहुत दिन पर आया है, वह बात ही में रात बिता दे, यह संगत नहीं है, इसलिए 'कथा' शब्द से सुरत अर्थ लेना आवश्यक है और लज्जानिवारणार्थ नायिका सुरत न कहकर 'कथा' से काम चला रही है।) श्रम से असंकीर्ण आलस्य का उदाहरण अतितृप्ति आदि से उत्पन्न रहेगा।

दूसरे के उत्कर्ष को देखने आदि से उत्पन्न, इस उत्कृष्ट की निन्दादि के कारण-स्वरूप चित्तवृत्ति को असूया कहते हैं।

इसे ही असहन (असहिष्णुता) आदि शब्द से कहते हैं। यथा—

कुत्र शैवं धनुरिदं क्व चायं प्राकृतः शिशुः ।
भङ्गस्तु सर्वसंहर्त्रा कालेनैव विनिर्मितः ॥

एषा भग्नहरकार्मुकस्य रामस्य पराक्रममसहमानानां तत्रत्यानां राज्ञामुक्तिः । अत्र च श्रीमद्दाशरथिबलस्य सर्वोत्कृष्टताया दर्शनं विभावः, प्राकृतशिशुपदगम्या निन्दानुभावः ।

तृष्णालोलविलोचने कलयति प्राचीं चकोरव्रजे,
मौनं मुञ्चति किञ्च कैरवकुले, कामे धनुर्धुन्वति ।
माने मानवतीजनस्य सपदि प्रस्थातुकामेऽधुना
धातः ! किं नु विधौ विधातुमुचितो धाराधराडम्बरः ॥

कुत्रेति । जनकनगरे धनुर्यज्ञे रामविद्वेषिणामुक्तिरियम् । कुत्र पुरुषोत्थापनाशक्यमिदं शैवं शिवसम्बन्धि धनुः ? अयं रामः प्राकृतो वैशिष्ट्यरहितः साधारणः शिशुर्बालश्च क्व ? उभयोः सम्बन्धोऽसम्भव एव । तेन धनुर्भङ्गो नैव रामेण सम्भाव्यते । तर्हि तद् भग्नं कथमिति चेदुच्यते, तस्य भङ्गस्तु सर्वसंहारकेण कालपुरुषेणैव विनिर्मितो निर्धारितः । धातूनामनेकार्थत्वाद् रचनार्थकस्य निर्मातिः करणार्थे प्रयोगः । निदर्शनालङ्कारः ।

भग्नहरकार्मुकस्य भग्नं हरकार्मुकं शिवधनुर्येन । **तत्रत्यानां** धनुर्यज्ञे सीतापरिणयार्थमागतानां राज्ञाम् ।

पुनरसूयाममर्षसङ्कीर्णमुदाहरति—**तृष्णेति** । अत्र कस्यचिद् राजकुमारस्यागमनं प्रस्तुतं सहसाऽवरुद्धमिति अप्रस्तुतेन चन्द्रवृत्तान्तेन वर्णितम् । चन्द्रोदयकाल एव मेघाडम्बरविधातारं धातारं कश्चिदाक्रोशति—हे **धातः** अधुना सायंकाले चन्द्रोदयावसरे तृष्णया चन्द्रिकाप्राप्तीच्छया लोले चञ्चले विलोचने यस्य तस्मिन्, चकोरसमुदाये प्राचीं दिशं कलयति पश्यति सति, किञ्च अपि च, कैरवकुले कुमुदगणे मौनं दिवाकृतमुद्रणं मुञ्चति सति, कामदेवे धनुः धुन्वति कम्पयति सति, मानवतीजनस्य माने प्रणयकोपे

कहाँ यह शिव का धनुष और कहाँ यह साधारण बालक (राम) ? इस धनुष का भङ्ग तो सबों के संहार करने वाले कालपुरुष ने ही किया है ।

यह शिवधनुष को तोड़ने वाले राम के पराक्रम को न सहने वाले वहाँ सीतापरिणय के लिए उपस्थित राजाओं की उक्ति है । यहाँ श्रीमान् दाशरथि राम के सैन्यों की सर्वोत्कृष्टता देखना विभाव एवं 'साधारण शिशु' पद से ध्वनित निन्दा अनुभाव है ।

अमर्षमिश्रित असूया का उदाहरण—हे विधाता ! अभी चन्द्रोदय होने के समय सायंकाल में जब चाँदनी को देखने हेतु चंचल आँखों वाले चकोरगण पूरब की ओर देखने लगे, कुमुदिनी-वन अपनी चुप्पी (संकुचित होना) छोड़ने लगे काम-

अत्रापि यद्यपि तदीयोच्छृङ्खलतादि-दर्शनजन्या, अनुचितकारित्वरूप-निन्दाप्रकाशानुभाविता, कविगता, विधात्रालम्बनासूया व्यज्यत इति शक्यते वक्तुम्, तथापि कार्यकारणयोस्तुल्यत्वादभिव्यक्तेनामर्षेण शबलितैवासौ न विविक्ततया प्रतीयते। नहि विधातुरपराध इव भगवतो रामस्यापराधोऽस्ति, येन कवेरिव वीराणामप्यमर्षोऽभिव्यज्येत। स्वभावो हि महोन्नतक्रियानिष्पादनं वीराणाम्।

प्रस्थातुकामे प्रस्थातुमुद्यते सति, विधौ चन्द्रे, धाराधराडम्बरः मेघाच्छन्नत्वं किं नु त्वया विधातुमुचितः? सर्वथा नैवोचित इत्यर्थः।

तदीया विधातुः, उच्छृङ्खलता अनुचितकारिता। विधात्रालम्बना विधातृ-सम्बन्धिनी। कार्यकारणयोः अनुभावविभावयोः निन्दाप्रकाशोच्छृङ्खलतादर्शनयोः तुल्य-त्वात्, समानत्वात्, असूयामर्षयोस्तुल्यविभावानुभावकत्वादेककालोपस्थितावसूयामर्षौ। **शबलितैव** मिश्रितैव। **विविक्ततया** पृथक्तया। **नहीति**। अमर्षमिश्रितासूयो-दाहरणे प्रस्तुतपद्ये विधातुरपराधेन कवेरमर्षः। शुद्धासूयोदाहरणे "कुत्र शैवम्" इत्यादि पद्ये रामस्यापराध एव नास्ति, येन वीराणाममर्षः स्यात्। वीरो हि रामो नैवापराधी, स स्वभावतो महोन्नतिप्रदकार्ये धनुर्भङ्गे प्रवृत्तो न तु मत्सरतया।

देव अपने धनुष को कँपाने लगे और मानवती जनों के मान झट से प्रस्थान करने लगे, तब उसी समय चन्द्रमा पर यह मेघ की घटा लाद देना क्या उचित हुआ?

यहाँ यद्यपि विधाता की उच्छृंखलता (मनमानी) के दर्शन से उत्पन्न 'अनुचित किया विधाता ने' इस निन्दा से अनुभावित कविगत विधाता-विषयक असूया अभिव्यक्त हो रही है—ऐसा कहा जा सकता है, तथापि उसी समय अभिव्यक्त अमर्ष (अपराध के कारण बिगड़ना या चुप होना) के साथ वह मिश्रित रूप से ही प्रकाशित हो रही है, पृथक् स्वतन्त्र रूप से नहीं। असूया एवं अमर्ष के विभाव और अनुभाव यहाँ समान (एक) ही हैं, इस कारण दोनों समानकाल में ही प्रतीत होते हैं। अतः यह उदाहरण अमर्षसंकीर्ण असूया का है।

पूर्वोदाहृत 'कुत्र शैवं' पद्य शुद्ध-असूया का उदाहरण है, क्योंकि जैसे 'तृष्णा-लोल' पद्य में विधाता का अपराध है, वैसे इस पद्य में भगवान् राम का अपराध नहीं है, जिससे कि विधाता के प्रति कवि के अमर्ष के समान वीरों को भी राम के प्रति अमर्ष हो। शिव के धनुष को तोड़ना अपराधवश नहीं, स्वभाववश ही राम के द्वारा हुआ, क्योंकि महान् उन्नतिदायक कार्य करना वीरों का स्वभाव ही है।

अत्राप्रस्तुत-चन्द्रवृत्तान्तेन प्रस्तुत-राजकुमारादिवृत्तान्तस्य ध्वननान्नास्त्यसूयाध्वनित्वमिति तु न वाच्यम्, एकध्वनेर्ध्वन्यन्तराविरोधित्वात्। अन्यथा महावाक्यध्वनेरवान्तरवाक्यध्वनिभिः, तेषां च पदध्वनिभिः सह सामानाधिकरण्यं कुत्रापि न स्यात्।

वियोग-शोक-भय-जुगुप्सादीनामतिशयाद् ग्रहावेशादेश्चोत्पन्नो व्याधिविशेषोऽपस्मारः।

व्याधित्वेनास्य कथनेऽपि विशेषाकारेण पुनः कथनं बीभत्स-भयानकयोरस्यैव व्याधेरङ्गत्वं नान्यस्येति स्फोरणाय। विप्रलम्भे तु व्याध्यन्तरस्यापि च।

अत्रेति। "तृष्णालोलेति" पद्ये चन्द्रवृत्तान्तेन राजकुमारवृत्तान्तोऽपि ध्वन्यते। तत्समकालमेवासूयाध्वनिः स्वतन्त्रतयैव प्रतीयते। उभयध्वनेरेकत्र समावेशे न कश्चिद्विरोधः। महावाक्ये प्रबन्धरूपे अनेकध्वनीनां समावेशः। एकस्मिन् वाक्येऽनेकपदध्वनीनां प्रतीतिर्भवत्येव।

अपस्मारभावं लक्षयति—**वियोगेति**। वियोगादीनामाधिक्याद् भूताद्यावेशाच्च समुत्पन्नश्चित्तविक्षेपरूपो व्याधिरेवापस्मारः। व्याधावस्मिन् ज्ञानहरण-कम्प-स्वेद-लाला-निपातादयो भवन्ति। ग्रहपदेनात्र पूतनादयो बालपिशाचा भूतादयो वा ग्राह्याः। विरहादयोऽत्र विभावाः। निपतनादयोऽनुभावाः।

ननु व्याधिभावः पृथगुक्तस्तद्विशेषस्यापस्मारस्य तदन्तर्गतत्वेन पृथगुपादानं

यहाँ अप्रस्तुत चन्द्रवृत्तान्त के द्वारा प्रस्तुत (वर्णनीय) राजकुमार के वृत्तान्त के ध्वनित होने से अप्रस्तुतप्रशंसालंकारध्वनि ही है, न कि असूयाध्वनि, ऐसा नहीं कह सकते; क्योंकि एक ध्वनि दूसरे ध्वनि का विरोधी नहीं है। तात्पर्य यह है कि एक ही जगह दो स्वतन्त्र प्रधान ध्वनियों का समावेश हो सकता है। अतः यहाँ दोनों ध्वनि हैं। यदि एकत्र एक ही ध्वनि रहे तो प्रबन्ध या प्रकरण रूप महावाक्यस्थित ध्वनि का उस प्रकरणस्थ लघुवाक्यस्थ ध्वनियों के साथ एवं एकवाक्यस्थ ध्वनि का पदध्वनि के साथ सहावस्थिति (एक साथ रहना) कहीं भी न होती।

वियोग, शोक, डर, घृणा आदि के अत्यधिक होने पर या भूत लगने से उत्पन्न चित्तविक्षेपरूप (जिसमें गिरना, कँपकँपी, मुँह से लार आना आदि हो जाते हैं) व्याधि-विशेष को अपस्मार (मृगी) कहते हैं।

व्याधिसंज्ञक भाव पहले ही प्रदर्शित हो चुका है और यह अपस्मार भी तो व्याधि ही है। व्याधिरूप में इसका कथन सामान्यरूप से यद्यपि हो चुका है, तथापि विशेषरूप से इसका यहाँ पुनः कथन इसलिए हुआ है कि बीभत्स और भयानक रस में

उदाहरणम्—

> हरिमागतमाकर्ण्य मथुरामन्तकान्तकम् ।
> कम्पमानः श्वसन् कंसो निपपात महीतले ॥

अत्र भयं विभावः, कम्प-निःश्वास-पतनादयोऽनुभावाः ।

अमर्षादिजन्या वाक्पारुष्यादिकारणीभूता चित्तवृत्तिश्चपलता ॥

यदाहुः—

> अमर्षप्रातिकूल्येर्ष्यारागद्वेषाश्च मत्सरः ।
> इति यत्र विभावाः स्युरनुभावस्तु भर्त्सनम् ॥

व्यर्थमिति चेन्न; बीभत्स-भयानकरसयोरपस्माररूप एक एव व्याधिराश्रीयते नान्य इति सूचनाय विशेषसाधनत्वात् । विप्रलम्भशृङ्गारे अपस्मारेण सहैवान्यव्याधिरपि दृश्यते ।

हरिमिति । अन्तकस्य यमराजस्यापि अन्तकं विनाशकं हरिं श्रीकृष्णं मथुरां कंसस्य राजधानीम् आगतम् आकर्ण्य चारमुखात् श्रुत्वा कंसः भयात् कम्पमानः श्वसन् महीतले निपपात । अत्र हर्यागमनजन्यं भयं विभावः, कम्प-श्वास-निपतनानि चानुभावाः ।

चपलताख्यं भावं लक्षयति—**अमर्षेति** । असहिष्णुताद्वेषादिसमुत्पन्ना कठोर-वाक्प्रयोग-ताडनादिजनिका चित्तवृत्तिरेव चपलता । "अमर्षादिजन्य-वाक्पारुष्यादि"-पाठो भट्टमथुरानाथ-केदारनाथसम्मतोऽपि न समीचीनो "विशेषणद्वयस्य गुणानाञ्च परार्थत्वादसम्बन्धः समत्वात्" इति मीमांसकसिद्धान्तेनान्वयासम्भवात् "समानस्य पृथक्-तयोपेक्षित" इति कविशेखरचरणैरुक्तत्वात्, असूयादिभावलक्षणे सुस्पष्टता नवैवावतरणाच्च । चपलता हि अमर्षादिजन्या सती वाक्पारुष्यादि जनयति । नहि अमर्षजन्यं वाक्पारुष्यं तत्कारणस्य चपलतारूपस्य विद्यमानत्वादिति ।

अमर्षप्रातिकूल्येति । यत्र चपलतायामिति । अमर्षः, प्रतिकूलता, ईर्ष्या, द्वेषः, मत्सरोऽन्यशुभद्वेषः इत्येते कारणत्वेन विभावाः । भर्त्सनं तर्जनं, वाक्पारुष्यं कठोर-

---

इसी व्याधि का ग्रहण होता है, अन्य का नहीं । जब कि विप्रलम्भ शृंगार में अपस्मार ही नहीं, अन्य किसी भी व्याधि का ग्रहण होता है ।

यमराज के भी अन्तकारक (सर्वशक्तिमान्) श्रीकृष्ण को मथुरा में आया हुआ सुनकर काँपता एवं तेज साँस लेता हुआ कंस पृथ्वी पर गिर गया ।

यहाँ भय विभाव एवं कम्प, निःश्वास, गिरना आदि अनुभाव हैं ।

अमर्ष (अपराधी के प्रति असहिष्णुता), ईर्ष्या, द्वेष आदि से उत्पन्न एवं कठोरवचन, मारना, पीटना, कोसना आदि का कारण जो चित्तवृत्ति है उसे चपलता (चञ्चलता) कहते हैं । अमर्ष से चपलता एवं उससे वाक्पारुष्यादि यही क्रम है ।

जैसा कि कहा है—अमर्ष (असहिष्णुता), प्रतिकूलता, ईर्ष्या, राग, द्वेष और मत्सर (अन्य की उन्नति से जलन)—ये जहाँ विभाव हों और डाँटना, कठोर वचन

वाक्पारुष्यं प्रहारश्च ताडनं वधबन्धने ।
तच्चापलमनालोच्य कार्यकारित्वमिष्यते ॥ इति ।

उदाहरणम्—

अहितव्रत ! पापात्मन् ! मैवं मे दर्शयाननम् ।
आत्मानं हन्तुमिच्छामि, येन त्वमसि भावितः ॥

एषा भगवदनुरक्तिविघटनोपायमपश्यतः, प्रह्लादं प्रति हिरण्यकशिपोरुक्तिः । भगवद्द्वेषोत्थापितः पुत्रद्वेषोऽत्र विभावः, आत्मवधेच्छा परुषवचनं चानुभावः ।

वाक्प्रयोगः, प्रहारः, ताडनं, वधः, बन्धनमित्यादयोऽनुभावाः कार्यरूपाः । अनालोच्य अविचार्यैव कार्यकरणं चापलं चपलताख्यो भावः । उदाहरति—**अहितेति** । 'अस्य विष्णोर्हितमहितं मदपकारं वा व्रतमङ्गीकृतं यस्य स तत्सम्बुद्धौ । पितुरादेशावहेलनात् पापस्वरूप प्रह्लाद ! त्वं मे मह्यम् आननं स्वमुखम् एवं = धृष्टवन्मा दर्शय । त्वदाचरण-परिवर्त्तनाय वधाय वा अप्रतीकारः सन्नहं स्वात्मानमेव हन्तुमिच्छामि, येन मया त्वं भावित उत्पादितोऽसि । त्वदुत्पादनेन त्वत्कृतानिष्टाचरणस्य पापो ममैवेति भावः ।

चिरकालेति । चिरकालाद् विद्यमानत्वेनेत्यर्थः । सदैव भगवदनुरागिणि प्रह्लादे सदैव हिरण्यकशिपोरमर्षः, किन्तु न सदैव न वा प्रारम्भकाले आत्मवधेच्छा, अपि तु चिरवर्षादनन्तरमेव । अत आत्मवधेच्छा नामर्षमात्रजन्या । इयम् आत्मवधेच्छा एव प्रथमा इति इदम्प्रथमा तस्या भाव इदम्प्रथमता प्रथमोत्पत्तिः । इदम्प्रथमकार्यम् आत्मवधेच्छा । इदम्प्रथमकारणं चपलता । प्राचीनचित्तवृत्तिः चिरकालात् स्थितोऽमर्षः । सद्यः प्राथम्येनोत्पन्नाया आत्मवधेच्छायाः कारणं सद्यः तत्पूर्वक्षणे समुत्पन्ना चपलतैव, न तु चिरकालात् स्थितोऽमर्ष इत्यत्र चपलताध्वनिरेव ।

बोलना, प्रहार करना, पीटना, वध करना और बाँधना—ये जहाँ अनुभाव हों, वह बिना सोचे-विचारे कार्य करना चपलता है ।

उदाहरण—हे अनिष्ट कार्य करने की प्रतिज्ञा वाला ! पिता की आज्ञा को उपेक्षित करने के कारण पापस्वरूप ! प्रह्लाद ! तू इस तरह निर्लज्ज होकर अपना मुँह मत दिखा । अब मैं आत्महत्या ही कर लेता हूँ (क्योंकि बहुत प्रयास से भी न तो तुझे सुधार सका और न ही मार सका), क्योंकि तुझे पैदा करने के कारणस्वरूप तेरा दुराचार मेरा ही अपराध है ।

यह भगवान् में (प्रह्लाद के) अनुराग को हटाने के उपाय को न देखने पर हिरण्यकशिपु की प्रह्लाद के प्रति उक्ति है । भगवान् के प्रति विद्यमान द्वेष के कारण समापतित भगवद्भक्त पुत्र के प्रति द्वेष यहाँ विभाव है और आत्महत्या की इच्छा तथा कठोर वचन अनुभाव है ।

न चामर्ष एवात्र व्यज्यत इति वाच्यम्, सदैव भगवदनुरागिणि प्रह्लादे हिरण्यकशिपोरमर्षस्य चिरकालसम्भृतत्वेनात्मवधेच्छाया इदम्प्रथमतानुपपत्तेः, इदम्प्रथमकार्यस्य चेदम्प्रथमकारणप्रयोज्यतया प्राचीनचित्तवृत्तिविलक्षणाया एव चपलताख्यचित्तवृत्तेः सिद्धेः। न चामर्षप्रकर्ष एवात्मवधेच्छादिकारणमभिव्यज्यतामिति वाच्यम्, प्रकर्षस्यापि स्वाभाविक-विलक्षणलक्षणताया आवश्यकतया तस्यैव चपलतापदार्थत्वात्।

नीचपुरुषेष्वाक्रोशनाऽधिक्षेप-व्याधि-ताडन-दारिद्र्येष्टविरह-परसम्पद्दर्शनादिभिः, उत्तमेषु त्ववज्ञादिभिर्जनिता विषयविद्वेषाख्या रोदन-दीर्घश्वास-दीनमुखतादिकारिणी चित्तवृत्तिर्निर्वेदः।

स्वाभाविकेति। स्वाभाविकाद् विलक्षणं लक्षणं यस्याः सा, तस्याः भावः। अमर्षस्य स्वभावः चिरकालिकः, स तु नात्मवधेच्छाजनकः, ततो विलक्षणमेवोत्कटामर्षस्तज्जनकः। उत्कटावस्था हि स्वाभाविकावस्थाविलक्षणा भवत्येव। उत्कटामर्ष एव चपलता वैलक्षण्यातिशयाद् भावान्तरमिति।

निर्वेदाख्यं भावं लक्षयति—**नीचेति**। आलम्बनभेदेन निर्वेदस्य द्वौ भेदौ—नीचपुरुषगत उत्तमपुरुषगतश्च। तत्र नीचेषु भर्त्सन-गालिप्रदान-रोगादिभिः, उत्तमपुरुषेषु अपमानादिभिः सांसारिकविषयाद् विरागरूपा चित्तवृत्तिर्निर्वेदो जायते। वस्तुतस्तु अवज्ञया उत्तमेष्वेव न नीचेषु, आक्रोश-ताडन-परसम्पद्दर्शनैर्नीचेष्वेव नोत्तमेषु

अमर्ष भाव ही यहाँ अभिव्यक्त हो रहा है, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि सतत भगवान् में अनुरागवाले प्रह्लाद में हिरण्यकशिपु का अमर्ष चिरकाल से विद्यमान रहने के कारण आत्मवधेच्छा का अभी-अभी प्राथमिकरूप से होना संगत नहीं होता है (यदि आत्मवधेच्छा अमर्ष से ही होती तो इससे पहले भी विद्यमान अमर्ष के द्वारा होती रहती, अभी ही क्यों हुई और इससे पहले क्यों नहीं हुई?)। पहले-पहल उत्पन्न कार्य का पहले-पहल समागत कारण से ही उत्पत्ति युक्त है, अतः चिरकाल से विद्यमान चित्तवृत्ति से विलक्षण ही एक चित्तवृत्ति, जो अभी-अभी हुई है, इसका कारण है और वही तो चपलता है।

यदि यह कहें कि उत्कट-अमर्ष ही आत्मवधेच्छा के कारण के रूप में ध्वनि बन रहा है तो ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि प्रकर्ष (उत्कृष्ट, अतिशय) अमर्ष भी स्वाभाविक (सामान्य) से विलक्षण है, ऐसा मानना तो आवश्यक ही है और वही अमर्ष-प्रकर्ष तो चपलता कहलाता है।

निर्वेद भाव दो प्रकार का है—नीचपुरुषगत एवं उत्तमपुरुषगत। नीच पुरुष में गाली-गलौज, तर्जन, रोग, मारपीट, दरिद्रता, विरह, दूसरों की उन्नति देखना आदि के कारण एवं उत्तम पुरुष में अपमान आदि के कारण से सांसारिक विषयों से

उदाहरणम्—

यदि लक्ष्मण ! सा मृगेक्षणा, न मदीक्षासरणिं समेष्यति ।
अमुना जडजीवितेन मे, जगता वा विफलेन किं फलम् ॥

नित्यानित्यवस्तुविवेकजन्यत्वाभावान्नायं रसपदव्यपदेशहेतुः ।

देवादिविषया रतिर्यथा—

निर्वेदो जायते, अधिक्षेप-व्याधि-दारिद्र्येष्टविरहादिभिस्तु उभयत्र उत्तमे रामचन्द्रे विरहेणैव निर्वेदस्यानुपदमेवोदाहृतत्वादिति । अनुभावास्तु उभयत्र रोदनादयः ।

उदाहरति—**यदीति** । सीताहरणापमानेन विरहेण वा रामस्येयमुक्तिः । हे लक्ष्मण ! सा मृगनयना सीता यदि मदीक्षासरणिं मन्नेत्रपथं न समेष्यति (तदा) मे मम अमुना दुरवस्थापन्नेन जडवज्जीवनेन, विफलेन निरर्थकेन, जगता संसारेण वा किं फलम् ? न किमपीत्यर्थः । अत्र फलशब्दस्य द्विरुपादानरूपस्य कथितपदत्वदोषस्य परिहाराय 'फलम्' इत्यस्य स्थाने 'भवेत्' इति पाठ्यम् । उत्तरवाक्ये 'तदा' इति आक्षेपलभ्यम् ।

ननु निर्वेदस्य स्थायिभावत्वादत्र शान्तरसध्वनिरेव कथं न प्रतीयत इति चेत् समाधत्ते—नित्यानित्येति । योऽसौ स्थायीभावो निर्वेदः स हि नित्यानित्यवस्तुविवेकजन्यः । भावरूपस्यास्य निर्वेदस्य तु आक्रोशादिजन्यत्वादुभयोर्वैषम्यम् ।

चतुस्त्रिंशं भावं रतिमुदाहरति—**यथेति** । रतिर्हि द्विविधा—स्त्रीपुरुषयोः परस्परानुरागात्मिका स्थायीभावस्वरूपा शृङ्गाररसाधारभूता प्रथमा, देवता-गुरु-मित्र-पुत्रादि-विषयक-प्रेमाख्यचित्तवृत्तिस्वरूपा व्यभिचारिभावात्मिका द्वितीया । पूर्वनिरूपि-

---

विरक्तिस्वरूप निर्वेद उत्पन्न होता है, जो रोना, लम्बी साँस, दीन मुँह होना आदि का कारण है । वस्तुतः गाली, मारपीट और परसम्पत्तिदर्शन से नीचों में ही और अवज्ञा से उत्तमों में ही तथा विरहादि से दोनों में निर्वेद देखा जाता है । अतएव उत्तम श्रीराम में विरह से निर्वेद का उदाहरण प्रस्तुत हो रहा है ।

